


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





10 टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा महाराष्ट्र के सीएम ...

मालदीव ने वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट को झूठा बताया ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 261 | नई दिल्ली, सोमवार, 06 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 79,005 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 24,668 |

# नितिन गडकरी के बयान का शिवसेना यूबीटी नेता ने किया समर्थन

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बयान ₹राजनीति में सत्तारूढ़ पार्टी की ओर भागते हैं लोग₹ का शिवसेना (यूबीटी) प्रवक्ता आनंद दुबे ने समर्थन किया है। करीब 50 सेकंड की वीडियो जारी कर उन्होंने कहा, ₹अगर वो कह रहे हैं कि सुचिता की राजनीति नहीं बल्कि कटुता की राजनीति हो रही है तो भाजपा को आत्म चिंतन करने की जरूरत है। क्योंकि, नितिन गडकरी छोटे नेता नहीं हैं वह प्रधानमंत्री स्तर के नेता हैं। अगर वह बार-बार किसी बात को दोहरा रहे हैं और राजनीति को साफ-सुथरा बताना चाह रहे हैं लेकिन वो कर नहीं पा रहे हैं तो यह भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की बहुत बड़ी विफलता है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं आरएसएस इसमें भूमिका निभाए और भाजपा को सुचिता का पाठ पढ़ाए। आने वाली पीढ़ियां भाजपा को शुभ चीजों के लिए याद करें। नितिन गडकरी की बातों से हम सभी लोग सहमत हैं। उल्लेखनीय है कि 4 जनवरी को पुणे में मराठा सेवा संघ की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था राजनीति को लेकर उनके विचार अच्छे नहीं हैं। क्योंकि, इसमें लोग सत्ता पक्ष की ओर भागते हैं। जैसे कि इसमें इस्तेमाल कर फेंकने की राजनीति की जाती है। मैं समझता हूं कि जो लोग सत्ता पक्ष पार्टी की ओर भागते हैं उन लोगों की विचारधारा कहां चली जाती है। एक कहानी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे पास एक दिन एक आदमी आया और बोला कि वह देश के लिए जान देना चाहता है। व्यक्ति का उस समय कारोबार ठप्प था। घर में उसकी पत्नी और बच्चे थे। मैंने उससे कहा कि पहले घर पर पत्नी और बच्चों का ख्याल रखो फिर देश का रखना। उन्होंने कहा कि वह शिवाजी महाराज को अपना आदर्श मानते हैं। अपने शासनकाल के दौरान उन्होंने सभी धर्मों के साथ हमेशा अच्छा व्यवहार किया।



## मोदी ने दिल्ली की जनता से की भाजपा को अवसर देने की अपील

# 'आप-दा' से कम नहीं दिल्ली की सरकार, भाजपा ही करेगी सपने साकार : पीएम मोदी

मोदी ने राजधानी के रोहिणी क्षेत्र में रविवार को पार्टी की ओर से आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं दिल्ली वासियों से एक विशेष आग्रह करना चाहता हूं। दिल्ली के उज्जवल भविष्य और आपके बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए मैं यहां आपसे प्रार्थना करने आया हूं कि आप भाजपा को एक अवसर प्रदान करें। दिल्ली में 70 सदस्य विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा जल्दी ही होने वाली है। भाजपा इस केंद्र शासित क्षेत्र में आम आदमी पार्टी (आप) को सत्ता से बेदखल करने के इरादे से प्रत्याशियों की अपनी पहली सूची जारी कर चुकी है।









प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली की जनता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अगले पांच साल के लिए सेवा का अवसर देने की अपील की है। श्री मोदी ने राजधानी के रोहिणी क्षेत्र में रविवार को पार्टी की ओर से आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं दिल्ली वासियों से एक विशेष आग्रह करना चाहता हूं। दिल्ली के उज्जवल भविष्य और आपके बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए मैं यहां आपसे प्रार्थना करने आया हूं कि आप भाजपा को एक अवसर प्रदान करें।

दिल्ली में 70 सदस्य विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा जल्दी ही होने वाली है। भाजपा इस केंद्र शासित क्षेत्र में आम आदमी पार्टी (आप) को सत्ता से बेदखल करने के इरादे से प्रत्याशियों की अपनी पहली सूची जारी कर चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस समय हम 2025 में हैं। वर्तमान शताब्दी के 25 साल पूरे हो चुके हैं। इस दौरान दिल्ली में दो या तीन नई पीढ़ियां जवान हो चुकी हैं। अब आने वाले 25 साल भारत के भविष्य के लिए, दिल्ली के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 साल भारत को विकसित राष्ट्र बनते हुए देखेंगे, हम उसके भागीदार होंगे।

यह समय भारत को आधुनिकता के नए दौर से गुजरते हुए देखेगा। श्री मोदी ने कहा कि देश की आगे की इस यात्रा में एक बड़ा पड़ाव जल्दी ही आने वाला है, जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। उन्होंने आप पर हमला करते हुए कहा कि यह आपदा लाने वाले झूठा आरोप लगाते हैं कि केंद्र की भाजपा सरकार उनको काम नहीं करने देती है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में भ्रष्टाचार कर रही है। उन्होंने तथाकथित शीश महल के नाम से चर्चित मुख्यमंत्री आवास के निर्माण में कथित घोटाले का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आप के भ्रष्टाचार का जीता जाता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में कोरोना में लोग ऑक्सीजन के लिए मार रहे थे तो, आप की सरकार भ्रष्टाचार से शीश महल बनवा रही थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग आज कह रहे हैं कि वे आप की आपदा नहीं सहेंगे और सरकार को बदल कर रहेंगे। प्रधानमंत्री ने आप पार्टी को दिल्लीवासियों की आपदा बताते हुए कहा कि जब से उन्होंने इन लोगों के के कारनामों पर से पर्दा हटाना शुरू किया तब से ये तिलमिलाये हुए हैं। उन्होंने कहा जब यह आपदा जाएगी, तभी दिल्ली में सुशासन शुरू होगा।

## मोदी ने नमो भारत ट्रेन का किया सफर, मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल प्रणाली से जुड़े





नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के साहिबाद स्टेशन से पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्टेश तक नमो-भारत ट्रेन की यात्रा की और इसके साथ ही नई विकसित की जा रही क्षेत्रीय रैपिड रेल-यात्री परिवहन प्रणाली दिल्ली में प्रवेश कर गयी है। साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर का 13 किलो मीटर कर रेपिड रेल खंड आज शाम पांच बजे से यात्रियो के लिए खुल जाएगा। मोदी ने साहिबाबाद स्टेशन पर डिजिटल भुगतान कर के नमो भारत ट्रेन का टिकट खरीद और स्टेशन में प्रवेश किया। उन्होंने दुल्हन की तरह सजे दोनों स्टेशनों का निरीक्षण किया और सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। यह रेल मार्ग अब न्यू अशोक नगर से दक्षिण मेरठ के 55 किलो मीटर की यात्रा के लिए चालू हो गया है। जून तक दिल्ली में सरायकाले खां तक का खंड भी यात्रा के लिए खुल जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए उपस्थित अधिकारियों ने इस अवसर पर रिजनल रैपिड रेल प्रणाली नमो भारत ट्रेन को चित्रत करने वाला एक स्मृति चिह्न चिह्न भेज टिया। उनके स्वागत के लिए रैपिड रेल के न्यू अशोक नगर स्टेशन पर बच्चों की एक टोली भी थी। एक बच्ची ने प्रधानमंत्री को विकास पर केंद्रित एक कविता की कुछ पंक्तियां सुनाई और उन्होंने उसे शाबाशी भी दी। श्री मोदी आज दिल्ली में एक सभा स्थल से दिल्ली में 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे हैं जिनमें दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय द्रुत-रेल परिवहन प्रणाली के दिल्ली से जोड़ने वाला एक खंड, दिल्ली मेट्रो रेल और आयुष क्षेत्र की परियोजनाएं शामिल हैं। क्षेत्रीय द्रुत रेल प्रणाली से दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा में आसानी होगी। प्रधानमंत्री पूर्वा करीब 11:15 बजे दिल्ली-मेरठ द्रुत क्षेत्रीय रेल-ट्रांजिट प्रणाली (आरआरटीएस) के साहिबाबाद स्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने वहां से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा भी की और 4600 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस 13 किलो मीटर के नमो भारत रेल-मार्ग खंड का उद्घाटन भी किया।

# भारत बना दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क वाला देश

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। भारत में मेट्रो रेल नेटवर्क का तेजी से विस्तार हो रहा है। अब देश में मेट्रो रेल नेटवर्क की कुल लंबाई बढ़कर 1000 किमी तक पहुंच गई है। इस बड़े नेटवर्क के साथ, भारत अब चीन और अमेरिका के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क वाला देश बन गया है।

**पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने दिल्ली के लोगों को दी थी पहली मेट्रो**

दिल्ली ने 2002 में अपनी मेट्रो यात्रा की शुरूआत की थी, जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने दिल्ली के लोगों को पहली मेट्रो दी और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली वासियों को नई मेट्रो परियोजनाओं और नमो भारत का उपहार दे रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में इसका परिवर्तन और विस्तार अभूतपूर्व रहा है, खासकर 2014 के बाद से।

**पिछले दशक में मेट्रो नेटवर्क में तीन गुना वृद्धि:** पिछले दशक में मेट्रो नेटवर्क में तीन गुना वृद्धि हुई है। मेट्रो नेटवर्क 2014 में केवल 248 किलोमीटर से बढ़कर अब 1000 किलोमीटर हो गया है। आज 11 राज्यों के 23 शहरों में मेट्रो रेल नेटवर्क है। 2014 में यह केवल 5 राज्यों और 5 शहरों में था। आज मेट्रो में प्रतिदिन एक करोड़ से ज्यादा लोग यात्रा करते हैं, जो 2014 के 28 लाख यात्रियों की तुलना में 2.5 गुना अधिक बढ़ोतरी है।

**मेट्रो ट्रेनें आज प्रतिदिन 2.75 लाख किलोमीटर की यात्रा करती हैं:** वहीं, मेट्रो ट्रेनें आज प्रतिदिन कुल 2.75 लाख किलोमीटर की यात्रा करती हैं, जो एक दशक पहले के रोजाना 86 हजार किलोमीटर का तीन गुना है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन के तहत, केंद्र सरकार लाखों नागरिकों के लिए यात्रा की सुविधा और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निर्बाध, किफायती और आधुनिक शहरी परिवहन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन परिवर्तनकारी



प्रयासों के तहत, पीएम मोदी रविवार को साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन की यात्रा करने वाले हैं।

**लाखों लोगों को अब हाई-स्पीड और आरामदायक यात्रा के विकल्प मिलेंगे**

पीएम मोदी की यह यात्रा दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे हिस्से के उद्घाटन का प्रतीक होगी। 4,600 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित यह कॉरिडोर दिल्ली और मेरठ के बीच क्षेत्रीय संपर्क को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा, जिससे लाखों लोगों को हाई-स्पीड और आरामदायक यात्रा के विकल्प मिलेंगे। नमो भारत कॉरिडोर के अलावा, पीएम मोदी जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच दिल्ली मेट्रो फेज-4 के 2.8 किलोमीटर लंबे हिस्से का उद्घाटन करेंगे। 1,200 करोड़ रुपये के निवेश के साथ, यह दिल्ली मेट्रो फेज-4 का पहला परिचालन खंड है। कृष्णा पार्क, विकासपुरी और जनकपुरी के कुछ हिस्सों सहित पश्चिमी दिल्ली के निवासियों को इसका फायदा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली मेट्रो फेज-4 के 26.5 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली सेक्शन की आधारशिला भी रखेंगे। 6,230 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाला यह नया कॉरिडोर दिल्ली के रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा। इसका उद्देश्य उत्तर-पश्चिमी दिल्ली और हरियाणा में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है, जिससे रोहिणी, बवाना, नरेला और कुंडली जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# नीतीश कुमार होश में नहीं वो निर्णय लेने लायक भी नहीं : तेजस्वी यादव

मोतिहारी। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निजी हमला किया है। उन्होंने एक बार फिर उनकी खराब सेहत का हवाला देते हुए सीएम पद छोड़ने की सलाह दी। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मोतिहारी पहुंचे तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यात्रा झूठ की यात्रा है। सीएम नीतीश कुमार हाईजैक हो चुके हैं। कुछ लोग दिल्ली में हैं और कुछ यहां पर हैं। अपने फायदे के लिए यहां पर सरकार चला रहे हैं। मुख्यमंत्री होश में नहीं है और वह निर्णय लेने लायक भी नहीं है। वह थक चुके हैं और रिटायर अधिकारियों के साथ मिलकर बिहार सरकार चला रहे हैं। आरजेडी में नीतीश कुमार की वापसी पर तेजस्वी यादव ने कहा कि कोई सवाल ही पैदा नहीं होता भाईसाहब. मीडिया वाले लगातार कहते रहते हैं कि नीतीश कुमार आएंगे। उन्हें एक जगह स्थित रहने दीजिए। लालू जी का अंदाज है, जब पत्रकार ने उनसे पूछा तो वह कह दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के लिए यातायात परामर्श जारी किया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रविवार दोपहर एक बजे तक के लिए राष्ट्रीय राजधानी के पूर्वी हिस्सों के लिए यातायात परामर्श जारी किया है। परामर्श के अनुसार वीवीआईपी दौरे के मद्देनजर पूर्वी दिल्ली की कुछ सड़कों पर भारी यातायात रहने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे दिल्ली खंड का उद्घाटन करेंगे। वह सुबह 11 बजे कॉरिडोर का उद्घाटन कर सकते हैं और फिर साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर जाएंगे। सुचारू यातायात सुनिश्चित करने और असुविधा से बचने के लिए, राष्ट्रीय राजमार्ग 9, राष्ट्रीय राजमार्ग 24, गाजीपुर रोड, न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन रोड, गाजीपुर नाला रोड, चिल्ला बॉर्डर से न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन और नोएडा लिंक रोड पर यातायात बंद रहेगा। पुलिस ने गाजीपुर रोड, न्यू आशोक नगर मेट्रो स्टेशन रोड और नोएडा लिंक रोड पर सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे के बीच यात्रा करने वालों को यात्रा में अधिक वक्त लगने के लिए तैयार रहने को कहा है।

## महत्वपूर्ण खबर



### काशी : कड़ाके की ठंड में भी भक्तों की अडिग आस्था

वाराणसी। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इन दिनों ठंड का सितम जारी है। साथ ही शीतलहर, गलन लोगों की मुश्किलों को और बढ़ाती नजर आ रही है। लेकिन महादेव की नगरी में बाबा के भक्तों की आस्था को यह सर्दी डिगा नहीं पा रही है। इस दौरान भक्त गंगा स्नान कर बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। ऐसे ही एक भक्त दीपक ने बताया कि काशी में बहुत अच्छी ठंड पड़ रही है। इसमें गंगा जी का बहुत अच्छा लुक आ रहा है। कोहरा है लेकिन हमारी आस्था और मजबूत हो रही है।

### अबूझमाड़ में मुठभेड़, मारे गए 4 माओवादी, एक जवान शहीद

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चार माओवादी मारेगए। वहीं एक सुरक्षाकर्मी शहीद हो गया। एक आधिकारिक बयान में ये जानकारी दी गई है। 4 जनवरी की शाम से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। सर्च ऑपरेशन के दौरान अब तक 4 वदीर्धारी नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। दक्षिण अबूझमाड़ के एक जंगल में शनिवार शाम को हुई मुठभेड़ में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक हेड कांस्टेबल सन्नू करम की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ तब शुरू हुई जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर थी। गोलीबारी बंद होने के बाद चार माओवादियों के शव बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने मौके से एक एके-47 राइफल और एक सेल्फ-लोडिंग राइफल (एसएलआर) सहित स्वचालित हथियार बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है। बता दें कि 22 नवंबर को भी छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली थी।

**शपथ** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल 'पद्म विभूषण' कल्याण सिंह की जयंती पर 2, मॉल एवेन्यू में आयोजित कार्यक्रम में उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि की।

# कल्याण सिंह की कार्यकुशलता, कर्मठता व प्रशासनिक क्षमता को हर किसी ने किया स्वीकार : सीएम योगी

प्रात : किरण/ एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल्याण सिंह जी भारत मां के महान सपूत, राष्ट्रभक्त व रामभक्त थे। 1932 में अलीगढ़ के एक छोटे से गांव में आज ही के दिन सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ था। बाल्यकाल से ही देश की आजादी की लड़ाई को देखने, स्वतंत्रता के बोध व भावी भारत के निर्माण में हमारी क्या भूमिका होगी, इन संस्कारों से ओतप्रोत बालक कल्याण सिंह ने उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामान्य शाखा से लेकर आगे के कार्यक्रमों के माध्यम से खुद को राष्ट्रभक्ति के सांचे में ढाला था। किसान, शिक्षक, 1977 में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, विधायक, सांसद, दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री व दो राज्यों के राज्यपाल के रूप में उनकी कार्यकुशलता, कर्मठता व प्रशासनिक क्षमता की दक्षता को हर किसी ने स्वीकार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल 'पद्म विभूषण' कल्याण सिंह की जयंती पर 2, मॉल एवेन्यू में आयोजित कार्यक्रम में उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि की। सीएम ने कहा कि उनकी स्मृतियों की जीवंतता बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार ने लखनऊ में अत्याधुनिक कैंसर इंस्टीट्यूट और बुलंदशहर के मेडिकल कॉलेज का नामकरण भी कल्याण सिंह जी के नाम पर रखा है। सत्ता के लिए लोग सिद्धांतों की तिलांजलि दे देते हैं। कुछ प्राप्त करने के लिए मूल्यों के साथ समझौता करते हैं, लेकिन कल्याण सिंह जैसे व्यक्तित्व ने मूल्यों व सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं किया। राम जन्मभूमि आंदोलन और उसके बाद भी प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देने, प्रशासनिक दक्षता को परिपूर्ण करने के लिए उनके द्वारा 1990 के दशक के प्रारंभ व उत्तरार्ध में जो प्रयास प्रारंभ किए गए थे, वह नए उत्तर प्रदेश का दर्शन कराते हैं। उन्होंने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ, लेकिन उत्तर प्रदेश के लोगों को पहली बार इसका अहसास तब हुआ, जब मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करके कल्याण सिंह जी ने शासन व्यवस्था को आगे बढ़ाया। उस समय भी उन्हें अस्थिर करने के लिए झुंड के झुंड अव्यवस्था फैलाने पर उतारू थे। उसकी परवाह किए बिना उन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए सरकार की तिलांजलि दी। उनकी दूरदर्शिता थी, जो सपना उन्होंने देखा, वह साकार हो गया। आज अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण कार्य पूरा हो गया तो उनकी आत्मा को भी असीम शांति प्राप्त हुई होगी।



सीएम योगी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के जिस एकात्म मानववाद को उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला में सीखा था, उसे धरातल पर भी उतारा। अन्नदाता किसानों के लिए घोषित योजनाएं हों, नकल विहीन परीक्षा के माध्यम से उत्तर प्रदेश के युवाओं के भविष्य को उज्जवल करने के लिए उनके द्वारा चलाया गया अभियान भी अनुकरणीय है। 21 अगस्त 2021 को वे भौतिक काया से हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनका मार्गदर्शन शासन-प्रशासन के लिए आज भी पाथेय बना है। यूपी में जब भी शुचिता की बात होती है, हर प्रदेशवासी श्रद्धा-सम्मान के साथ कल्याण सिंह का नाम लेता है। उनके द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान मजबूती के साथ सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करके आमजन के जीवन में परिवर्तन करते दिखाई देते हैं। जिस नए उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए उन्होंने अपना जीवन लगाया, उसके लिए हम सब मिलकर कार्य करें। राष्ट्रवाद व सुशासन का मंत्र ही नए भारत के निर्माण में उत्तर प्रदेश की भूमिका को रेखांकित कर पाएगा। सीएम ने कहा कि जिस बेसिक शिक्षा स्कूल के छात्र के रूप में कल्याण सिंह ने पढ़ाई और अध्यापक के रूप में कार्य किया होगा। उनके पौत्र आज उस विभाग के मंत्री के रूप में शिक्षा को नई दिशा दे रहे हैं। यही पूर्वजों की तपस्या और साधना का फल है। सही दिशा में किए गए प्रयास से परिणाम अवश्य आएंगे। 25 करोड़ जनता के जीवन में सुरक्षा व खुशहाली लाकर कल्याण सिंह के सपनों का उत्तर प्रदेश बढ़ाया जा सकता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

# सीएम धामी का अलग अंदाज : पत्नी-बच्चों संग मसूरी रोड पर की ट्रेकिंग, किया खूबसूरत वादियों का दीदार

**मसूरी, एजेंसी।** सीएम धामी शहंशाही आश्रम से पैदल ओल्ड राजपुर रोड होते हुए झड़ीपानी (मसूरी) पहुंचे। यहां उन्होंने चाय की चुस्की के साथ खूबसूरत वादियों का भी दीदार किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हमेशा अलग अंदाज में नजर आते हैं। रविवार को भी उनके अंदाज की खूब चर्चा हुई। सीएम सुबह पत्नी और बच्चों के साथ मसूरी रोड पर ट्रेकिंग के लिए निकले। इस दौरान लोग उन्हें देखकर हैरान रह गए।

सीएम धामी शहंशाही आश्रम से पैदल ओल्ड राजपुर रोड होते हुए झड़ीपानी (मसूरी) पहुंचे। यहां उन्होंने चाय की चुस्की के साथ खूबसूरत वादियों का भी दीदार किया। साथ में रूट पर दिखने वाली समस्याओं को लेकर भी अधिकारियों से बात की।

सीएम ने कहा कि यह ट्रेक न केवल साहसिक गतिविधियों का हिस्सा है, बल्कि इस यात्रा के दौरान प्रकृति की अद्भुत सुंदरता, शुद्ध हवा और शांत वातावरण का भी अनुभव



होता है। उत्तराखंड में इस तरह के अनेक ट्रेक विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। शीतकालीन यात्रा के दौरान भी राज्य में आने वाले पर्यटक व स्थानीय लोग भी ट्रेकिंग का आनंद ले सकते हैं। शीतकाल में बर्फ से ढके पहाड़, शीतल व शुद्ध हवा और मनमोहक दृश्य उत्तराखंड के प्राकृतिक सौंदर्य को और भी अद्वितीय बना देते हैं। साहसिक गतिविधियों के लिए भी उत्तराखंड आदर्श स्थल है, अब केवल ग्रीष्मकाल ही नहीं बल्कि शीतकाल में भी उत्तराखण्ड आपके स्वागत के लिए तैयार है।





## भाजपा प्रदेश के निकाय चुनावों में पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ेगी-अजेय

**ऋषिकेश, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश संगठन मंत्री अजेय ने कहा कि पार्टी प्रदेश के निकाय चुनाव में पिछले सभी जीत का रिकॉर्ड तोड़ेगी।

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के संगठन मत्री अजेय कुमार ने ऋषिकेश नगर निगम के मेयर मेयर व 40 वार्डों के प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन के मौके पर यह बातें कही। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसका कार्यकर्ता 24 घंटे चुनाव के लिए तैयार रहता है। उम्मीदवारों का चयन आम कार्यकर्ताओं की राय के बाद ही किया गया है। इस दौरान शहरी मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को हर घर कैंपेन कर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को प्रचारित करने का आवाहन किया। इस दौरान भाजपा मेयर पद के उम्मीदवार शम्भू पासवान और सभी 40 वार्डों के भाजपा उम्मीदवारों के लिए बड़े अंतर से जीत दर्ज कराने के लिये आवाहन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दस रैन बसरों में ठंड से बचने के लिए ठहर सकते हैं आठ सौ लोग

**हरिद्वार, एजेंसी।** जिलाधिकारी की ओर से आठ सौ लोगों के ठहरने के लिए रैन बसेरों की सूची और क्षमता के साथ ही मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं। ताकि, जरूरतमंद लोग शीत लहर और ठंड से बचने के लिए रैन बसेरों में ठहर सकें। जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने बताया कि अलनंदा घाट पर पुरुषों के लिए रैन बसेरा बनाया गया है। इसमें 40 लोग रात गुजार सकते हैं। रोड़ीबेलवाला सीसीआर में भी पुरुषों के लिए 42 यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। रोड़ीबेलवाला हाथी पुल के पास महिलाओं के लिए रैन बसेरा बना गया है, जिसमें 24 महिलाएं ठहर सकती हैं। रुड़की नगर निगम में 20-20 पुरुष और महिलाओं के लिए रैन बसेरे बनाए गए हैं। नगर पंचायत पिरान कलियर में 500 लोगों के ठहरने के लिए रैन बसेरा बनाया गया है। लंढौरा में 20, नगर पंचायत लक्सर में 30, नगर पालिका मंगलौर में चार और नगर पंचायत भगवानपुर में 100 लोगों के लिए रैन बसेरा बनाया गया है। जिलाधिकारी की ओर से इन रैन बसेरों में निशुल्क ठहरने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि यात्रियों के ठहरने के लिए समुचित व्यवस्था की जाए, लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, ताकि कोई भी रात में ठंड का शिकार नहीं हो सके।

### राष्ट्रीय सेवा योजना से मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा

**हरिद्वार, एजेंसी।** पन्ना लाल भल्ला इंटर कॉलेज का राजकीय प्राथमिक विद्यालय भूपतवाला में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के तीसरे दिन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों से नशामुक्ति, डिजिटल इंडिया और मतदाता जागरूकता अभियान को विशेष गति देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम अधिकारी त्रिलोक चंद्र ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से स्वयंसेवियों में उत्साह का संचार होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से बच्चों को हर क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर तनु जाटव, मिष्ठी बनर्जी, नितिन कुमार, रोहन धीमान, गौरव कुमार, आदित्य वैध, हर्ष कश्यप, कार्तिक, उज्जवल आदि मौजूद रहे। वहीं, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मायापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों की ओर से नशा मुक्त भारत बनाने के लिए रैली और नुक्कड़ नाटक किया। इस मौके पर विद्यालय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमरीश, आचार्य जगपाल, संतोष मलेथा, धीरज, अनुज, कैंप कमांडर स्वयंसेवी जय मजूमदार, अंशिका सक्सेना, गुंजन आदि मौजूद रहे।

### चोरी कर रहे नाबालिग ने मकान मालिक के हाथ में काटा

**रूड़की, एजेंसी।** निर्माणाधीन मकान में चोरी करते हुए मालिक ने एक नाबालिग को रंगेहाथ पकड़ लिया। भागने की कोशिश में नाबालिग ने मकान मालिक के हाथ में काट लिया। इसके बाद भी मकान मालिक ने उसे नहीं छोड़ा और शोर मचा दिया। साथ ही नाबालिग को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर नाबालिग को कोर्ट में पेश किया है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित साउथ सिविल लाइंस में इसरार के मकान का निर्माण कार्य कर रहा है। बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार देर शाम एक नाबालिग अंदर घुसकर सामान चोरी कर रहा था। इस बीच इसरार भी मौके पर पहुंच गए और उसे चोरी करते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। इस बीच नाबालिग ने भागने के लिए उनके हाथ में काट लिया। इस पर इसरार ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और नाबालिग को पकड़कर सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चोरी के सामान सहित पकड़कर कोतवाली ले आई। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र बिष्ट ने बताया कि तहरीर के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर लिया गया है। साथ ही नाबालिग को कोर्ट में पेश किया गया है।

### लॉटरी से बांटे गए पसंदीदा चुनाव चिह्न

**ऋषिकेश, एजेंसी।** नगर निकाय चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी केतली और वायुयान चुनाव चिह्न को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ऐसे में निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को लॉटरी का सहारा लेना पड़ा। नगर पालिका चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों को शुक्रवार के दिन चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। नगर पालिका के कई वार्डों में मनपसंद चुनाव चिह्न को लेकर उम्मीदवारों को लॉटरी पर निर्भर होना पड़ा। सबसे अधिक मारामारी केतली और वायुयान चुनाव चिह्न को लेकर हुई।

## कोहरे ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार, नौ को करना पड़ा रद्द

**रूड़की, एजेंसी।** ठंड बढ़ने के साथ कोहरा भी बढ़ गया है। कोहरे के कारण दृष्ट्या बेहद कम हो गई है। इससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हो रहा है। कोहरे की वजह से शनिवार को कई ट्रेनें देरी से पहुंचीं। वहीं नौ ट्रेनों को रद्द करना पड़ा। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्री रेलवे स्टेशन पर ठिठुरते हुए ट्रेनों का इंतजार करते रहे।

शनिवार को घना कोहरा छाने के चलते पुरी-योगनगरी ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 10 घंटे, बांद्रा मुंबई-हरिद्वार एक्सप्रेस व सूबेदारगंज-देहरादून एक्सप्रेस 6-6 घंटे, योगनगरी ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस, मदुरई-चंडीगढ़ सुपरफास्ट व अमृतसर-जयनगर, शहीद एक्सप्रेस 4-4 घंटे, कोटा-देहरादून नंदा देवी एसी सुपरफास्ट, ऋषिकेश-बाड़मेर एक्सप्रेस, मुरादाबाद-सहारनपुर मेमू एक्सप्रेस 3-3 घंटे, नई दिल्ली-देहरादून, शताब्दी एक्सप्रेस, बनारस-देहरादून जनता एक्सप्रेस, अहमदाबाद-योगनगरी ऋषिकेश योगा एक्सप्रेस, गोरखपुर-देहरादून राप्ती गंगा एक्सप्रेस, श्रीगंगानगर-ऋषिकेश इंटरसिटी एक्सप्रेस व अमृतसर-दरभंगा जननायक एक्सप्रेस 2-2 घंटे देरी से चली।

जबकि, अमृतसर-हावड़ा, मेल एक्सप्रेस, अमृतसर-हरिद्वार, जनशताब्दी एक्सप्रेस, देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस, हावड़ा-योगनगरी ऋषिकेश, दून एक्सप्रेस, फिरोजपुर कैंट-धनबाद, गंगा सतलुज एक्सप्रेस, प्रयागराज संगम-सहारनपुर, नौचंदी एक्सप्रेस, लखनऊ चारबाग-चंडीगढ़ सुपरफास्ट, जम्मूतवी-वाराणसी, बेगमपुरा एक्सप्रेस, भागलपुर-जम्मूतवी, अमरनाथ एक्सप्रेस, चंडीगढ़-लखनऊ, एक्सप्रेस व देहरादून-सहारनपुर पैसेंजर ट्रेन 1-1 घंटे लेट हुई। यात्री अनंतराम, बालेराम, सचिन कुमार, जया ने बताया कि ट्रेन पकड़ने के लिए पांच से छह घंटे इंतजार करना पड़ा है।

कोहरे के कारण हावड़ा-देहरादून उपासना एक्सप्रेस, जयनगर से अमृतसर, क्लोन स्पेशल एक्सप्रेस, जम्मूतवी-बरौनी, मौर्यध्वज एक्सप्रेस, न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर, क्लोन सुपरफास्ट एक्सप्रेस, श्री माता वैष्णो देवी कटरा-योगनगरी ऋषिकेश, हेमकुंड एक्सप्रेस, अमृतसर-लालकुंआ, लालकुंआ एक्सप्रेस, अमृतसर-देहरादून, देहरादून एक्सप्रेस, अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट व पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर, जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन रद्द करनी पड़ी।

## देहरादून में खिलाड़ियों को लग्जरी फील करवाएंगे आकर्षक मंडप, 28 जनवरी से राष्ट्रीय खेलों का होगा आगाज

**देहरादून, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों और अतिथियों को बेहतरीन अनुभव देने के लिए आयोजन स्थलों के नजदीक आकर्षक मंडपों का निर्माण किया जाएगा। खिलाड़ियों के लंच-डिनर, प्रदर्शनी, रेस्ट रूम आदि का इंतजाम अस्थायी रूप से इन मंडपों में किया जाएगा। इसके लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज में डेमो स्ट्रक्चर तैयार किए गए हैं।

राष्ट्रीय खेलों के लिए देशभर से उत्तराखंड आने वाले 16,000 से अधिक खिलाड़ी और अतिथि उत्तराखंड की संस्कृति, वेशभूषा, खान-पान आदि से रूबरू हो सकेंगे। आयोजन स्थलों पर प्रदर्शनी और खान-पान के लिए विभिन्न मंडप संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। जर्मन शैली के हेंगर हाफ राउंड स्ट्रक्चर, विख्यात पगोडा स्ट्रक्चर और हेक्सागोन गजेबो स्ट्रक्चर, पोर्टा केबिन, डबल स्टोरी एल्यूमीनियम स्ट्रक्चर और कंटेनर स्ट्रक्चर का डेमो डिस्प्ले स्पोर्ट्स कालेज में बनाया गया है।



खिलाड़ियों के लिए भोजन की व्यवस्था के लिए आठकोणीय गजेबो स्ट्रक्चर का डेमो तैयार किया गया है। वहीं, प्रदर्शनी के लिए एल्यूमीनियम और शीशे से निर्मित स्ट्रक्चर तैयार किया गया है। जरूरत के अनुसार, आयोजन स्थलों पर इन मंडप संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। उत्तराखंड में किसानों से सरकार ने की 3100 मीट्रिक टन मंडुवा की खरीद, धामी बोले- सकारात्मक परिणाम सामने आए खेल नदिशक प्रशांत आर्या ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों के दौरान खिलाड़ियों को बेहतरीन अनुभव देने के लिए आकर्षक मंडप संरचनाएं तैयार की जाएंगी। इनका डेमो डिस्प्ले स्पोर्ट्स कालेज में तैयार किया गया है। आयोजन स्थलों पर जरूरत के अनुसार स्ट्रक्चर तैयार किए जाएंगे। देशभर से आने वाले खिलाड़ी और अतिथि राष्ट्रीय खेलों के दौरान शानदार अनुभव लेकर जाएंगे।

आपको बता दें कि उत्तराखंड में 28 जनवरी से शुरू होने जा रहे राष्ट्रीय खेलों को लेकर काउंटडाउन शुरू हो गया है। इसको लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। बाहर से आने वाले खिलाड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है।

## सांसद ने प्रमुख सचिव से की बिंदुखत्ता को राजस्व गांव घोषित करने पर चर्चा

**लालकुआं, एजेंसी।** बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा दिलाए जाने की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर वन अधिकार समिति ने क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट को ज्ञापन सौंपा। इसमें वनाधिकार कानून (एफआरए) के तहत बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग की गई है। सांसद ने प्रमुख सचिव राजस्व सुरेंद्र नारायण पांडे से दूरभाष पर वार्ता कर जनभावनाओं के अनुरूप अधिसूचना जारी जारी करने की मांग की है।

सांसद ने कहा कि उन्होंने इस मामले को वर्ष 2019 में संसद में उठाया था। उन्होंने प्रमुख सचिव से कहा कि जिलास्तरीय समिति और डीएफओ की सहमति मिलने के बाद अब इस मुद्दे पर देरी करना अनुचित है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि एफआरए की धारा 6(6) के अनुसार डीएलसी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है इसलिए अधिसूचना जारी करने में कोई कानूनी अड़चन



नहीं है।

उन्होंने सचिव को यह भी बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री की घोषणा भी लंबित है। सांसद ने मौके से पत्र तैयार कर शासन को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा। साथ ही इसकी एक प्रति वन अधिकार समिति को भी सौंपी। वहां वन अधिकार समिति के अध्यक्ष अर्जुन नाथ, सचिव भुवन भट्ट, एडवोकेट बलवंत बिष्ट, गणेश कांडपाल, पूर्व सैनिक कैप्टन चंचल सिंह, प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, मोहन सिंह धामी, कमल जोशी, पूरन बोरा आदि शामिल रहे।

## सीएम धामी बोले- जमीनों की अंधाधुंध खरीद-फरोख्त करने वालों के लिए होगा भू-कानून

**देहरादून, एजेंसी।** निवेश से ही रोजगार के नए अवसर बनेंगे और राज्य आगे बढ़ेगा। उन्होंने दोहराया कि सरकार समान नागरिक संहिता का वादा भी पूरा करने जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीनों की अंधाधुंध खरीद-फरोख्त करने वालों के लिए सरकार भू-कानून ला रही है। भू-कानून आने से पहले ही प्रावधानों के उल्लंघन में 750 मामलों की जमीन सरकार में निहित की जा चुकी है। ये वो जमीनें थीं जिनको खरीदने के बाद दुरुपयोग किया जा रहा था।

मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि राज्य के हितधारकों (निवेशकों) को भू-कानून से राहत होगी। कहा कि राज्य के विकास के लिए निवेश जरूरी है। निवेश से ही रोजगार के नए अवसर बनेंगे और राज्य आगे बढ़ेगा। उन्होंने दोहराया कि सरकार समान नागरिक संहिता का वादा भी पूरा करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने यह बात सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में उत्तरांचल प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में संबोधन के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हितधारकों के सुझाव लेकर ही कदम आगे बढ़ा रही है।

भू-कानून के लिए हितधारकों से चर्चा और सुझाव लिए जा रहे हैं। जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी जनता से लगातार सुझाव प्राप्त कर रहे हैं। हम भू-कानून भी लागू करने की शुरुआत करने वाले हैं। पिछले वर्ष राज्य सरकार ने निवेशक सम्मेलन किया था। उस सम्मेलन में 3.54 लाख करोड़ के एमओयू हुए थे।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि भू-कानून उनके लिए लाया जा रहा है जिन्होंने जमीनों की अंधाधुंध खरीद-



फरोख्त की है। जमीनों का दुरुपयोग किया है, लैंड बैंक बनाया है। जिन्होंने जिस प्रयोजन के लिए जमीन खरीदी थी, उसके लिए उसका उपयोग नहीं किया।

जिन्होंने एमओयू किए हैं, हम उन्हें निवेश के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। निवेश आना भी जरूरी है। रोजगार का सृजन भी होना जरूरी है। हमें विकास की ओर भी बढ़ना है। सीएम ने कहा कि हमारे यहां जितने भी प्राकृतिक संसाधन है, उनका हमें सदुपयोग करना है, दोहन नहीं करना है।

## अलकनंदा नदी पर बन रहे पुल पर निर्माण कार्य के दौरान हादसा, ट्रॉली का तार टूटा, मजदूर की मौत

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** गौरीकुंड और बदरीनाथ राजमार्ग को लिंक करने के लिए अलकनंदा नदी पर बनाए जा रहे पुल पर काम के दौरान अचानक ट्राली का तार टूट गया।

रुद्रप्रयाग में शनिवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। गौरीकुंड और बदरीनाथ राजमार्ग को लिंक करने के लिए अलकनंदा नदी पर बनाए जा रहे पुल पर काम के दौरान



अचानक ट्राली का तार टूट गया। इस दौरान हादसे में एक मजदूर की हुई मौत। जबकि एक मजदूर घायल हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि चार मजदूरों को सुरक्षित निकाला गया।

## नए साल में होगी देहरादून की काया पलट, 100 वार्डों में होंगे 25 करोड़ के कार्य

**देहरादून, एजेंसी।** करीब एक वर्ष पूर्व से प्रस्तावित विकास कार्यों के नए वर्ष में धरातल पर उतरने की उम्मीद है। दून के सभी 100 वार्डों में करीब 25 करोड़ की लागत के कार्य लंबित हैं, जिन्हें आचार संहिता हटने के बाद नए बोर्ड के गठन के साथ ही शुरू किया जा सकता है।

कई माह से विकास कार्यों को लेकर प्रस्ताव फाइलों में ही रेंगते रहे। इसके अलावा कुछ नई योजनाओं पर भी नगर निगम कार्य शुरू कर सकेगा। जिसके लिए नए बोर्ड के गठन के बाद डीपीआर शासन को भेजी जाएंगीं।

नगर निगम के सभी 100 वार्डों में




सड़क, नाली, पुस्ते और पार्क निर्माण आदि के कार्य सालभर से प्रस्तावित थे। पहले सभी कार्यों के प्रस्तावों में डुप्लीकेसी की जांच के चलती रही। इसके बाद कार्यों के एस्टीमेट तैयार कर लिए गए। हालांकि, नगर निगम के पास पर्याप्त बजट न होने के कारण प्रस्तावों की दोबारा छंटनी करने का निर्णय लिया गया है।

फिलहाल बेहद जरूरी कार्यों को ही धरातल पर उतारने के लिए सभी 100 वार्डों में पांच करोड़ की लागत के कार्य स्वीकृत किए गए। इनमें प्रत्येक वार्ड में पांच-पांच लाख रुपये के कार्यों के प्रस्ताव फाइनल किए गए। अब इन कार्यों के वर्क आर्डर जारी करने की तैयारी थी, लेकिन तक तक आचार संहिता लागू हो गई और विकास कार्य ठंडे बस्ते में चले गए।

अब चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक यह कार्य शुरू नहीं किए जा सकते। हालांकि, एक माह के भीतर नए बोर्ड के गठित होने की उम्मीद है। जिसके साथ दोबारा नगर निगम सभी कार्यों को नए सिरे से कर सकेगा। ऐसे में अब पूर्व की भांति सभी वार्डों में पांच-पांच करोड़ रुपये के कार्य धरातल पर उतरने की उम्मीद है।

दून के सहस्त्रधारा रोड स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड के लीगेसी वेस्ट को निस्तारित कर यहां भव्य सिटी पार्क व एंटरटेनमेंट पार्क का निर्माण करने की योजना भी इस वर्ष धरातल पर उतर सकती है। इसके अलावा तपोवन में साइकिल ट्रैक का निर्माण किया जाएगा, इसकी डीपीआर भी आचार संहिता हटने के बाद तैयार कर शासन को भेज दी जाएगी।

# तीन साल से भारत में रह रहा था बांग्लादेशी, पुलिस ने मंगलापुरी से पकड़कर भेजा वापस

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। उपराज्यपाल के निर्देश पर दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ताजा मामले में दिल्ली पुलिस ने सत्यापन अभियान के दौरान एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया जो पिछले तीन साल से राष्ट्रीय राजधानी के दक्षिण पश्चिम जिले में अवैध रूप से रह रहा था। पुलिस ने उसे वापस बांग्लादेश भेज दिया है। पश्चिमी दिल्ली। पालम गांव थाना पुलिस ने मंगलापुरी इलाके में अभियान चलाकर अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा है। आरोपित तीन साल से भारत में रह रहा था। पुलिस को तलाशी के दौरान आरोपित के पास से बांग्लादेशी दस्तावेज भी मिले हैं।

आरोपित मोहम्मद शाहीदुल इस्लाम बांग्लादेश के बागोरा जिले का रहने वाला है। विदेशी पंजीकरण कार्यालय के माध्यम से आरोपित को उसके देश वापस भेज दिया गया है। दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र



चौधरी ने बताया कि दिल्ली में बांग्लादेशी नागरिकों सहित अन्य देशों से अवैध रूप से घुस आए लोगों की पहचान की जा रही है। भारतीय दस्तावेजों के बिना रहने वाले व्यक्तियों की पहचान करने, हिरासत में लेने और वापस लाने के प्रयास अब तेज कर दिए गए हैं। इसके लिए एक टीम भी बनाई गई है। पालम गांव के अधिकार क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंगलापुरी में कुछ लोग अवैध रूप से रह रहे हैं। इसके बाद तुरंत टीम ने इलाके में चेकिंग अभियान चलाया, जो लोग संदिग्ध लगे उनके पहचान संबंधी दस्तावेज मांगकर पूछताछ की गई। एक व्यक्ति जो बांग्लादेश से था जब उससे भारतीय दस्तावेज मांगे गए तो वह नहीं दिखा पाया। वह लगभग तीन साल पहले भारत आया था। तब से यहीं पर रह रहा था। उसके पास से बांग्लादेशी दस्तावेज भी मिले हैं।

आरोपित को पकड़कर आगे की कार्रवाई के लिए थाने लाया गया। पूछताछ के बाद उसे विदेशी पंजीकरण कार्यालय के माध्यम से वापस उसके देश भेज दिया गया है। दिल्ली में वर्षों से अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए चलाए गए अभियान के तहत दिल्ली पुलिस अब तक 16000 संदिग्धों से पूछताछ और उनके दस्तावेज की जांच कर चुकी है। इनमें 750 के पास बंगाल, असम, बिहार, झारखंड, दिल्ली और हरियाणा के आधार कार्ड और वोटर कार्ड मिले हैं।

जांच से लगभग साफ हो गया है कि ये बांग्लादेशी ही हैं। इनके दस्तावेज की जांच के लिए दिल्ली पुलिस ने यू आईडीआई से जानकारी मांगी है। डेढ़ माह में अब तक 75 बांग्लादेशियों को बांग्लादेश भेजा जा चुका है। सबसे अधिक बांग्लादेशी साउथ, साउथ ईस्ट और साउथ वेस्ट में पकड़े गए।

## संक्षिप्त खबरें

### पंडित संतोष मिश्रा जी को प्रदेश मीडिया प्रभारी के दायित्व पर किया गया नियुक्त



नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री विजय कृष्ण पाण्डेय जी के तरफ से, पंडित संतोष मिश्रा जी को प्रदेश मीडिया प्रभारी₹ के दायित्व पर नियुक्त किया जा रहा है। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जी के समस्त कार्यक्रमों को और दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी के सभी क्रियाकलापों को प्रदेश मीडिया प्रभारी जी न्यूज पेपर के माध्यम से डिजिटल मीडिया के माध्यम से दिल्ली प्रदेश के कोने कोने में पहुंचाएंगे। और तन मन धन से मजबूती के साथ समर्पित रहेंगे।

### दवाओं की कमी पर स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र

नई दिल्ली। दिल्ली के अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक और डिस्पेंसरियों में दवाओं की कमी को लेकर इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है। एसोसिएशन के प्रधान सचिव भूपेंद्र कुमार ने पत्र में दवाओं की कमी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने मंत्री से तुरंत इस पर विचार करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट को उनकी क्षमता के अनुसार जिम्मेदारी नहीं दी जाती है। फार्मासिस्टों को स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रक्रिया में प्रमुख जिम्मेदारी देकर दवाओं की कमी को कम किया जा सकता है। उन्होंने लिखा कि सरकार को इसके लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए।

### किराड़ी में कांग्रेस की बैठक आयोजित : सुरेन्द्र कुमार

नई दिल्ली। आगामी चुनाव की तैयारीयों के उपलक्ष्य में आज किराड़ी विधानसभा में कांग्रेस कार्यकताओं की एक मीटिंग रखी गई जिसमें सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने प्रण लिया की सभी इस चुनाव में जी जान से अपने प्रत्याशी के लिए काम करेंगे व उन्हें जिताकर किराड़ी में कांग्रेस का परचम लहराएंगे। उक्त जानकारी जैला कांग्रेस के अध्यक्ष पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार नें दी। सुरेन्द्र कुमार नें कहा दिल्ली की जनता कांग्रेस सरकार के विकास कार्यो को आज भी याद करती है और लोग आज फिर से शीला दीक्षित वाली दिल्ली चाहते हैं। सुरेन्द्र कुमार ने कहा लोग ब आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में अंतर को भली भांति समझ चुके है लोग अब इन दोनों पार्टियों के झांसे में नहीं आने वाली। सुरेन्द्र कुमार नें कहा आने वाला समय कांग्रेस का है।

### दिल्ली नगर निगम की हेरिटेज सेल ने हुमायूं के मकबरे पर सफल हेरिटेज वॉक का आयोजन किया

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की हेरिटेज वॉक सीरीज के तहत, एमसीडी की हेरिटेज सेल ने आज ऐतिहासिक हुमायूं के मकबरे पर हेरिटेज वॉक का आयोजन किया, जिसमें 40 से अधिक उत्साही प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान एमसीडी के अपर आयुक्त श्री अमित कुमार शर्मा और निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। एमसीडी ने पिछले महीने हेरिटेज वॉक सीरीज शुरू की थी और इसके तहत फिरोज शाह कोटला में सफरनामा मीनार-ए-जरीन और टाउन हॉल, चांदनी चौक में हेरिटेज वॉक का सफलतापूर्वक आयोजन किया था।

### निगम अपने सफाई कर्मचारियों को डीडीए द्वारा जारी फ़्लैट लेने के लिए करेगी प्रेरित

नईदिल्ली। दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त (डेम्स) श्री जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय में सफाई कर्मचारियों की यूनियन के साथ बैठक की गई। इस बैठक के दौरान सफाई कर्मचारियों की यूनियनों के पदाधिकारियों को दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा जारी योजन में एससी एसटी वर्ग को विशेष छूट पर फ्लैट के संबंध में अवगत कराया गया ताकि निगम के सफाई कर्मचारी इस योजना का लाभ उठा सके। अतिरिक्त आयुक्त श्री जितेन्द्र यादव ने बताया कि माननीय उपराज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार डीडीए द्वारा विभिन्न वर्गो के लिए विशेष छूट पर फ़्लैटों के आवंटन के लिए एक योजना जारी की गई है।

# रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी को लेकर दिया विवादित बयान, भड़की कांग्रेस

**बिधूड़ी के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रमेश बिधूड़ी के बयान को महिला विरोधी बताया। उन्होंने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए कहा, भाजपा घोर महिला विरोधी है। भाजपा के पूर्व सांसद और कालकाजी सीट से उनके प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी का प्रियंका गांधी के संदर्भ में दिया बयान शर्मनाक ही नहीं बल्कि उनकी औरतों के बारे में कुत्सित मानसिकता को दिखाता है। जिस आदमी ने सदन में अपने साथी सांसद को गंदी गालियां दी हों और इसकी कोई सजा ना मिली हो, उससे और क्या उम्मीद की जा सकती है? यही बीजेपी का असली चेहरा है।**

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की कालकाजी विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी को लेकर विवादित बयान दिया है। बिधूड़ी के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रमेश बिधूड़ी के बयान को महिला विरोधी बताया। उन्होंने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए कहा, भाजपा घोर महिला विरोधी है। भाजपा के पूर्व सांसद और कालकाजी सीट से उनके प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी का प्रियंका गांधी के संदर्भ में दिया बयान शर्मनाक ही नहीं बल्कि उनकी औरतों के बारे में कुत्सित मानसिकता को दिखाता है। जिस आदमी ने सदन में अपने साथी सांसद को गंदी



गालियां दी हों और इसकी कोई सजा ना मिली हो, उससे और क्या उम्मीद की जा सकती है ? यही बीजेपी का असली चेहरा है। सुप्रिया श्रीनेत ने आगे कहा, ₹क्या इस घटिया भाषा और सोच पर बीजेपी की महिला नेत्रियां, महिला विकास मंत्री, नड्डा जी या खुद प्रधानमंत्री मोदी कुछ बोलेंगे ? असल में यह महिला विरोधी घटिया भाषा और सोच के जनक तो खुद मोदी जी ही हैं। जब वो चुनावी सभाओं में मंगलसूत्र और मुजरा जैसे शब्द बोलते हैं तो उनके लोग और क्या ही बोलेंगे ? इस घटिया सोच के लिए न केवल रमेश बिधूड़ी बल्कि उनके शीर्ष नेतृत्व को माफी मांगनी चाहिए। प्रियंका गांधी वाड्रा को लेकर दिए विवादित बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि लालू ने वादा किया था बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसा बना दूंगा, लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, जैसे ओखला और संगम विहार की सड़कें बना दी हैं। वैसे ही कालकाजी में सारी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा।

# दिल्ली में लगातार तीसरे दिन भी छाया रहा कोहरा

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में लगातार तीसरे दिन भी सुबह कोहरा छाया रहा, जिसके कारण 51 रेलगाड़ियों के परिचालन में विलंब हुआ। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि तड़के चार बजे से साढ़े सात बजे के बीच पालम में दृश्यता शून्य थी। शनिवार को पालम में नौ घंटे तक दृश्यता शून्य रही।

सफदरजंग में सुबह साढ़े पांच बजे दृश्यता घटकर 0.50 मीटर रह गई। सुबह साढ़े सात बजे बहुत घने कोहरे के कारण पालम और सफदरजंग हवाई अड्डों पर सामान्य दृश्यता शून्य हो गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 372 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 95 प्रतिशत दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने दिन में घने से बहुत घना कोहरा रहने की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में देरी

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण रविवार को 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में विलंब हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि अब तक किसी भी उड़ान को न तो रद्द किया गया है और न ही मार्ग बदला गया है।

घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की वजह से पिछले तीन दिन से उड़ानों का संचालन प्रभावित हो रहा है। दिल्ली हवाई अड्डे पर अब भी दृश्यता कम है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) ने सुबह 8:45 बजे एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित विमानन कंपनी से संपर्क करें। अधिकारी ने कहा कि हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों के संचालन में विलंब हुआ है। डीआईएएल राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) का संचालन करता है। विमानन कंपनी इंडिगो ने देर रात 12:59 बजे एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण दिल्ली, अमृतसर, चंडीगढ़, कोलकाता और लखनऊ से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुई हैं।

# चुनाव के बाद गायब हो जायेगी आम आदमी पार्टी की घोषणाएं : मुकेश बंसल

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने पिछले कुछ दिनों में कई बड़े ऐलान किए हैं। इनमें महिलाओं के लिए 2100 रुपये महीना, संजीवनी योजना के तहत 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का फ्री इलाज, बुजुर्गो के लिए पेंशन स्कीम, 24 घंटे दिल्लीवासियों को साफ पानी और पुजारियों और ग्रंथियों के लिए सैलरी का ऐलान है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर की गई आम आदमी पार्टी के द्वारा इन बड़ी घोषणाओं पर बात करते हुए कर्दमपुरी वार्ड के निगम पार्षद मुकेश बंसल ने कहा कि यह सिर्फ चुनावी घोषणाएं हैं जो सिर्फ इसी उद्देश्य से की गई है कि इन झूठी घोषणाओं से आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता को मूर्ख बना सके और दिल्ली की जनता से आगामी विधानसभा चुनाव में वोट हासिल कर सके और चुनाव के बाद यही सभी घोषणाएं गायब हो जाएंगी और आम आदमी पार्टी फिर से अपने झूठ और भ्रष्टाचार के खेल में लग जाएगी। मुकेश बंसल ने कहा कि आम आदमी पार्टी यह सभी घोषणाएं इसलिए कर रही है ताकि इन घोषणाओं के सहारे आम आदमी पार्टी फिर से दिल्ली की सत्ता पर बैठ सके। मुकेश बंसल ने आगे कहा कि मैं आम आदमी पार्टी से यह सवाल करता हूं कि क्या पिछले 10 वर्षों में महिलाओं को 2100 रुपए महीना नहीं मिल सकते थे ? क्या पिछले 10 वर्षों में संजीवनी योजना के तहत 60 साल से अधिक उम्र के लोगों का मुफ्त इलाज नहीं हो सकता था ? क्या पिछले 10 वर्षों में पुजारी और ग्रंथियों के लिए सैलरी का ऐलान नहीं हो सकता था ? मुकेश बंसल ने कहा कि यह सभी घोषणाएं सिर्फ और सिर्फ आम आदमी पार्टी का चुनावी स्टंट है और कुछ नहीं। मुकेश बंसल ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी ने पिछले 10 वर्षों में तो कोई काम किया नहीं जिनके ऊपर आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता से वोट मांग सके तो इसलिए आम आदमी पार्टी जनता से वोट मांगने के लिए झूठी घोषणाओं का सहारा ले रही हैं। मुकेश बंसल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में आम आदमी पार्टी ने अपने कुकर्मों और कुशासन से दिल्ली को विनाश की तरफ धकेला है।

मुकेश बंसल ने कहा कि जिस अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने एक ईमानदार आदमी समझकर दिल्ली की सत्ता पर बैठाया था वो अरविंद केजरीवाल तो सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी, घोटालेबाज और धोखेबाज निकला। मुकेश बंसल ने आगे कहा कि पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की जनता पीड़ित रही, दिल्ली की जनता समस्याओं से जूझती रही, दिल्ली की जनता गंदे पानी की समस्या से परेशान रही, दिल्ली की जनता बढ़ते प्रदूषण से परेशान रही, दिल्ली की जनता सड़कों की जर्जर अवस्था से दुखी रही लेकिन पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की जनता के इस दर्द को आम आदमी पार्टी के किसी नेता ने नहीं सुना, पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी के नेताओं को ढूंढती रही अपनी समस्याओं को बताने के लिए लेकिन आम आदमी पार्टी के किसी नेता ने जनता के दर्द को समझने का प्रयास नहीं किया इसलिए दिल्ली की जनता ने अब पूरा मन बना लिया है कि जिस आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को इतना परेशान किया है अब उस आम आदमी पार्टी को उसके द्वारा किए गए कुकर्मों और कुशासन का परिणाम भुगतना ही पड़ेगा और अबकी बार दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी को दिल्ली की सत्ता से हटाकर ही रहेगी।

# बुराड़ी में निशुल्क नेत्र और मेडिकल जांच शिविर का आयोजन : आदेश भारद्वाज

**जांच शिविर में सहयोगकर्ता अरिहंत आई सेंटर की संचालक और वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ सपना जैन ने बताया कि शिविर में उम्र के साथ आई आंखों की कमजोरी के अलावा जांच में दृश्य तीक्ष्णता, आंखों के दबाव और ग्लूकोमा, मोतियाबिंद और रेटिना संबंधी समस्याओं जैसी सामान्य आंखों की स्थितियों की जांच शामिल थी। और वैसे भी आजकल आंखों के स्वास्थ्य के मामले में ह्लडिजिटल आई स्ट्रेनह्व या ह्लकंप्यूटर विजन सिंड्रोमह्व के रूप में जानी जाने वाली घटना तेजी से आम हो रही है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रही है। लक्षणों में सूखी आंखें, सिरदर्द, धुंधली दृष्टि और यहां तक कि गर्दन और कंधे का दर्द भी शामिल है, जो सभी स्क्रीन के लंबे समय तक संपर्क में रहने से उत्पन्न होते हैं। ऐसे मामलों की जांच कर हमने उचित दवाइयां और परामर्श भी मरीजों को दिया।**

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। बुराड़ी के मशहूर समाजसेवी आदेश भारद्वाज निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन करवाया जिसके तहत न सिर्फ आंखों की जांच बल्कि जरूरतमन्दो को दवाइयां और चश्मे भी वितरित किए गए। इस जांच शिविर में लगभग डेढ़ सौ से भी ज्यादा मरीजों ने सुविधा का लाभ उठाया। जांच शिविर में सहयोगकर्ता अरिहंत आई सेंटर की संचालक और वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ सपना जैन ने बताया कि शिविर में उम्र के साथ आई आंखों की कमजोरी के अलावा जांच में दृश्य तीक्ष्णता, आंखों के दबाव और ग्लूकोमा, मोतियाबिंद और रेटिना संबंधी समस्याओं जैसी सामान्य आंखों की स्थितियों की जांच शामिल थी। और वैसे भी आजकल आंखों के स्वास्थ्य के मामले में ₹डिजिटल आई स्ट्रेन₹ या ₹कंप्यूटर विजन सिंड्रोम₹ के रूप में जानी जाने वाली घटना तेजी



से आम हो रही है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रही है। लक्षणों में सूखी आंखें, सिरदर्द, धुंधली दृष्टि और यहां तक कि गर्दन और कंधे का दर्द भी शामिल है, जो सभी स्क्रीन के लंबे समय तक संपर्क में रहने से उत्पन्न होते हैं। ऐसे मामलों की जांच कर हमने उचित दवाइयां और परामर्श भी मरीजों को दिया। आदेश भारद्वाज ने उक्त शिविर का आयोजन अपने पौत्र आदिश भारद्वाज के जन्मदिन के मौके पर आयोजित किया। शिविर के आयोजनकर्ता आदेश भारद्वाज ने कहा कि हम पहले भी इस तरह के आयोजन करवाते रहे हैं। जिसमें रक्तदान शिविर, मेडिकल जांच शिविर और दूसरे अन्य आयोजन रहे हैं। मैं तो इसे बुजुर्गो का आशीर्वाद ही कहूंगा कि हमारे परिवार द्वारा इस तरह के आयोजनों की पहल की जाती रही है। असल में हम रोजमर्रा की जिंदगी में इतना व्यस्त हो जाते हैं कि अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना ही भूल जाते हैं। वहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जिनके पास जांच और इलाज के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है। ऐसे लोग ना चाहते हुए भी अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं। और वैसे भी आज के समय में आंखों की समस्या बहुत आम हो गई है, जो ना सिर्फ बुजुर्गो को बल्कि युवाओं को भी अपनी चपेट में ले चुकी है। और इस तरह के आयोजनों से कुछ लोगों का काम आसान हो जाता है और उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिल जाता है तो समाज के लिए इससे बड़ा सकारात्मक संदेश क्या हो सकता है।

# ना तो सब कटेगें और ना सब बचेगें, उसी राह पर चली भाजपा

नई दिल्ली। करीब एक पखवाड़े पहले हमने इसी कालम में जिक्र किया था कटेंगे तो बटेंगे। आ गया ना याद आपको हमने जिक्र किया था भाजपा अपने सात के सात सीटिंग विधायकों को ना तो काटने वाली और ना ही रिपीट करने वाली कुछ कटेगें तो कुछ बटेगें। जिसकी शुरूवात भारतीय जनता पार्टी नें जारी अपनी पहली सूची में कर दी है। इस सूची में जहां तीन बार के विशवास नगर के विधायक ओमप्रकाश शर्मा लगातार पांचवी बार टिकिट लेने में कामयाब रहे हैं तो रोहताश नगर के विधायक जितेन्द्र महाजन भी तमाम कयासों को धता बताते हुए टिकिट की हैट्रिक बनाने में कामयाब रहे। विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता का टिकिट तो पहले दिन से ही मिलना तय माना जा रहा था और वे ही इस प्रयास में लगे थे कि किसी भी सीटिंग विधायक का टिकिट नहीं कटे लेकिन ऐसा नहीं हो सका, पहली सूची में ही गांधी नगर से दो बार के जीते अनिल वाजपेयी की टिकिट को ग्रहण लग गया और उनके स्थान पर कांग्रेस से भाजपा में अपनी टीम के साथ शामिल हुए दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री अरविन्द्र सिंह लवली को प्रत्याशी बना दिया गया। घोंडा के विधायक अजय महावर भी पहले दिन से ही अपनी टिकिट को ले आश्वस्त थे वे भी अपनी विकिट बचाने में कामयाब हो गए।

इन सभी के पक्ष में केवल और केवल एक ही बात थी वह यह कि केजरीवाल की आंधी में भी ये शूरवीर साबित हुए थे और पार्टी की लाज बचाई थी। जहां तक अनिल वाजपेयी का सवाल है बदले समीकरणों के चलते ही उनके विकल्प के रूप में अरविन्द्र सिंह लवली को उतारा गया है। लेकिन करावल नगर से कई बार के विधायक मोहन सिंह बिष्ट तथा लक्ष्मी नगर से अभय वर्मा को ले अभी पार्टी असमंजस में है। यह चर्चा होनी भी स्वभाविक है यदि इन्हें रिपीट ही करना था तो पहली सूची में ही इनका नाम आ जाना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं होना कटेंगे तो बटेंगे की चर्चा को फिर गर्म कर गया।

**नजर** दिल्लीवालों के काम कराने के लिए हमने इनके सामने हाथ जोड़े, पैर पकड़े और इससे भी काम नहीं हुआ तो संघर्ष का रास्ता अपनाया : केजरीवाल

# केजरीवाल ने कहा, 'आप' के लिए दिल्ली का काम सर्वोपरि, आरआरटीएस और मेट्रो का केंद्र सरकार के साथ उद्घाटन, इसका उदाहरण

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार द्वारा मिलकर नई मेट्रो लाइन और आरआरटीएस का उद्घाटन करने के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ह्लआपह्व पर लड़ने का आरोप लगाने वालों को तगड़ा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी केवल दिल्ली के लोगों के लिए काम करती है। रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी और दिल्ली की सीएम आतिशी द्वारा संयुक्त रूप से रिठाला से कोंडली नई मेट्रो लाइन व साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक पहले आरआरटीएस स्ट्रेच का उद्घाटन और जनकपुरी वेस्ट से लेकर कृष्णा पार्क तक मेट्रो लाइन का शिलान्यास करना इस बात का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने हमारी पार्टी के शीर्ष नेताओं को जेल भेजा, हम पर अत्याचार किया, अगर हम इसे मुद्दा बनाते तो आज केंद्र और दिल्ली सरकार की आरआरटीएस और मेट्रो लाइन का उद्घाटन नहीं होता। इस दौरान वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज भी मौजूद रहे।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि रविवार को दिल्ली को एनसीआर से जोड़ने वाली आरआरटीएस की साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक के पहले चरण का उद्घाटन हुआ है, रिठाला से कोंडली नई मेट्रो लाइन का उद्घाटन हुआ और कृष्णा पार्क से जनकपुरी वेस्ट की नई मेट्रो लाइन का शिलान्यास किया गया है। मैं इन तीनों प्रोजेक्ट्स के लिए दिल्ली के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। इन प्रोजेक्ट्स का आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक साथ मिलकर दिल्ली सरकार और





केंद्र सरकार ने मिलकर उद्घाटन किया है। यह तीनों प्रोजेक्ट्स दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के जॉइंट वेंचर हैं। जो लोग यह आरोप लगाते हैं कि आम आदमी पार्टी लड़ती बहुत है, इन तीनों प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन उन लोगों को जवाब है कि आम आदमी पार्टी केवल और केवल दिल्ली के लोगों के लिए काम करती है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सत्येंद्र जैन हमारी पार्टी के सबसे शीर्ष के नेताओं को इन लोगों ने जेल भेज दिया। हमारे ऊपर और हमारी पार्टी पर इतने अत्याचार किए। हम लोगों को तंग और परेशान किया। हम सब लोग अगस्त-सितंबर में जेल से छूटकर आए हैं। लेकिन हमने अपने ऊपर हुए अत्याचार को मुद्दा नहीं बनाया। हम अगर अपने ऊपर हुए अत्याचार को दिल पर ले लेते तो आज इन तीनों प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन नहीं होता। अगर अपने ऊपर हुए अत्याचार को हम मुद्दा बना लेते, तो आज यह आरआरटीएस की लाइन नहीं बनती, आरआरटीएस का उद्घाटन नहीं होता। आज यह उद्घाटन केवल इसीलिए हुए क्योंकि जेल से निकलने के बाद हमने कहा कि कुछ भी हो जाए, हमारे ऊपर ये जितने मर्जी अत्याचार कर लें लेकिन किसी भी हालत में दिल्ली के काम नहीं रुकने चाहिए, दिल्ली मेट्रो नहीं रुकनी चाहिए, आरआरटीएस नहीं रुकना चाहिए। हमारा आम आदमी पार्टी की सरकार का पिछले दस साल का सफर यही दिखाता है कि हमने दिल्ली के कामों को, दिल्ली के लोगों के हितों को, दिल्ली के लोगों के विकास को बाकी सारी चीजों से ऊपर रखा है, अपने से और पार्टी से ऊपर रखा है कि उनके काम नहीं रुकना चाहिए। आज का यह जॉइंट वेंचर का उद्घाटन यह दिखाता है कि जब जब जरूरत पड़ी हमने इनके सामने हाथ जोड़े, इनके पैर पकड़े ताकि दिल्ली वालों के काम हों। जब किसी भी चीज से काम नहीं बना तब हमने कभी-कभी संघर्ष का रास्ता अख्तियार किया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब इन्होंने दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक की फाइल दो साल के लिए रोक दीं। जब इन्होंने दिल्ली के सीसीटीवी कैमरे की फाइल दो साल के रोक दी। तब हमने संघर्ष करके दिल्ली के सीसीटीवी कैमरे और मोहल्ला क्लीनिक की फाइल क्लियर करवाई। लेकिन आज का यह उद्घाटन इस बात का सबसे बड़ा प्रतीक है कि आम आदमी पार्टी दिल्ली के लोगों के काम करवाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। दिल्ली की जनता के काम नहीं रुकने देंगे।

# अरविंद केजरीवाल के वादे द्रौपदी की साड़ी की तरह: आकाश आनंद

प्रात : किरण/एजेंसी

नईदिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर बसपा भी सक्रिय होती हुई नजर आ रही है। रविवार को कोंडली विधानसभा क्षेत्र के आंबेडकर पार्क में बसपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। इसमें बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद पहुंचे। कार्यकर्ता सम्मेलन में उनके निशाने पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहे। कांग्रेस और भाजपा को उन्होंने एक ही सिक्के के दो पहलू बताया। जागरण संवाददाता ने आकाश से सवाल किया क्या इस बार बसवा दिल्ली में चुनाव लड़ेगी। इस सवाल को जवाब दिए बगैर, वह जरूरी काम से जाने की बात कहकर चल दिए। आकाश आनंद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के वादे द्रौपदी की साड़ी की तरह हैं। वह कभी पूरे नहीं होते हैं, खिंचते चले जाते हैं। 11 साल से आम आदमी पार्टी सत्ता में है, दिल्ली को पेरिस बनाना तो छोड़ो सड़कों के गड्ढे तक ठीक नहीं कर सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल डॉ. भीम राव आंबेडकर, संविधान व दलित विरोधी हैं। शिक्षा मॉडल के नाम पर जनता से सिर्फ धोखा किया जा रहा है, नौवीं कक्षा में अगर कोई बच्चा फेल हो जाता है तो उसे दोबारा से मौका नहीं मिलता है।

आकाश आनंद ने कहा कि कभी सरकार ने उन बच्चों के बारे में सोचा, मजबूरी में उन बच्चों को पत्राचार से पढ़ाई करनी पड़ती है। बच्चे अपनी मेहनत से अच्छे नंबर लाते हैं तो केजरीवाल सरकार अपनी वाह वाही करके पीठ थपथपाती है। भाजपा लोगों को मुफ्त में राशन दे रही है। वह लोगों को नाकाबिल बना रही है। मुफ्त शिक्षा देगी तो लोग अपने आप ही राशन खरीद लेंगे। आकाश आनंद ने कहा- 11 साल में अरविंद केजरीवाल ने कुछ नहीं किया। शिक्षा मॉडल के नाम पर लोगो को ठगा जा रहा है।

भाजपा मुफ्त राशन देकर समाज को नाकाबिल बना रही है। शिक्षा नहीं दे रही है। दिल्ली में टैंकर माफिया सक्रिय है। प्रधानमंत्री को पांच साल में अब याद आई है बहुजन समाज की। जब दिल्ली में चुनाव है। वो लोगों को फ्लैट दे रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### धर्म एवं आध्यात्म के बल पर राष्ट्र परम वैभव तक पहुंच सकता है : वीरेंद्र

फरीदाबाद। वनवासी रक्षा परिवार का संस्कार परिवार मिलन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। शर्मा ने अपने उद्बोधन में वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के सेवा कार्यो की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मुख्य वक्ता एवं वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के संगठन प्रभारी वीरेन्द्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि धर्म एवं आध्यात्म के बल पर राष्ट्र परम वैभव तक पहुंच सकता है। हमारी भारतीय संस्कृति विश्व कुटुंभ भाव वाली रही है। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत् वाली सोच के साथ हम सभी के भले के लिए कार्यरत रहते हैं। अंतोदय के विकास के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। वनवासियों के विकास के बिना राम राज की परिकल्पना संभव नहीं होगी। सेक्टर- 3 स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित संस्कार परिवार स्नेह मिलन कार्यक्रम में फरीदाबाद विभाग के बच्चों द्वारा देशभक्ति एवं भक्तिरस से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रीय मंत्री एवं दक्षिणी संभाग प्रमुख श्रीराम अग्रवाल ने बताया कि बनवासी रक्षा परिवार वंचितों के जीवन में जागरूकता लाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोडकर उन्हें भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से अवगत कराने में प्रयासरत है। मंच संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार शर्मा ने किया। ज़िला संयोजक सतीश ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मोबाइल टावर से चोरी के आरोप में कबाड़ी गिरफ्तार

फरीदाबाद। मोबाइल टावर चोरी मामले में अपराध शाखा ऊंचा गांव पुलिस ने कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस चौकी चांदपुर में कृष्णा ने गांव शहाजहांपुर में स्थित मोबाइल टावर से आरआरयू डिवाइज चोरी होन बारे शिकायत दी थी। जिस संबंध में थाना छांयसा में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने मनोज कुमार व प्रदूम को गिरफ्तार किया था। आरोपी मनोज को जेल भेज दिया गया तथा आरोपी प्रदूम को पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान प्रदूम से चोरी शुदा क्रक्र डिवाइस बरामद किया गया तथा वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल को भी बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी प्रदूम ने बतलाया कि सितम्बर 2024 में भी सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में एक मोबाइल टावर से आरआरयू डिवाइस चोरी किया था।

### चोरी की बाइक सहित वाहन चोर गिरफ्तार

फरीदाबाद। एवीटीएस क्राइम ब्रांच की टीम ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। चोर के पास से चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस द्वारा रविवार को जारी जानकारी के अनुसार जांच में सामने आया है कि आरोपी पर पूर्व में भी 3 वाहन चोरी और एक अवैध हथियार का मामला दर्ज है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार किए गए वाहन चोरी की पहचान आकाश निवासी संजय कॉलोनी ओखला फेज-2 दिल्ली के रूप में हुई है। बता दें कि पांच नवंबर को थाना सारन में न्यू जनता कालोनी निवासी गुलजार ने अपनी शिकायत में बताया कि 2 नवंबर को अपनी बाइक को घर के सामने खड़ा किया था। जब सुबह देखा तो बाइक वहां नहीं मिली। जिस शिकायत पर थाना सारन में मुकदमा दर्ज किया गया।

### फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में अवैध गेटों से परेशानी, प्रशासन ने जारी किए नोटिस

फरीदाबाद। फरीदाबाद के बल्लभगढ़ स्थित सेक्टर 2 में अवैध रूप से लगाए गए लोहे के गेट लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं। लोगों को अपने घर तक पहुंचने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। सेक्टर-2 के निवासी संतोष जैन ने इन गेटों को लेकर आरटीआई दाखिल की थी। इसका जवाब में सभी गेट अवैध पाए गए। आरटीआई में पता चला कि सेक्टर 2 में लगाए गए सभी गेट अवैध हैं। यहां तक कि 2023 में शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने इन गेटों को हटाने का आदेश दिया था। लेकिन गेट आज भी वहीं है जिससे लोगों को परेशान कर रहे हैं। संतोष जैन का कहना है कि जहां उनका घर है। उसके पास भी एक गेट लगा हुआ है, लेकिन वह बंद रहता है। जब इसे खोलने की बात की जाती है। आरडब्ल्यूए के लोग पैसे मांगते है। संतोष जैन ने इस मामले को सीएम विंडो पर इसकी शिकायत लगाई इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और 10 दिनों के भीतर गेट हटाने का आदेश दिया। नोटिस भी जारी किए गए, लेकिन गेट अब भी नहीं हटाए गए हैं।

# ओबीसी पार्टी सेब चुनाव चिन्ह के साथ सभी सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी ने दिल्ली के विधानसभा चुनाव के लिए मटियाला विधानसभा क्षेत्र से दिल्ली यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रभात कुमार यादव को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। ओबीसी पार्टी किसी भी उम्मीदवार से टिकट देने के नाम पर कोई भी पैसा नहीं लेगी और ना ही देगी कओबीसी, एससी, एसटी व माइनॉरिटी वर्ग से आने वाले जिस भी उम्मीदवार को आवेदन करना है वह संपर्क कर सकते हैं. राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी ने कहा कि उनकी पार्टी इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में 70 की 70 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, उनकी पार्टी तब तक चुनाव लड़ेगी, जब तक वह सता में नहीं आ जाती। चुनाव में स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों को ही मैदान में उतारेगे।**

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। ओबीसी पार्टी वन भारत सिटीजन पार्टी द्वारा आज आगामी विधानसभा के संदर्भ में एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव में सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी ने दिल्ली के विधानसभा चुनाव के लिए मटियाला विधानसभा क्षेत्र से दिल्ली यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रभात कुमार यादव को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। ओबीसी पार्टी किसी भी उम्मीदवार से टिकट देने के नाम पर कोई भी पैसा नहीं लेगी और ना ही देगी कओबीसी, एससी, एसटी व माइनॉरिटी वर्ग से आने वाले जिस भी उम्मीदवार को आवेदन करना है वह संपर्क कर सकते हैं. राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी ने कहा कि उनकी पार्टी इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में 70 की 70 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, उनकी पार्टी तब तक चुनाव लड़ेगी, जब तक वह सता में नहीं आ जाती। चुनाव में स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों को ही मैदान में उतारेगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव में आज तक किसी भी पार्टी ने ओबीसी, एससी, एसटी और माइनॉरिटी के हक अधिकार और आबादी के अनुसार उनकी भागीदारी को अपने प्रमुख एजेंडा में नहीं रखा है और न हीं उत्तर प्रदेश और बिहार से दिल्ली में बसे लोगों की सुख सुविधाओं के बारे में है बात किया है. काली शंकर यदुवंशी ने कहा कि ओबीसी पार्टी देश की ऐसी पहली पार्टी है, जो ओबीसी एससी, एसटी व माइनॉरिटी के हक अधिकारों के लिए निरंतर सड़क से लेकर न्यायलय तक लड़ने का काम कर रही है और दिल्ली में बसे उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के हक अधिकार की आवाज को बुलंद कर रही है. ओबीसी पार्टी दिल्ली के विधानसभा के चुनाव में सभी 70 सीटों पर केवल ओबीसी, एससी, एसटी व माइनॉरिटी समाज के लोगों को ही टिकट देगी। ओबीसी पार्टी के लिए राष्ट्र सर्वप्रथम है तथा सभी जाति धर्म का सम्मान करते हुए ओबीसी, एससी, एसटी व माइनॉरिटी के हक व अधिकार के लिए आवाज उठाती रहेगी।




हम ओबीसी, एससी, एसटी व माइनॉरिटी समाज के लोग दिल्ली में आज तक राज करने वाली सभी पार्टियों के झूठे वादों में नहीं आएंगे तथा अब हम अपने हक व अधिकार तथा प्रत्येक क्षेत्र में आबादी के अनुसार भागीदारी के लिए ओबीसी पार्टी को वोट देकर अपनी सरकार बनाकर अपने लिए खुद कानून बनाएंगें। पार्टी ने अपना विधानसभा चुनाव के लिए 28 सूत्रीय घोषणा पत्र जारी कर दिया है, जिसमें दिल्ली के चौमुखी विकास के साथ ओबीसी, एससी, एसटी व माइनॉरिटी को प्रमुखता दी गई है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर संजय जयसवाल व मटियाला विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी घोषित डॉ. प्रभात कुमार यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि अभी तक ओबीसी, एससी, एसटी और माइनॉरिटी समाज के लिए कोई विकल्प मौजूद नहीं था परंतु ओबीसी पार्टी एक मजबूत विकल्प के तौर पर लोगों के सामने आई है जो उनके सम्मान और हक अधिकार के लिए तथा दिल्ली के चौमुखी विकास के लिए संकल्पित और समर्पित है।

# शीशमहल पर केजरीवाल मांगें जनता से माफी : बिधूड़ी

प्रात : किरण/एजेंसी

नईदिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि शीशमहल की सच्चाई सामने आने के बाद अब अरविंद केजरीवाल के मुख से आम आदमी का नकाब उतर चुका है। उन्हें पूरे राष्ट्र से माफी मांगनी चाहिए कि उन्होंने अपने आपको आम आदमी कहकर जनता के साथ धोखा किया था और जनता क्या सजा देती है, यह जनता पर ही छोड़ देना चाहिए।

बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल एक नई तरह की राजनीति करने का दावा करते हुए राजनीति मे उतरे थे। उन्होंने सरकारी बंगला, गाड़ी और सुरक्षा आदि न लेने की कसम खाई थी लेकिन अपने रहने के लिए उन्होंने जिस तरह जनता के खून-पसीने की कमाई को उड़ाया और दिल्ली के खजाने को लुटाया, उसका कोई उदाहरण नहीं मिलता। बिधूड़ी ने कहा कि आप सरकार ने सीएजी रिपोर्ट को अब तक सार्वजनिक नहीं होने दिया और यह मामला दिल्ली हाई कोर्ट में विचाराधीन है लेकिन इस बारे में मीडिया में जो खबरें आई हैं, वे काफी चौंकाने वाली हैं। उन खबरों में कहा गया है कि शीशमहल की दीवारों पर मार्बल लगाने पर 20 लाख बताकर 66.89 लाख रुपए खर्च किए गए और



फ्लोर टाइल्स पर 5.5 लाख बताकर 14 लाख खर्च किए गए। जो बंगला 1397 वर्गमीटर में बनना था, उसे 1905 वर्ग मीटर में बनाया गया। यही नहीं, निर्माण के लिए 7.91 करोड़ की अनुमानित राशि बताई गई और 8.62 करोड़ में वर्क अवार्ड दिया गया लेकिन बंगले का निर्माण कार्य करीब चार गुना ज्यादा राशि 33.66 करोड़ में पूरा हुआ।

बिधूड़ी ने कहा कि न केवल दिल्ली की जनता के टैक्स की रकम को उस दौरान अय्याशी में उड़ाया गया जब दिल्ली कोरोना से जूझ रही थी, बल्कि इसकी कोई अनुमति तक नहीं ली गई। तमाम नियम-कायदों को ताक पर रखकर शीशमहल का निर्माण किया गया। बिधूड़ी ने कहा कि अगर केजरीवाल में रत्ती भर भी शर्म है तो उन्हें तुरंत अपने इस शर्मनाक आचरण के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए और मान लेना चाहिए कि उन्होंने जनता की आंखों में धूल झोंकी है।

# गुरुग्राम में 800 करोड़ से बनेंगे चार फ्लाईओवर व एलिवेटेड सड़क: राव नरबीर सिंह

**एनएच-48 से वाटिका चौक तक एलिवेटेड सड़क मार्ग व वाटिका चौक से घाटा चौक तक चार फ्लाईओवर का होगा निर्माण**

प्रात : किरण/एजेंसी

गुरुग्राम। उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में बेहतर कनेक्टिविटी व मजबूत सड़क नेटवर्क से गुरुग्राम के सुनहरे भविष्य की नींव रखी जाएगी। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में 800 करोड़ की लागत से गुरुग्राम जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 से वाटिका चौक तक एलिवेटेड सड़क मार्ग व वाटिका चौक से घाटा तक चार फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री शनिवार को यहां सेक्टर-49 स्थित वाटिका सिटी व सेक्टर-50 स्थित साउथ क्लोज में अपने धन्यवादी दौरे में उपस्थित नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा क्रियान्वित किए जाने वाले इस महत्वपूर्ण कार्य की डीपीआर तैयार की जा रही है। जल्द ही धरातल पर काम भी शुरू होगा। राव नरबीर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार संकल्प पत्र में सिर्फ बात नहीं करती बल्कि उसको पूरा भी करती है। कैबिनेट मंत्री ने जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई हर योजना का जमीनी स्तर पर क्रियानवन किया जाए। अधिकारी नागरिकों को हर सुविधा का लाभ पहुंचाएं। विकास कार्यों की योजनाओं को बनाते समय अधिकारी यह अवश्य ध्यान में रखें कि यह योजना जिन मानदंडों के आधार पर पूरी होनी है, वे सभी मानदंड संपूर्ण किए जाएं। निर्धारित समय में ही विकास कायोज्कों पूरा किया जाए, ताकि समय पर जनता को उनका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सरकार द्वारा लागू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न सेवाओं का लाभ देना उनकी प्राथमिकता है। अतिक्रमण मुक्त होंगी वाटिका चौक से घाटा तक की ग्रीन बेल्टकैबिनेट मंत्री ने साउथ क्लोज में कम्युनिटी सेंटर की मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि अगले दो महीने में यह कार्य शुरू हो जाएगा। इस दौरान वाटिका चौक से घाटा तक ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण की शिकायत पर उन्होंने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए आर एस भाट को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि 12 किलोमीटर के इस पूरे सड़क मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए 31 जनवरी की समय सीमा निधाज़्ति की गई है। राव नरबीर सिंह ने कहा प्रदेश सरकार निरंतर जनहित में अनेक महत्वपूर्ण फैसले ले रही हैं और वे यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक व्यक्ति को इनका लाभ मिले। इस अवसर पर एसडीएम बादशाहपुर अंकित चोकसे, सर्कल-2 के एसई मनोज यादव, डीटीपी (नोडल) आरएस भाट, वाटिका सिटी आरडब्ल्यूए प्रेजिडेंट श्वेता पॉल, सतबीर यादव, अभिषेक राणा, निवर्तमान निगम पार्षद कुलदीप यादव, राकेश यादव फाजिलपुर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।




# युवक के पेट और सीने में चाकू मारने वाला शख्स गिरफ्तार, एक अन्य आरोपी फरार

**आरोपित की पहचान फूल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस जांच में पता चला कि पीड़ित का फूल कुमार के दोस्त के साथ पुरानी दुश्मनी थी। जिसका बदला लेने के लिए उसने अपने दोस्त के साथ इस वारदात को अंजाम दिया है।**

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी थाना क्षेत्र में बीते दो जनवरी को युवक को चाकू मारकर घायल करने वाले एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। वहीं, फरार दूसरे आरोपित का पुलिस तलाश कर रही है। आरोपित की पहचान फूल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस जांच में पता चला कि पीड़ित का फूल कुमार के दोस्त के साथ पुरानी दुश्मनी थी। जिसका बदला लेने के लिए उसने अपने दोस्त के साथ इस वारदात को अंजाम दिया है।

उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि दो जनवरी की रात करीब 11:23 बजे जहांगीरपुरी क्षेत्र में एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पाया कि घायल युवक को कुछ लोग पास के ही बाबू जगजीवन राम अस्पताल लेकर गए हैं। पुलिस के अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि जहांगीरपुरी निवासी संदीप के सीने और पेट के ऊपरी हिस्से पर तीन बार चाकू मारे गए हैं। इसके बाद शख्स वहीं पर ढ़ेर हो गया। पुलिस को दिए बयान में पीड़ित ने बताया कि के ब्लॉक झुग्गी, जहांगीरपुरी निवासी नितेश ने दो जनवरी की रात अपनी स्कूटी से उन्हे जोरदार टक्कर मार दिया। इस बात को लेकर उनका झगड़ा



हो गया। इसी दौरान नितेश और उसके साथ मौजूद उसके दोस्त फूल कुमार ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। इससे पहले उनकी किसी बात को लेकर दुश्मनी चल रही है।

जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान होने के बाद आरोपितों को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की गई। टीम ने आरोपितों के कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी। इस दौरान टीम को जानकारी मिली कि एक आरोपित इलाके में ही छिपा हुआ है।

**पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को दबोचा:** इस गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर आरोपित को वारदात के 24 घंटे के अंदर पकड़ लिया। इससे पूछताछ कर फरार एक अन्य आरोपितों का पुलिस पता लगा रही है। आरोपितों के स्वजन व रिश्तेदारों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं, वारदात के बाद बदमाश के भागने की दिशा में भी पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# फरीदाबाद में महिला सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण/एजेंसी

फरीदाबाद। अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने सुल्फा तस्करी के मामले में पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से 5.380 किलोग्राम सुल्फा बरामद कर उसकी महिला साथी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि अपराध शाखा की टीम ने 24 दिसंबर को सेक्टर 37 पल्ला रोड नजदीक हनुमान मंदिर से आरोपी महेंद्र सिंह को काबू किया है जिससे मौके पर 724 ग्राम सुल्फा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में नशा तस्करी की धारा में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया था कि वह फरीदाबाद में सुल्फा को बचने के लिए लाया था। जिसको मामले में अधिक जानकारी के लिए पुलिस रिमांड पर लिया था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी ने आगरा से 5.380 किलोग्राम सुल्फा और बरामद कराया है। मामले में कार्यवाही करते हुए अपराध शाखा की टीम ने एक महिला आरोपी हंसो देवी वासी गांव खेल्ली आगरा को भी गिरफ्तार किया है।

# रेवड़ी-गज्जक की दुकान में भीषण आग, पिता-पुत्र झुलसे

प्रात : किरण/एजेंसी

गुरुग्राम। गुरुग्राम के ओल्ड रेलवे रोड पर स्थित रेवड़ी-गज्जक की दुकान में शनिवार रात करीब दो बजे लगी भीषण आग से सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पाकर दुकान संचालक पिता-पुत्र मौके पर पहुंचे। दुकान की ऊपरी मंजिल पर करीब 10 कारीगर सो रहे थे। दोनों पिता-पुत्र उन्हें जगाने के लिए जब ऊपर जाने लगे तो आग की चपेट में आ गए। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें दिल्ली सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि दुकान संचालक के पुत्र की हालत काफी गंभीर है। यहां ओल्ड रेलवे रोड पर रेवड़ी-गज्जक की काफी बड़ी दुकान थी। रोजाना की तरह शनिवार की रात को भी दुकान संचालक राजू व उसका बेटा दुकान बंद करके गए थे। रात को करीब दो बजे उनकी दुकान में आग लग गई।

आग लगने की सूचना पाकर दोनों पिता-पुत्र मौके पर पहुंचे। तब तक आग की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों भी पहुंच चुकी थी। साथ ही पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। आग फैलती ही जा रही थी। दुकान की ऊपरी मंजिल पर करीब 10 कारीगर सो रहे थे और दरवाजा बंद थे। उन्हें उठाने के लिए दुकान संचालक राजू व उसका बेटा ऊपर जाने लगे। इसी दौरान वे आग की चपेट में आ गए। इससे पहले कि वे अपने बचाव कर पाते, दोनों आग में बुरी तरह से झुलस गए। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया गया। राजू का बेटा काफी ज्यादा झुलस गया। आग का पता लगते ही ऊपर सो रहे कारीगर पड़ोस में छत पर कूदे और अपनी जान बचाई। दूसरी तरफ फायर ब्रिगेड के कर्मचारी भीषण आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे थे।

**घोषणाएं** उद्घाटन के दौरान एमसीडी और दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इसके साथ ही मंत्री इमरान हुसैन ने बल्लीमारान विधानसभा के सदर नाला रोड में बैरल डालने के कार्य का भी उद्घाटन किया।


# चुनाव के बाद गायब हो जायेगी आम आदमी पार्टी की घोषणाएं : मुकेश बंसल

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने पिछले कुछ दिनों में कई बड़े ऐलान किए हैं। इनमें महिलाओं के लिए 2100 रुपये महीना, संजीवनी योजना के तहत 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का फ्री इलाज, बुजुर्गों के लिए पेंशन स्कीम, 24 घंटे दिल्लीवासियों को साफ पानी और पुजारियों और ग्रंथियों के लिए सैलरी का ऐलान है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर की गई आम आदमी पार्टी के द्वारा इन बड़ी घोषणाओं पर बात करते हुए कर्दमपुरी वार्ड के निगम पार्षद मुकेश बंसल ने कहा कि यह सिर्फ चुनावी घोषणाएं हैं जो सिर्फ इसी उद्देश्य से की गई है कि इन झूठी घोषणाओं से आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता को मूर्ख बना सके और दिल्ली की जनता से आगामी विधानसभा चुनाव में वोट हासिल कर सके और चुनाव के बाद यही सभी घोषणाएं गायब हो जाएंगी और आम आदमी पार्टी फिर से अपने झूठ और भ्रष्टाचार के खेल में लग जाएगी।

मुकेश बंसल ने कहा कि आम आदमी पार्टी यह सभी घोषणाएं इसलिए कर रही है ताकि इन घोषणाओं के सहारे आम आदमी पार्टी फिर से दिल्ली की सत्ता पर बैठ सके। मुकेश बंसल ने आगे कहा कि मैं आम आदमी पार्टी से यह सवाल करता हूं कि क्या पिछले 10 वर्षों में महिलाओं को 2100 रुपए महीना नहीं मिल सकते थे ? क्या पिछले 10 वर्षों में संजीवनी योजना के तहत 60 साल से अधिक उम्र के लोगों का मुफ्त इलाज नहीं हो सकता था ? क्या पिछले 10 वर्षों में पुजारी और ग्रंथियों के लिए सैलरी का ऐलान नहीं हो सकता था ? मुकेश बंसल ने कहा कि यह सभी घोषणाएं सिर्फ और सिर्फ आम आदमी पार्टी का चुनावी स्टंट है और कुछ नहीं। मुकेश बंसल ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी ने पिछले 10 वर्षों में तो कोई काम किया नहीं जिनके ऊपर आम आदमी पार्टी दिल्ली की जनता से वोट मांग सके तो इसलिए आम आदमी पार्टी जनता से वोट मांगने के लिए झूठी घोषणाओं का सहारा ले रही हैं। मुकेश बंसल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में आम आदमी पार्टी ने अपने कुकर्मों और कुशासन से दिल्ली को विनाश की तरफ धकेला है।





मुकेश बंसल ने कहा कि जिस अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने एक ईमानदार आदमी समझकर दिल्ली की सत्ता पर बैठाया था वो अरविंद केजरीवाल तो सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी, घोटालेबाज और धोखेबाज निकला। मुकेश बंसल ने आगे कहा कि पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की जनता पीड़ित रही, दिल्ली की जनता समस्याओं से जूझती रही, दिल्ली की जनता गंदे पानी की समस्या से परेशान रही, दिल्ली की जनता बढ़ते प्रदूषण से परेशान रही, दिल्ली की जनता सड़कों की जर्जर अवस्था से दुखी रही लेकिन पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की जनता के इस दर्द को आम आदमी पार्टी के किसी नेता ने नहीं सुना, पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी के नेताओं को ढूंढती रही अपनी समस्याओं को बताने के लिए लेकिन आम आदमी पार्टी के किसी नेता ने जनता के दर्द को समझने का प्रयास नहीं किया इसलिए दिल्ली की जनता ने अब पूरा मन बना लिया है कि जिस आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को इतना परेशान किया है अब उस आम आदमी पार्टी को उसके द्वारा किए गए कुकर्मों और कुशासन का परिणाम भुगतना ही पड़ेगा और अबकी बार दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी को दिल्ली की सत्ता से हटाकर ही रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### फरीदाबाद में महिला सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने सुल्फा तस्करी के मामले में पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से 5.380 किलोग्राम सुल्फा बरामद कर उसकी महिला साथी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि अपराध शाखा की टीम ने 24 दिसंबर को सेक्टर 37 पल्ला रोड नजदीक हनुमान मंदिर से आरोपी महेंद्र सिंह को काबू किया है जिससे मौके पर 724 ग्राम सुल्फा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में नशा तस्करी की धारा में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया था कि वह फरीदाबाद में सुल्फा को बचने के लिए लाया था। जिसको मामले में अधिक जानकारी के लिए पुलिस रिमांड पर लिया था। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी ने आगरा से 5.380 किलोग्राम सुल्फा और बरामद कराया है। मामले में कार्रवाही करते हुए अपराध शाखा की टीम ने एक महिला आरोपी हंसो देवी वासी गांव खेल्ली आगरा को भी गिरफ्तार किया है। जिसको पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपी महेन्द्र को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### फरीदाबाद: चोरी की बाइक सहित वाहन चोर गिरफ्तार

फरीदाबाद । एवीटीएस क्राइम ब्रांच की टीम ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। चोर के पास से चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस द्वारा रविवार को जारी जानकारी के अनुसार जांच में सामने आया है कि आरोपी पर पूर्व में भी 3 वाहन चोरी और एक अवैध हथियार का मामला दर्ज है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार किए गए वाहन चोरी की पहचान आकाश निवासी संजय कॉलोनी ओखला फेज-2 दिल्ली के रूप में हुई है। बता दें कि पांच नवंबर को थाना सारन में न्यू जनता कालोनी निवासी गुलजार ने अपनी शिकायत में बताया कि 2 नवंबर को अपनी बाइक को घर के सामने खड़ा किया था। जब सुबह देखा तो बाइक वहां नहीं मिली। जिस शिकायत पर थाना सारन में मुकदमा दर्ज किया गया। अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने आगामी कार्रवाई करते हुए आरोपी आकाश को कोर्ट से पुलिस प्रोडक्शन पर लेकर, आरोपी आकाश से पूछताछ के बाद बाइक को बाटा थरमल पावर प्लांट के पास से बरामद किया है। पूछताछ में एक अन्य वाहन चोरी के मामले का भी खुलासा हुआ है। जिसमें आरोपी के साथी से चोरी की बाइक को बरामद किया जाएगा।

### शिविर में 50 बुजुर्गों का स्वास्थ्य की जांच

ग्रेटर नोएडा। दनकौर स्थित वृद्धाश्रम में रविवार को रेनु मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विजन हेल्थ फाउंडेशन का सहयोग रहा। शिविर में 50 बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया कि रक्तचाप, शुगर, हृदय गति और अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों को उपचार के साथ नियमित रूप से व्यायाम की सलाह दी। साथ ही बुजुर्गों को फल और अन्य सामग्री वितरित किए।

### सोने की चेन और मोबाइल फोन छीन ले गए बदमाश

नोएडा। अलग-अलग थाना क्षेत्र में बाइक और स्कूटी सवार बदमाशों ने झपटमारी की वारदातों को अंजाम दिया। थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में युवक से सोने की चेन और थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में युवक से से मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-22 स्थित गांव रघुनाथपुर में रहने वाले नीरज कुमार ने पुलिस को बताया कि वह एक जनवरी की रात करीब नौ बजे सेक्टर-22 में परचून की दुकान पर सामान लेने के लिए गए थे। दुकान पर खड़े होकर सामान खरीद रहे थे। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए और उनके गले से सोने की चेन झपट ली। पीड़ित के मुताबिक सोने की चेन करीब 15 ग्राम की थी और उसमें ओम लॉकेट भी था। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, थाना सेक्टर-63 क्षेत्र स्थित छिजारसी की कच्ची कॉलोनी निवासी संदीप कुमार ने बताया कि तीन जनवरी की रात करीब 11 बजे वह कंपनी से घर जा रहे थे। रास्ते में सफेद रंग की स्कूटी पर तीन लड़के आए और मोबाइल फोन छीनकर ले गए। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से बदमाशों की पहचान को खोजने का प्रयास कर रही है।

# गुरुग्राम में 800 करोड़ से बनेंगे चार फ्लाईओवर व एलिवेटेड सड़कः राव नरबीर सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



गुरुग्राम । उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में बेहतर कनेक्टिविटी व मजबूत सड़क नेटवर्क से गुरुग्राम के सुनहरे भविष्य की नींव रखी जाएगी। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में 800 करोड़ की लागत से गुरुग्राम जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 से वाटिका चौक तक एलिवेटेड सड़क मार्ग व वाटिका चौक से घाटा तक चार फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री शनिवार को यहां सेक्टर-49 स्थित वाटिका सिटी व सेक्टर-50 स्थित साउथ क्लोज में अपने धन्यवादी दौरे में उपस्थित नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा क्रियान्वित किए जाने वाले इस महत्वपूर्ण कार्य की डीपीआर तैयार की जा रही है। जल्द ही धरातल पर काम भी शुरू होगा। राव नरबीर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार संकल्प पत्र में सिर्फ बात नहीं करती बल्कि उसको पूरा भी करती है। कैबिनेट मंत्री ने जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई हर योजना का जमीनी स्तर पर क्रियानवन किया जाए। अधिकारी नागरिकों को हर सुविधा का लाभ पहुंचाएं। विकास कार्यों की योजनाओं को बनाते समय अधिकारी यह अवश्य ध्यान में रखें कि यह योजना जिन मानदंडों के आधार पर पूरी होनी है, वे सभी मानदंड संपूर्ण किए जाएं। निर्धारित समय में ही विकास कायोर्ज को पूरा किया जाए, ताकि समय पर जनता को उनका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सरकार द्वारा लागू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न सेवाओं का लाभ देना उनकी प्राथमिकता है। अतिक्रमण मुक्त होंगी वाटिका चौक से घाटा तक की ग्रीन बेल्टकैबिनेट मंत्री ने साउथ क्लोज में कम्युनिटी सेंटर की मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि अगले दो महीने में यह कार्य शुरू हो जाएगा। इस दौरान वाटिका चौक से घाटा तक ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण की शिकायत पर उन्होंने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए आर एस भाट को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि 12 किलोमीटर के इस पूरे सड़क मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए 31 जनवरी की समय सीमा निधाज्रित की गई है। राव नरबीर सिंह ने कहा प्रदेश सरकार निरंतर जनहित में अनेक महत्वपूर्ण फैसले ले रही हैं और वे यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक व्यक्ति को इनका लाभ मिले। इस अवसर पर एसडीएम बादशाहपुर अंकित चोकसे, सर्कल-2 के एसई मनोज यादव, डीटीपी (नोडल) आरएस भाट, वाटिका सिटी आरडब्ल्यूए प्रेजिडेंट श्वेता पॉल, सतबीर यादव, अभिषेक राणा, निवर्तमान निगम पार्षद कुलदीप यादव, राकेश यादव फाजिलपुर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# निजी बिल्डर की कार्यशैली को लेकर सख्त नजर आए खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर, दिए आदेश- जनता की समस्या दूर करें

प्रात : किरण संवाददाता



फरीदाबाद। हरियाणा सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने रविवार को अपने भतोला निवास पर आयोजित खुले दरबार में करीब दर्जन भर समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करते हुए जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आप लोग रोजमर्रा की शिकायतों का समाधान अपने स्तर पर करें नहीं तो कार्यवाही होगी। मंत्री राजेश नागर ने खुले दरबार में पहुंचे लोगों से कहा कि वह पहले की तरह आपकी सेवा में जुटे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आपकी सेवा करने के लिए मुझे ताकत दी है और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि कभी निराश नहीं होने दूंगा। खुले दरबार में सेक्टर 77 स्थित एक निजी बिल्डर द्वारा तैयार रिहायशी कॉलोनी के निवासियों ने खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर से बिल्डर की शिकायत की कि उसने मोटी राशि वसूलने के बावजूद उन्हें आजतक क्लब हाउस बनाकर नहीं दिया, इसलिए उससे उनकी राशि ब्याज के साथ वापिस करवाई जाए। इसके साथ ही बिल्डर ने रखरखाव शुल्क को मनमाने ढंग से डेढ़ गुना कर दिया है जो उनके साथ धोखा है और उनके लिए देना मुमकिन नहीं है। इस मामले में निवासी बिल्डर की मनमानी से तंग है, इसके लिए बिल्डर पर कार्यवाही की जाए और उन्हें इस लूट से बचाया जाए। इस पर मंत्री राजेश नागर ने बिल्डर को फोन कर सख्त रवैया अपनाया और उसे तुरन्त प्रभाव से मामले को सुलझाने के निर्देश दिए। जिस पर लोगों ने संतोष जताया।

एक अन्य मामले में जोगी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने समाज की धर्मशाला के लिए पंचायती जमीन दिलाने की गुजारिश की। अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय समाज सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी तेजपाल सिंह ने बताया कि उनका समाज हमेशा से भाजपा का समर्थन करता आ रहा है लेकिन अन्य समाजों के जैसे उनके पास एक भी धर्मशाला नहीं है जिससे उन्हें अपने सामाजिक कार्यक्रम करने में परेशानी होती है। मंत्री राजेश नागर ने उनके मांगपत्र पर जमीन मिलने की संभावना तलाशने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

इसके अलावा यहां बसंतपुर हनुमान मंदिर रोड पर हाइ मास्ट लाइट लगवाने, बागवाली गली, पुस्ता रोड, फूलसिंह कोठी वाला रोड, सी व डी ब्लॉक रोड, ग्रीन पावर रेसीडेंसी 75 में सड़क बनाने, पलवली में चौपाल की मांग, वजीरपुर से पलवली तक रोड बनाने आदि प्रमुख मांग शामिल रहीं। जिनमें से अधिकांश का या तो मौके पर ही निवारण कर दिया या फिजीबिलिटी रिपोर्ट बनाने के आदेश अधिकारियों को दे दिए। मंत्री राजेश नागर ने बताया कि मेरा पहला उद्देश्य लोगों की शिकायतों को दूर करना है। इसके साथ साथ हम मुख्यमंत्री नायब सैनी के आशीर्वाद से क्षेत्र में खूब विकास करवा रहे हैं जिससे लोगों का जीवन सुगम हो रहा है। इसके बाद भी मैं सभी के लिए सहज उपलब्ध हूं।

# फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में अवैध गेटों से परेशानी, प्रशासन ने जारी किए नोटिस

प्रात : किरण संवाददाता



फरीदाबाद। फरीदाबाद के बल्लभगढ़ स्थित सेक्टर 2 में अवैध रूप से लगाए गए लोहे के गेट लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं। लोगों को अपने घर तक पहुंचने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। सेक्टर-2 के निवासी संतोष जैन ने इन गेटों को लेकर आरटीआई दाखिल की थी। इसका जवाब में सभी गेट अवैध पाए गए। आरटीआई में पता चला कि सेक्टर 2 में लगाए गए सभी गेट अवैध हैं। यहां तक कि 2023 में शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने इन गेटों को हटाने का आदेश दिया था। लेकिन गेट आज भी वहीं है जिससे लोगों को परेशान कर रहे हैं। संतोष जैन का कहना है कि जहां उनका घर है। उसके पास भी एक गेट लगा हुआ है, लेकिन वह बंद रहता है। जब इसे खोलने की बात की जाती है। आरडब्ल्यूए के लोग पैसे मांगते है। संतोष जैन ने इस मामले को सीएम विंडो पर इसकी शिकायत लगाई इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और 10 दिनों के भीतर गेट हटाने का आदेश दिया। नोटिस भी जारी किए गए, लेकिन गेट अब भी नहीं हटाए गए हैं। संतोष जैन ने कहा गेट बंद होने से लोगों को कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर अपने घर तक पहुंचना पड़ रहा है। इमरजेंसी में भी परेशानी और ज्यादा बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन से अपील की है कि गेट जल्द से जल्द हटाए जाएं ताकि उनकी परेशानी खत्म हो। संतोष जैन ने कहा अगर गेट नहीं हटाए गए तो लोगों को यूं ही परेशान होना पड़ेगा।

# धर्म एवं आध्यात्म के बल पर राष्ट्र परम वैभव तक पहुंच सकता है : वीरेंद्र

- फरीदाबाद में वनवासी रक्षा परिवार का संस्कार परिवार मिलन समारोह संपन्न
- देशभक्ति एवं भक्तिरस से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने सभी को किया मंत्रमुग्ध



फरीदाबाद । वनवासी रक्षा परिवार का संस्कार परिवार मिलन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। शर्मा ने अपने उद्बोधन में वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मुख्य वक्ता एवं वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के संगठन प्रभारी वीरेन्द्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि धर्म एवं आध्यात्म के बल पर राष्ट्र परम वैभव तक पहुंच सकता है। हमारी भारतीय संस्कृति विश्व कुटुंभ भाव वाली रही है। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत वाली सोच के साथ हम सभी के भले के लिए कार्यरत रहते हैं। अंतोदय के विकास के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। वनवासियों के विकास के बिना राम राज की परिकल्पना संभव नहीं होगी। सेक्टर- 3 स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित संस्कार परिवार स्नेह मिलन कार्यक्रम में फरीदाबाद विभाग के बच्चों द्वारा देशभक्ति एवं भक्तिरस से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रीय मंत्री एवं दक्षिणी संभाग प्रमुख श्रीराम अग्रवाल ने बताया कि बनवासी रक्षा परिवार वंचितों के जीवन में जागरूकता लाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोडकर उन्हें भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से अवगत कराने में प्रयासरत है। मंच संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार शर्मा ने किया। ज़िला संयोजक सतीश ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बनवासी रक्षा परिवार का संस्कार परिवार मिलन समारोह में भगवान दास वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार शर्मा, महिपाल आर्य, दिनेश बंसवाल, गौरी दत्त, रघुराज सिंह, कुशलपाल, आरती चौधरी, सुनीता शर्मा, रेनू आर्य, दीक्षा वसिष्ठ, सौरभ वसिष्ठ, शिखा वशिष्ठ सहित शिक्षाविद, समाजसेवी, उद्योगपति एवं अन्य प्रबुद्धजन नागरिक उपस्थित रहे।

## गौर सौंदर्यम में फ्लैटों की रजिस्ट्री के लिए प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा । गौर सौंदर्यम सोसाइटी के निवासियों ने रविवार को बिल्डर की लापरवाही के खिलाफ प्रदर्शन किया। निवासियों ने अपने फ्लैट की लंबित रजिस्ट्री की समस्या को लेकर नाराजगी जाहिर की। लोगों का आरोप है कि करीब 250 घर खरीदार अपने फ्लैट की रजिस्ट्री के लिए दर-दर भटक रहे हैं। प्राधिकरण से मांग करने पर भी अब तक इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सोसाइटी के निवासी अनिल कुमार, संदीप गुप्ता और सौरव ने बताया कि परिसर में करीब 2,200 फ्लैट बने हुए हैं। इनमें ज्यादातर में लोग रहते हैं। बिल्डर ने शुरूआत में ज्यादातर फ्लैट की रजिस्ट्री कर दी थी, लेकिन बिल्डर प्रबंधन का किसानों से आपसी विवाद के चलते 450 फ्लैट की रजिस्ट्री रुक गई। यह कई वर्ष बाद 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले शुरू की गई। इस दौरान करीब 125 फ्लैट की रजिस्ट्री हुई, परंतु उसके बाद सभी लोगों की रजिस्ट्री की प्रक्रिया रूक गई। इसे दोबारा से शुरू नहीं किया जा रहा। ऐसे में लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निवासियों ने कहा कि हमें अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के लागू होने के बाद काफी उम्मीदें थीं, लेकिन इसके लागू होने के बावजूद समस्याएं बनी हुई है। सोसाइटी के निवासी रितेश ने बताया कि 2021 में अपने घर का कब्जा मिल गया था, लेकिन अब तक फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हुई। स्टांप शुल्क और बिल्डर को पूरी रकम का भुगतान कर दिया है, इसके बावजूद रजिस्ट्री के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। इसके अलावा प्राधिकरण बिना रजिस्ट्री हुए फ्लैट्स पर तीन हजार प्रति माह का जुमार्ना लगा रहा है। निवासियों का कहना है कि रजिस्ट्री में हो रही देरी बिल्डर और प्राधिकरण के बीच लंबित भुगतान मुद्दों के कारण है। लोग अब मुख्यमंत्री से अपील कर रहे हैं कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और उन्हें राहत प्रदान करें। घर खरीदारों ने कहा कि उनकी सभी वित्तीय जिम्मेदारियां पूरी करने के बावजूद, उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है, जिससे उन्हें गंभीर वित्तीय और मानसिक तनाव हो रहा है।

## पानी की पाइपलाइन फटने से पानी भरा



ग्रेटर नोएडा, । सूरजपुर साइड सी स्थित मिग्शन ग्रीन मेनशन सोसाइटी के एक टावर के रिसेप्शन की छत में पानी की पाइपलाइन फट गई। एक महीने में दूसरी बार इस स्थान पर पाइपलाइन लीकेज की समस्या हुई। लोगों ने बिल्डर पर सोसाइटी के रखरखाव में लापरवाही का आरोप लगाया है। सोसाइटी के निवासी सुजीत ने बताया कि परिसर के सी टावर में रविवार सुबह रिसेप्शन की छत में पानी की पाइपलाइन फट गई। इसके कारण तेजी के साथ पानी नीचे गिरने लगा और रिसेप्शन एरिया में भर गया। लोगों का आरोप है कि एक महीने पहले ही इसी स्थान पर पाइपलाइन की लीकेज की समस्या होने के कारण फॉल सीलिंग का बड़ा हिस्सा नीचे गिर गया था।

# फरीदाबाद : मोबाइल टावर से चोरी के आरोप में कबाड़ी गिरफ्तार



फरीदाबाद। मोबाइल टावर चोरी मामले में अपराध शाखा ऊंचा गांव पुलिस ने कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस चौकी चांदपुर में कृष्णा ने गांव शहाजहांपुर में स्थित मोबाइल टावर से आरआरयू डिवाइज चोरी होन बारे शिकायत दी थी। जिस संबंध में थाना छायंसा में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने मनोज कुमार व प्रदूम को गिरफ्तार किया था। आरोपी मनोज को जेल भेज दिया गया तथा आरोपी प्रदूम को पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान प्रदूम से चोरी शुदा क्रक्र डिवाइस बरामद किया गया तथा वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल को भी बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी प्रदूम ने बतलाया कि सितम्बर 2024 में भी सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में एक मोबाइल टावर से आरआरयू डिवाइस चोरी किया था। जिसको कबाडी साबिर को बेच दिया था। इसके अतिरिक्त उसने दिल्ली, गाजियाबाद व नोयडा में भी टावर से चोरी की थी। वह माल भी साबिर कबाडी को बेच दिया था। जिसपर अपराध शाखा की टीम ने प्रदूम की निशान देही पर कबाडी साबिर वासी शहजामाल गोंडा रोड़ जिला अलीगढ उत्तर प्रदेश हॉल मयूर विहार फेश 3 दिल्ली को गिरफ्तार किया है तथा साबिर से 6 आरआरयू डिवाइस व दस हजार नगद बरामद हुए। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियो को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# आरडब्ल्यूए की आम सभा में हंगामा



नोएडा । सेक्टर-71 स्थित साईं अपार्टमेंट में रविवार को आम सभा की बैठक में हंगामा हो गया। आरोप है कि लेखा-जोखा का जवाब देने से बचने के लिए आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बैठक छोड़कर चले गए। लोगों ने आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पर चुनाव नहीं कराने का भी आरोप लगाया। सोसाइटी में काफी समय से बाइलॉज के अनुसार आरडब्ल्यूए चुनाव और लेखा-जोखा प्रस्तुत करने की मांग की जा रही है। इसको लेकर रविवार को बैठक हुई। परंतु आरडब्ल्यूए पदाधिकारी दोनों में से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं कर सके। बैठक में वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत करने और चुनाव कराने की मांग को लेकर माहौल गरमा गया। सोसाइटी निवासी बृजेश गुर्जर और पुष्पेंद्र मालिक ने आरोप लगाया कि आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ने वार्षिक लेखा-जोखा देने से इंकार कर दिया। चुनाव कराने में भी असमर्थता जताई। उन्होंने बताया कि बैठक में लोगों के सवालों के जवाब देने के बजाए अध्यक्ष बैठक छोड़कर चले गए। किरणपाल सिंह चौहान और अभय भदौरिया ने बताया कि चुनाव से बचने के लिए अध्यक्ष रजिस्टर लेकर भी चले गए। उन्होंने बताया कि सोसाइटी में अध्यक्ष नहीं रहते हैं। इसके बावजूद सोसाइटी में अध्यक्ष पद पर कब्जा किया हुआ है। आरोप है कि सोसाइटी के 80 से 90 लोगों ने अध्यक्ष के खिलाफ रोष जताया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुशील यादव ने बताया कि नियमानुसार सभी कार्य कराए जा रहे हैं। 22 दिसंबर को 5 जनवरी को आमसभा की बैठक करने की घोषणा की थी। 23 दिसंबर को डिप्टी रजिस्ट्रार को पत्र लिखकर आरडब्ल्यूए चुनाव कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि बैठक में डिफॉल्टर जवाब मांग रहे थे। ऐसे लोगों को जवाब देना आरडब्ल्यूए की जिम्मेदारी नहीं है। उनका 5 फरवरी तक का कार्यकाल है।

# फरीदाबाद : मजदूर का बेटा सिंचाई विभाग में बना एसडीओ

## पूर्व कैबिनेट मंत्री बोले- योग्यता के आधार पर मिल रही नौकरी



फरीदाबाद। हरियाणा सरकार की बिना पर्ची-बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर दी जा रही नौकरियों का लाभ आमजन को मिल रहा है। फरीदाबाद के बल्लभगढ़ विधानसभा में स्थित आजाद नगर स्लम एरिया में रहने वाले राहुल का इरिगेशन विभाग में एसडीओ पद पर चयन हुआ है। पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक मूलचंद शर्मा ने मिठाई खिलाकर पूरे परिवार को बधाई दी है। गौरतलब है कि 30 दिसंबर को इरिगेशन विभाग में भर्ती का परिणाम जारी किया गया था। बल्लभगढ़ विधानसभा के आजाद नगर स्लम एरिया से एक मजदूर के बेटे का सिंचाई विभाग में एसडीओ के पद पर चयन हुआ है। आजाद नगर में किशोरी लाल 45 साल पहले राजस्थान से यहां आकर बसे थे और पत्थर टाइल लगाने का काम करते हैं। उनका बेटा राहुल ने आज एसडीओ के पद पर नौकरी पाई है, जिससे उन्हें बेहद खुशी है। उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक मूलचंद शर्मा के कार्यालय पहुंचकर उनके माध्यम से सरकार का धन्यवाद व्यक्त किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने भी खुशी जाहिर की और एसडीओ बने राहुल को मिठाई खिलाकर पूरे परिवार को शुभकामनाएं दी। पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस नीति को लेकर आए और आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इस नीति को बखूबी आगे बढ़ा रहे हैं। आज हरियाणा में योग्यता के आधार पर लोगों को नौकरियां मिलती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व की सरकारों में नौकरियों की बंदरबांट होती थी। लेकिन भाजपा जब से हरियाणा में आई है तब से युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी दी जा रही है। एसडीओ के पद पर सलेक्ट हुए राहुल ने फरीदाबाद के ही एक निजी कॉलेज से सिविल इंजीनियर की पढ़ाई की और 26 साल की उम्र में एसडीओ के पद पर सलेक्शन हुआ है। उनके परिवार में खुशी की लहर है।

# रेवड़ी-गज्जक की दुकान में भीषण आग, पिता-पुत्र झुलसे

## दुकान की ऊपरी मंजिल पर सो रहे श्रमिकों को उठाने जा रहे थे पिता-पुत्र

प्रात : किरण संवाददाता



गुरुग्राम। गुरुग्राम के ओल्ड रेलवे रोड पर स्थित रेवड़ी-गज्जक की दुकान में शनिवार रात करीब दो बजे लगी भीषण आग से सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पाकर दुकान संचालक पिता-पुत्र मौके पर पहुंचे। दुकान की ऊपरी मंजिल पर करीब 10 कारीगर सो रहे थे। दोनों पिता-पुत्र उन्हें जगाने के लिए जब ऊपर जाने लगे तो आग की चपेट में आ गए। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें दिल्ली सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि दुकान संचालक के पुत्र की हालत काफी गंभीर है। यहां ओल्ड रेलवे रोड पर रेवड़ी-गज्जक की काफी बड़ी दुकान थी। रोजाना की तरह शनिवार की रात को भी दुकान संचालक राजू व उसका बेटा दुकान बंद करके गए थे। रात को करीब दो बजे उनकी दुकान में आग लग गई। आग लगने की सूचना पाकर दोनों पिता-पुत्र मौके पर पहुंचे। तब तक आग की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाडि़यां भी पहुंच चुकी थी। साथ ही पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। आग फैलती ही जा रही थी। दुकान की ऊपरी मंजिल पर करीब 10 कारीगर सो रहे थे और दरवाजा बंद थे। उन्हें उठाने के लिए दुकान संचालक राजू व उसका बेटा ऊपर जाने लगे। इसी दौरान वे आग की चपेट में आ गए। इससे पहले कि वे अपने बचाव कर पाते, दोनों आग में बुरी तरह से झुलस गए। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया गया। राजू का बेटा काफी ज्यादा झुलस गया। आग का पता लगते ही ऊपर सो रहे कारीगर पड़ोस में छत पर कूदे और अपनी जान बचाई। दूसरी तरफ फायर ब्रिगेड के कर्मचारी भीषण आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी पूर्व पार्षद दलीप साहनी ने बताया कि वे एक जागरण से देर रात घर लौटे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि उनके घर के सामने सोनू रेवड़ी-गज्जक की दुकान में आग लगी हुई है। उन्होंने इसकी सूचना उन्हें दी। आसपास के दुकानदारों को भी बुला लिया गया, ताकि आग फैलने से पहले वे अपने सामान का बचाव कर सकें। गनीमत रही कि आग दूसरी दुकानों में नहीं फैली। करीब 10 फायर ब्रिगेड की गाडि़यां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली और कार में भिड़ंत से एक की मौत

रबूपुरा। झाझर-बुलंदशहर मार्ग पर शनिवार रात ट्रैक्टर-ट्रॉली और कार की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि महिलाओं समेत सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा कोहरे के चलते दृश्यता में कमी की वजह से हुआ। पुलिस के मुताबिक कोतवाली देहात, चांदपुर बुलंदशहर के गांव भैंसोली निवासी पांच लोग इको कार में सवार होकर शनिवार को दनकौर के गांव उस्मानपुर स्थित रिश्तेदारी में एक व्यक्ति की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त करने गए थे। इनमें महिलाएं भी थीं। सभी वहां से वापस बुलंदशहर लौट रहे थे। रात करीब आठ बजे झाझर-बुलंदशहर मार्ग पर चचूरा गांव के नजदीक सामने से आ रहे बेलगाम ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोगों को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर चीखपुकार मच गई। यह देखकर आरोपी चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने रबूपुरा पुलिस को इसकी सूचना दी और सभी घायलों को झाझर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान कार के चालक जीशान की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल नदीम, मदीना, सायरा, सायरा, परवीन, नाजरीन और समीर को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मृतक के पिता सदाकत खां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया।

# कल्याण सिंह की कार्यकुशलता, कर्मठता व प्रशासनिक क्षमता को हर किसी ने किया स्वीकार : सीएम योगी

प्रात : किरण संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल्याण सिंह जी भारत मां के महान सपूत, राष्ट्रभक्त व रामभक्त थे। 1932 में अलीगढ़ के एक छोटे से गांव में आज ही के दिन सामान्य किसान परिवार में उनका जन्म हुआ था। बाल्यकाल से ही देश की आजादी की लड़ाई को देखने, स्वतंत्रता के बोध व भावी भारत के निर्माण में हमारी क्या भूमिका होगी, इन संस्कारों से ओतप्रोत बालक कल्याण सिंह ने उस समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामान्य शाखा से लेकर आगे के कार्यक्रमों के माध्यम से खुद को राष्ट्रभक्ति के सांचे में ढाला था। किसान, शिक्षक, 1977 में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, विधायक, सांसद, दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री व दो राज्यों के राज्यपाल के रूप में उनकी कार्यकुशलता, कर्मठता व प्रशासनिक क्षमता की दक्षता को हर किसी ने स्वीकार किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल ह्यपद्म विभूषणह्न कल्याण सिंह की जयंती पर 2, मॉल एवेन्यू में आयोजित कार्यक्रम में उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि की। सीएम ने कहा कि उनकी स्मृतियों की जीवंतता बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार ने लखनऊ में अत्याधुनिक कैंसर इंस्टीट्यूट और बुलंदशहर के मेडिकल कॉलेज का नामकरण भी कल्याण सिंह जी के नाम पर रखा है। सत्ता के लिए लोग सिद्धांतों की तिलांजलि दे देते हैं। कुछ प्राप्त करने के लिए मूल्यों के साथ समझौता करते हैं, लेकिन कल्याण सिंह जैसे व्यक्तित्व ने मूल्यों व सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं किया। राम जन्मभूमि आंदोलन और उसके बाद भी प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देने, प्रशासनिक दक्षता को परिपूर्ण करने के लिए उनके द्वारा 1990 के दशक के प्रारंभ व उत्तरार्ध में जो प्रयास प्रारंभ किए गए थे, वह नए उत्तर प्रदेश का दर्शन कराते हैं।

उन्होंने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ, लेकिन उत्तर प्रदेश के लोगों को पहली बार इसका अहसास तब हुआ, जब मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करके कल्याण सिंह जी ने शासन व्यवस्था को आगे बढ़ाया। उस समय भी उन्हें अस्थिर करने के लिए झुंड के झुंड अव्यवस्था फैलाने पर उतारू थे। उसकी परवाह किए बिना उन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए सरकार की तिलांजलि दी। उनकी दूरदर्शिता थी, जो सपना उन्होंने देखा, वह साकार हो गया। आज अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण कार्य पूरा हो गया तो उनकी आत्मा को भी असीम शांति प्राप्त हुई होगी।

सीएम योगी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के जिस एकात्म मानववाद को उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला में सीखा था, उसे धरातल पर भी उतारा। अन्नदाता किसानों के लिए घोषित योजनाएं हों, नकल विहीन परीक्षा के माध्यम से उत्तर प्रदेश के युवाओं के भविष्य को उज्जवल करने के लिए उनके द्वारा चलाया गया अभियान भी अनुकरणीय है। 21 अगस्त 2021 को वे भौतिक काया से हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनका मार्गदर्शन शासन-प्रशासन के लिए आज भी पाथेय बना है। यूपी में जब भी शुचिता की बात होती है, हर प्रदेशवासी श्रद्धा-सम्मान के साथ कल्याण सिंह का नाम लेता है। उनके द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान मजबूती के साथ सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करके आमजन के जीवन में परिवर्तन करते दिखाई देते हैं। जिस नए उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिए उन्होंने अपना जीवन लगाया, उसके लिए हम सब मिलकर कार्य करें। राष्ट्रवाद व सुशासन का मंत्र ही नए भारत के निर्माण में उत्तर प्रदेश की भूमिका को रेखांकित कर पाएगा।

सीएम ने कहा कि जिस बेसिक शिक्षा स्कूल के छात्र के रूप में कल्याण सिंह ने पढ़ाई और अध्यापक के रूप में कार्य किया होगा। उनके पौत्र आज उस विभाग के मंत्री के रूप में शिक्षा को नई दिशा दे रहे हैं। यही पूर्वजों की तपस्या और साधना का फल है। सही दिशा में किए गए प्रयास से परिणाम अवश्य आएंगे। 25 करोड़ जनता के जीवन में सुरक्षा व खुशहाली लाकर कल्याण सिंह के सपनों का उत्तर प्रदेश बढ़ाया जा सकता है।

# कड़ाके की ठंड में भी भक्तों की अडिग आस्था

प्रात : किरण संवाददाता



वाराणसी। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इन दिनों ठंड का सितम जारी है। साथ ही शीतलहर, गलन लोगों की मुश्किलों को और बढ़ाती नजर आ रही है। लेकिन महादेव की नगरी में बाबा के भक्तों की आस्था को यह सर्दी डिगा नहीं पा रही है। इस दौरान भक्त गंगा स्नान कर बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

ऐसे ही एक भक्त दीपक ने बताया कि काशी में बहुत अच्छी ठंड पड़ रही है। इसमें गंगा जी का बहुत अच्छा लुक आ रहा है। कोहरा है लेकिन हमारी आस्था और मजबूत हो रही है। यहां का विहंगम दृश्य और भी अच्छा लग रहा है।

श्रद्धालु प्रिया सिंह का कहना है कि घाट में आकर उसे बहुत अच्छा लग रहा है। कोहरे में कुछ दिख नहीं रहा है। बच्चे इंजॉय कर रहे हैं। इस ठंड में भक्तों को आस्था काफी दिखाई दे रही है।

एक और भक्त ने बताया कि हम लोग को सुबह से ही घाटों में स्नान करने वालों की भीड़ देखने को मिल रही है। इनके सामने ठंड का कोई असर नहीं है। बच्चे के साथ बूढ़े भी गंगा में डुबकी लगाने के लिए बेताब दिखे। उनका मानना है कि बाबा की नगरी में आस्था के आगे सभी चीजें बौनी हो जाती हैं।

साल के पहले दिन से ही काशी विश्वनाथ मंदिर और घाटों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। काशी विश्वनाथ मंदिर नव्य-भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम का आलम यह था कि बाबा दरबार में पहुंचने वाले मार्गों पर भक्तों का रेला लग गया था। येलो व रेड जोन में लोगों को घंटों लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। तब जाकर उन्हें बाबा का दर्शन मिला। काल भैरव मंदिर काशी कोतवाल काल भैरव मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। विशेश्वरगंज मार्ग से लेकर मंदिर तक लंबी लाइन लगी थी।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक दो दिन पहले सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के कारण इन दिनों पर्वतीय क्षेत्रों में तापमान सामान्य है, लेकिन यूपी में जेट स्ट्रीम (जमीन से छह किमी ऊपर चल रहीं बफीर्ली हवा) के कारण सर्दी सितम ढा रही है। अब कुछ दिनों तक गलन लोगों को परेशान करेगी। पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिलेगा। इस वजह से एक-दो दिन में ठंड का असर भी बढ़ेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रीवेन्स कमेटी के सदस्य उमेश शर्मा सरपंच के नेतृत्व में केन्द्रीय राज्यमंत्री से मिले लोग

फरीदाबाद। ग्रीवेन्स कमेटी के सदस्य उमेश शर्मा सरपंच के नेतृत्व में आज टीटू कॉलोनी, धीरज नगर गिरदावर एनक्लेव व यमुना एंक्लेव के हजारों लोग केन्द्रीय राज्यमंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर से उनके सेक्टर-28 स्थित कार्यालय पर मिले। लोगों का नेतृत्व कर रहे उमेश शर्मा ने मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को एक मांगपत्र सौपा जिसमें मांग रखी गई कि बुढिया नाले पर रोड बनाया जाए जिससे एत्मादपुर शमशन घाट से लेकर तिलपत मवई वाले रोड तक लोगों को आने जाने में सुविधा होगी और साथ ही साथ समय की भी बचत होगी, और जहां पर लोहे का पुल था वहां पर एक छोटी पुलिया बनाई जाए। मंत्री जी ने लोगों का मांगपत्र लेने के बाद अशवासन दिया कि जल्दी ही इसका सर्वे कराके इसको बनवाया जाएगा। इस मौके पर धनंजय .अमित मिश्रा.राधेश्याम जी विजय मास्टर .पवन फौजी दिलीप यादव पंडित जी मंदिर वाले मोहन लाल मौर्य, मिंटो चौधरी, ए के घोष, पंकज मिश्रा, सुमित मिश्रा, अमित चौधरी, सैलेंदर कुमार, रविंदर कुमार, देव नरायन यादव, श्री कांत दास, सनोजकुमार, लाल चंद सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

### नगर निगम फरीदाबाद के सभी वार्डों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज : अधिकारी

फरीदाबाद। निर्वाचन आयोग, हरियाणा के निदेर्शानुसार नगर निगम, फरीदाबाद के सभी 46 वार्डों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज, सोमवार 6 जनवरी 2025 को सभी प्रकाशन स्थलों पर विधिवत रूप से कर दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची का अवलोकन सभी प्रकाशन स्थलों जैसे आयुक्त नगर निगम कार्यालय, उपायुक्त कार्यालय तथा पुनरीक्षण प्राधिकारी के कार्यालय तथा जिला प्रशासन की ध्ीुश्३ी (६६६. ां१ुी.ल्लू.ल्ल) पर किया जाएगा। यदि कोई भी व्यक्ति जिसका नाम अंतिम रूप से प्रकाशित वार्डवार मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वह वार्डवार मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने/हटाने/सुधारने के लिए आवेदन निर्धारित फार्म (क) व (ख) में कर सकता है। बशर्ते कि नगर निगम की वार्डवार मतदाता सूची में किसी नाम को जोड़ना/हटाना या सुधारना तभी किया जाएगा, जब दावेदार/आवेदक का नाम नगर निगम के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के पहले दिन तक विधान सभा मतदाता सूची के संबंधित भाग में मौजूद हो।

### चार मोबाइल टावर से उपकरण चोरी

नोएडा। फेज-2 थाना क्षेत्र स्थित मोबाइल फोन के चार टावरों से कीमती उपकरण चोरी हो गए। साइट का सर्वर डाउन होने पर कंपनी स्टाफ को चोरी का पता चला। कंपनी प्रतिनिधि ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस चोरों की पहचान और तलाश में जुटी है। सेक्टर-63 स्थित एसजी इनकाम कंपनी के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी मोबाइल फोन के टावरों की देखरेख करती है। सेक्टर-93 में हाईवे के पास ग्रीन बेल्ट में कंपनी का टावर लगा हुआ है। पांच दिसंबर को टावर को चेक करने पर पता चला कि चोरों ने टावर से 24 शैल बैटरी चोरी कर ली हैं। नौ दिसंबर को गांव याकूबपुर गली नंबर छह में उदयवीर की छत पर लगे टावर से चोर एक आरआरयू चोरी कर ले गए। 11 दिसंबर को चोर गांव

# महाकुंभ : श्रद्धालुओं के लिए रेलवे स्टेशन पर मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम की सुविधा

महाकुंभ नगर। महाकुंभ 2025 को ह्यस्वस्थ और सुरक्षित बनाने के डबल इंजन की सरकार के अभियान की सफलता की दिशा में प्रयागराज रेल मंडल ने जरूरी कदम उठाए हैं। प्रयागराज रेल मंडल ने महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे स्टेशनों पर मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं।

इन ऑब्जर्वेशन रूम में 24७7 विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। इससे किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। अधिक गंभीर स्थिति में एंबुलेंस की मदद से मरीज को संबंधित रेलवे या शहर के मेडिकल हॉस्पिटल में पहुंचाया जा सकेगा।

महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए रेलवे ने आपात स्थिति से निपटने और यात्रियों को जरूरी चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम बनाए है इस बारे में प्रयागराज रेल मंडल के चीफ पीआरओ शशिकांत ने बताया कि रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग, सूबेदारगंज, नैनी और छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन ऑब्जर्वेशन रूम में डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ 24 घंटे मौजूद रहेंगे, जो 8 घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी करेंगे। हर ऑब्जर्वेशन रूम के लिए 15 स्टाफ नर्स, 12 फार्मासिस्ट, 12 हॉस्पिटल अटेंडेंट और 15 हाउसकीपिंग असिस्टेंट नियुक्त किए गए हैं। रेलवे हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ड्यूटी के हिसाब से ऑब्जर्वेशन रूम में अपनी सेवाएं देंगे। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को त्वरित और उच्च गुणवत्ता युक्त उपचार प्रदान करने के लिए इन ऑब्जर्वेशन रूम में सभी जरूरी उपकरण और दवाइयां भी उपलब्ध रहेंगी। रेलवे के इन ऑब्जर्वेशन रूम में ईसीजी मशीन, डिफिब्रिलेटर, ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर, ग्लूकोमीटर जैसे प्राथमिक चिकित्सा के मेडिकल उपकरण मौजूद रहेंगे। सर्दी के मौसम, भीड़ और अधिक चलने से हार्ट पेशेंट, साइनस, डायबिटीज के पेशेंट को होने वाली समस्याओं का तत्काल प्राथमिक इलाज किया जा सकेगा। समस्या गंभीर होने की स्थिति में रेलवे या शहर के संबंधित मेडिकल हॉस्पिटल में पेशेंट को पहुंचाने के लिए एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध रहेगी। इसके लिए रेलवे प्रशासन ने शहर के सभी प्रमुख और रेलवे के हॉस्पिटल से समन्वय स्थापित किया है। प्रयागराज रेल मंडल ने महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को स्टेशन पर स्वास्थ्य की जरूरी सुविधाएं प्रदान करने के सभी जरूरी प्रयास किए हैं।

# बांदीपोरा में शहीद हुए जवान का देर रात गांव पहुंचेगा पार्थिव शरीर, परिजन बदहवास

कानपुर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार को सेना का ट्रक खाई में गिर गया था। इस हादसे में सेना के चार जवान शहीद हो गए थे। शहीद जवानों में उत्तर प्रदेश में कानपुर के निवासी पवन यादव भी शामिल थे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पवन यादव कानपुर में शिवराजपुर क्षेत्र के दुगार्पुर गांव के रहने वाले थे। सेना के जवान पवन यादव के शहीद होने की सूचना मिलते ही पत्नी समेत अन्य परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गांव के लोग भी शोक में डूब गए। आज रात शहीद जवान का पार्थिव शरीर उनके गांव पहुंचेगा। सोमवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

जवान के शहीद होने की सूचना मिलने पर आसपास के सभी समाजसेवी व जनप्रतिनिधि परिजनों का सांत्वना देने उनके घर पहुंच गए। जिला प्रशासन व पुलिस भी शहीद के परिवार को सांत्वना देने के लिए मौके पर मौजूद हैं।

पवन यादव जम्मू-कश्मीर में तैनात थे। इससे पहले वह प्रयागराज में तैनात थे। पवन की पत्नी सुषमा तथा उनके दो बच्चे तेजस और तनवी प्रयागराज में ही रहते हैं। पवन के दो भाई पारस और नीलेंद्र यादव हैं, जो परिवार समेत मां गोमती और पिता सतेंद्र के साथ गांव में ही रहते हैं।

बता दें कि शनिवार को बांदीपोरा जिले में एक सैन्य ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया था। इस हादसे में भारतीय सेना के चार जवानों की जान चली गई थी, जबकि तीन अन्य जवान घायल हो गए थे। हादसे के बाद स्थानीय निवासियों को मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। सूचना पर आपातकालीन सेवाएं तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल पहुंचाया गया था। पनव के अलावा शहीद जवानों में हवलदार हरि राम रेवर, लांस नायक जितेंद्र कुमार यादव और लांस नायक नीतीश कुमार भी शामिल थे। चिनार कॉर्प्स ने रविवार को सभी शहीद जवानों की श्रद्धांजलि अर्पित की।

बांदीपोरा में सेना का वाहन खराब मौसम और शून्य दृश्यता के कारण फिसल कर खाई में गिर गया था। हादसे में शुरूआत में दो जवानों की शहादत की खबर आई थी, जो बाद में बढ़कर चार हो। हादसा उस वक्त हुआ था, जब सेना का वाहन नियमित कार्य पर था। उसी दौरान फिसलन और दृश्यता में कमी के कारण चालक का वाहन पर से नियंत्रण खत्म हो गया और वाहन गहरी खाई में जा गिरा था।

# सुभासपा की मासिक बैठक दरियापुर मे सम्पन्न, संगठन मजबूती पर जोर

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक रविवार को ग्राम पंचायत दरियापुर में मोहम्मद यूनुस सैफी प्रधान के आवास पर संपन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह रहे। बैठक में बोलते हुए मंडल अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारीयों को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की नीति एवं रीतियों के बारे में बताया और कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षओमप्रकाश राजभर सड़क से लेकर सदन तक गरीब, कमजोर, वंचित, दलित, पिछड़ा अल्पसंख्यक समाज की लड़ाई लड़ने का काम कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी चाहती है कि देश में जब एक देश एक चुनाव की बात हो सकती है, तो एक देश एक शिक्षा की भी बात होनी चाहिए।सभी को समान शिक्षा अनिवार्य रूप से लागू होनी चाहिए।जिसके लिए सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर समय-समय पर प्रधानमंत्री से मिलकर अपनी इच्छा जाता चुके हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के प्रयासों से ही पंचायत राज विभाग में जीरो पॉवर्टी योजना को लागू किया गया है। जिसका उद्देश्य गरीब कमजोर वंचित व्यक्तियों को उनका हक अधिकार दिलाने का काम किया जा रहा है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक में मोहम्मद यूनुस सैफी प्रधान को मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह के द्वारा आज मंडल सचिव मनोनीत किया गया। इस दौरान पंडित राम अवतार शर्मा मंडल उपाध्यक्ष,ब्रह्मपाल सिंह, डॉक्टर चंद्रपाल सिंह, जितेंद्र सिंह राणा, चंद्रसेन खड़कवंशी, जसवीर सिंह, इस्लामुद्दीन इदरीसी, बाबूराम पाल, जगत सिंह, नरेंद्र सिंह राणा, मोहम्मद नाजिम, चंद्रपाल सिंह, रामगोपाल जाटव, पदम सिंह, अतिकुर रहमान, वकील अहमद, तौसीफ अहमद, मनीष कुमार, मनोज वर्मा, युसूफ मोहम्मद, उस्मान मनोज राणा आदि लोग मौजूद रहे।

## मिजार्पुर में किशोर ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर दादा-दादी की हत्या की, खुद को भी घायल किया

प्रात : किरण संवाददाता

मिजार्पुर। मिजार्पुर जिले में 14 वर्षीय एक किशोर ने कथित तौर पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर अपने दादा-दादी की हत्या कर दी और खुद को भी घायल कर लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार देर शाम राजगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के गांव तालर पहाड़ी की है जहां पीतांबर (85) और उनकी पत्नी हीरावती (80) पर उनके पोते ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिनंदन ने अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया, ह्यह्यआरोपी किशोर की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वह कुल्हाड़ी से खुद पर वार कर रहा था। दादा-दादी ने रोकने का प्रयास किया तो उसने उन पर भी प्रहार कर दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। इसके बाद उसने खुद को घायल कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि दंपति के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कोचिंग सेंटर पर पढ़ने गया कक्षा तीन का छात्र लापता

हसनपुर। कोचिंग सेंटर पर पढ़ने गया कक्षा तीन का छात्र लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं लग रहा है। पुलिस से छात्र की तलाश में मदद की गुहार लगाई गई है। नगर के मोहल्ला काला शहीद निवासी 9 वर्षीय आले नबी पुत्र नदीम गत 2 जनवरी को ई-रिक्शा में बैठकर अतरासी बस स्टैंड चौराहा के समीप स्थित कोचिंग सेंटर में पढ़ने के लिए घर से निकला था। छुट्टी होने के समय के बाद भी वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता सताने लगी। परिजनों ने कोचिंग सेंटर पर पता किया तो जानकारी हुई कि वह आज आया ही नहीं है। यह सुनकर परिजनों के पैरों तले की जमीन खिसक गई। उन्होंने तमाम रिश्तेदारियों और संभावित स्थानों पर आले नबी को तलाश किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। परिजनों ने शनिवार रात पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर देते हुए आले नबी की तलाश में मदद की गुहार लगाई है। बताया जा रहा है कि आले नबी कक्षा तीन का छात्र है। वह घर में इकलौता पुत्र है।

## गेहूं की फसल में यूरिया खाद की मांग बढ़ी

अमरोहा। किसान गेहूं की फसल में यूरिया खाद लगा रहे हैं। इसी के चलते एकाएक यूरिया खाद की मांग बढ़ गई है। किसान ठंड की परवाह किए बगैर यूरिया के लिए पैक्स व सेल प्वाइंटों पर हर रोज चक्कर काट रहे हैं। उधर विभागीय अफसरों का कहना है कि खाद की बढ़ती मांग को देखते हुए अतिरिक्त डिमांड शासन को भेजी गई है। जिले में 70 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल पर गेहूं की खेती की जा रही है। जिले में गेहूं की बुवाई का कार्य लगभग पूरा होने वाला है। गेहूं की अगेती फसल में अब यूरिया खाद की जरूरत है। किसान फसल में यूरिया खाद डाल रहे हैं। इसी के चलते एकाएक यूरिया खाद की मांग बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि जरूरत के हिसाब से समितियों से खाद नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना है कि सीजन के दौरान हर बार यही स्थिति रहती है, लेकिन सरकार इस ओर गंभीर नहीं है। किसानों का कहना है कि अफसर पर्याप्त खाद होने का ढिंढोरा पीट रही है, लेकिन स्थिति इसके विपरीत है। उन्हें हर बार खाद के लिए परेशान होना पड़ता है। इस समय गेहूं में पहली व दूसरी बार सिंचाई चल रही है। सिंचाई के साथ यूरिया की बेहद जरूरत है।

## नववर्ष की खुशी में बच्चों ने मनाया जश्न

हसनपुर। रविवार को नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी निर्मित अग्रवाल ने दोस्तों को अपने घर बुलाकर जश्न मनाते हुए नववर्ष का स्वागत किया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फिल्मी गीतों पर जमकर नृत्य किया। बच्चों ने एक-दूसरे को नए साल की बधाई दी। नए साल को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान हितांशी, हर्षिका, युवराज, भूमिजा, धिविजा, कान्हा, विराट, वरदान, माहिका, समृद्धि, राघव, अमोली, अनंत, नैना, तन्वी व शिवाय आदि बच्चे मौजूद रहे।

## बेदाग साबित हुए नईम मलिक. न्यायालय ने किया बाइज्जत बरी

प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा। आजाद समाज पार्टी( भीम आर्मी ) से जुड़े एड. नईम मलिक को न्यायालय ने उन पर चल रहे केस में बरी कर दिया। नईम मलिक ने बताया कि उन पर वर्ष 2019 में राजनीतिक षड्यंत्र के चलते दुराचार के प्रयास,पोक्सो जैसी गंभीर धाराओं में अभियोग दर्ज हुआ था। जिससे न सिर्फ उनका मान सम्मान बल्कि उनका राजनीतिक और व्यापारिक कैरियर भी दांव पर लग गया था लेकिन मैने हौंसला और हिम्मत नहीं हारी और अपने सम्मान की लड़ाई के लिए न्यायालय पर पूरी तरह भरोसा किये रखा।

बिजनौर न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने विशेष सत्र वाद संख्या 200/2019 धारा 354, 452, 376, 511 व 506 आईपीसी एवं धारा 7/8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम में दोष मुक्त कर दिया। एडवोकेट नईम मलिक ने सभी के सहयोग और उनकी मिली दुआओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस राजनीति के चलते उन पर ये खेल रचा गया था अब भी में उसी राजनीति को लेकर और गंभीर होकर जनता के लिये काम करूंगा। इसके साथ ही क्षेत्र के लोगों का सहयोग और प्यार यूं ही बना रहा तो उनकी मंशा अपने क्षेत्र का प्रतिनिधत्व करते हुए यहां के विकास कार्यों को जरूर पूर्ण करूंगा। वहीं उन्होंने बाबा साहब अम्बेडकर और सांसद चंद्र शेखर आजाद के सिद्धांतों को भी जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। उन्होंने माननीय न्यायलय और भारतीय संविधान का भी आभार व्यक्त किया है।

# मथुरा के इस्कॉन मंदिर का कर्मचारी चढ़ावे का धन लेकर फरार



मथुरा। मथुरा के वृंदावन कोतवाली क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) द्वारा संचालित श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में पिछले तीन साल से कार्यरत कर्मचारी चढ़ावे का धन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी ने एक साल से चढ़ावे की धनराशि का हिसाब नहीं दिया था और जब उससे हिसाब मांगा गया, तो वह फरार हो गया। ) की तहरीर पर शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

वृन्दावन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) रवि त्यागी के अनुसार इस्कॉन मंदिर के सीएफओ ने शिकायत में कहा कि यहां ह्यमेंबरशिपह्न विभाग में कार्यरत मुरलीधर दास को दानदाताओं द्वारा मंदिर में दान की जाने वाली राशि को बैंक में जमा करने के लिए रखा गया था जिसके लिए उसे 32 रसीद बुक सौंपी गई थीं। त्यागी ने बताया कि शिकायत में आरोप लगाया गया कि जब कई बार उन रसीदों का हिसाब देने के लिए उससे कहा गया तो पहले तो वह टालता रहा लेकिन पिछले दिनों जब सख्ती की गई तो वह अचानक मथुरा में अपने अस्थाई निवास से ही फरार हो गया। दास पर यह भी आरोप कि जब उसे फोन कर रसीद बुक और चढ़ावे की राशि वापस करने को कहा गया तो उसने जान से मारने की धमकी तक दी। वृन्दावन पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस्कॉन के जनसंपर्क अधिकारी रवि लोचन दास ने बताया कि पुलिस ने उसके करीबी लोगों से जानकारी प्राप्त कर उसके सभी संभावित ठिकानों पर छापेमारी की है, परंतु अभी उसका सुराग नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि इस घटना से चार साल पहले भी एक कर्मचारी ने एक करोड़ से अधिक का घपला किया था।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के लिए किया प्रेरित




प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा। बिड़ला पब्लिक कन्या इण्टर कॉलेज स्योहारा की राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई के विशेष शिविर का शनिवार को चतुर्थ दिवस रहा। जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शील सिंह रही। उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रजलित एवं माल्यार्पण कर के कार्यक्रम की शुरूआत की व स्वयंसेविकाओं को पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण विषय पर जनसम्पर्क कर जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी सेहर बानो के मार्गदर्शन पर स्वयं सेविकाएं दल बनाकर गांव में गई। लोगों को घर घर सम्पर्क कर पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व को समझाया व वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।इस विषय को समझाने के लिए स्वयंसेविकाओं ने चार्ट व पोस्टर की मदद ली।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका मेघा का भरपूर सहयोग रहा तो साथ ही स्वयंसेविका कु० मोनिका रानी, प्रिया, जिकरा, अलशिफा अलीशा, महकरोज आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस विषय पर सभी स्वयंसेविकाओं ने गाँव में एक दो एक दो, पेड़ काटना छोड़ दो ह्व जैसे जागरूक नारे लगाकर रैली भी निकाली।कार्यक्रम सफल होने पर बिड़ला कालेज की प्रधानाचार्य डॉ रंजना शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# उत्तर प्रदेश ने मारी बाजी, टीबी नोटिफिकेशन में देश में अव्वल

प्रात : किरण संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की झोली में एक और उपलब्धि आई है। ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के मरीजों की पहचान और इलाज करने में उत्तर प्रदेश 2024 में भी अव्वल रहा है। प्रदेश को बीते साल 6.50 लाख मरीजों के चिन्हिकरण का लक्ष्य मिला था। उसके सापेक्ष 6.73 लाख मरीजों की पहचान की गई। यह रिकॉर्ड है। दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र और तीसरे स्थान पर बिहार का नाम दर्ज है। इसके बाद मध्य प्रदेश और राजस्थान ने नोटिफिकेशन किया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि देश-प्रदेश से टीबी उन्मूलन का एक ही तरीका है कि ज्यादा से ज्यादा मरीजों का चिन्हिकरण और इलाज किया जाए। इसी के मद्देनजर केंद्रीय टीबी डिवीजन ने सभी प्रदेशों के लिए 2024 की शुरूआत में टीबी नोटिफिकेशन का लक्ष्य तय किया था। उत्तर प्रदेश को 6.5 लाख मरीज खोजने का लक्ष्य दिया गया था। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक 31 दिसंबर तक प्रदेश में 6 लाख 73 हजार टीबी मरीजों की पहचान हुई। इन सभी का इलाज शुरू हो चुका है। टीबी नोटिफिकेशन के लक्ष्य को छू पाने में प्राइवेट डॉक्टरों की भूमिका भी सराहनीय रही है। प्रदेश में ढाई लाख से ज्यादा मरीजों की पहचान यानी तकरीबन 40 प्रतिशत मरीज प्राइवेट डॉक्टरों के माध्यम से पंजीकृत हुए हैं।

उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र में सवा दो लाख मरीजों का पंजीकरण हुआ। तीसरे नंबर पर बिहार में दो लाख मरीज चिन्हित किए जा सके। मध्य प्रदेश में 1.78 लाख और राजस्थान में 1.70 लाख मरीजों का चिन्हिकरण किया गया। राज्य टीबी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रम जैसे हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस, एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) अभियान और दस्तक अभियान चलाए गए। इससे हम ज्यादा से ज्यादा टीबी के लक्षण वाले मरीजों को खोज पाए। इस वक्त सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान पूरे प्रदेश में चल रहा है, जिसके माध्यम से उच्च जोखिम वाले और प्रिजेम्प्टिव टीबी वाले केसों को खोजने पर पूरे विभाग का ध्यान केंद्रित है।

टीबी का उन्मूलन प्राइवेट डॉक्टरों की सहभागिता के बिना नहीं हो सकता। यह एक कड़वा सच है। उत्तर प्रदेश में मथुरा, आगरा, कानपुर, गोरखपुर और झांसी ने इस मामले में बेहतर प्रदर्शन किया है। लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली और गाजियाबाद में भी प्राइवेट डॉक्टर सक्रियता दिखा रहे हैं। लेकिन, श्रावस्ती में बीते साल सिर्फ 44 प्राइवेट नोटिफिकेशन हुए हैं। इसके अलावा महोबा में 255, सोनभद्र में 374, चित्रकूट में 376, हमीरपुर में 380, कन्नौज में 444, सुल्तानपुर में 444, अमेठी में 447, संतरबीदास नगर में 456, चंदौली में 488 और कानपुर देहात में सिर्फ 468 प्राइवेट नोटिफिकेशन हुए हैं। इन जनपदों में प्राइवेट डॉक्टरों की प्रतिभागिता बढ़े जाने की जरूरत है।

# धनडीहां में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## 4 विशेषज्ञ चिकित्सक की टीम ने की मरीजों की जांच





प्रातः किरण संवाददाता

आरा/धनडीहां। भोजपुर के कोईलवर प्रखंड के धनडीहां पंचायत में बरखंडी नाथ मंदिर के बगल में , बड़की गली, दौलतिया सदन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दवा वितरण कार्यक्रम को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पटना और आरा शहर के प्रमुख डॉक्टर के अलावे देश के प्रमुख डॉक्टर ने अपना अहम योगदान दिया। गांव और आसपास के अन्य गांव से लगभग 300 लोगों ने इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपना स्वास्थ्य जांच करवाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद मरीजों को उचित सलाह भी दी । शिविर में ग्रामीणों को साफ-सफाई के आभाव में होनेवाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में आए फिजिशियन चिकित्सक जयमित अंकुर, न्यूरोसर्जन डॉक्टर वीर अभिमन्यु पंडित,हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश सिंह, डॉक्टर जुगनू किशोर ,महिला रोग विशेषज्ञ ने अपना विशेष योगदान दिया और बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जानकारी देकर जागरूक किया। शिविर में मरीजों की सुविधा के लिए आधा दर्जन काउंटर लगाये गये थे ताकि मरीजों को परेशानी नहीं हो। उपस्थित डॉक्टरों ने बताया कि शिविर में बीपी, शुगर, पथरी कमर दर्द आदि के मरीज ज्यादा संख्या में आये। वहीं कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ पत्रकार अमित राज, समाज सेवी नागेंद्र प्रसाद उर्फ पिंटू ने बताया कि सामाजिक कार्यों के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। आगे इस शिविर को विधवत संचालित किया जाएगा। आने वाले समय में आयुर्वेद, होमियोपैथी के साथ साथ फिजियोथैरेपी के शिविर लगाकर ग्रामीणों को और जागरूक किया जाएगा, ताकि स्वास्थ्य के प्रति सजग और बेहतर जानकार बने। शिविर में डॉक्टर को सम्मानित समाजसेवी व माणिकचंद परिवार के अशोक कुमार प्रसाद, त्रिभुवन प्रसाद, विजय प्रसाद, वीणा देवी ने किया और गांव के प्रमुख लोग भी उपस्थि थे।

# बिहार में पहली बार किसी विदेशी नागरिक को सीसीए में मिली भारतीय नागरिकता

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। बिहार में पहली बार किसी विदेशी नागरिक को उअअ के तहत भारतीय नागरिकता दी गई है. ये महिला आरा की चित्रटोली रोड की रहने वाली है. भारतीय नागरिकता दिलाने में इस महिला की तीन बेटियों ने भी बहुत संघर्ष किया. बता दें कि देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम-2019 (सीएए) लागू होने के बाद बिहार में एक विदेशी महिला को पहली बार भारतीय नागरिकता प्रदान की गई है. इस महिला के पास बांग्लादेश की नागरिकता थी. वह भोजपुर जिले में 39 साल से रह रही है. लेकिन, देश में सीएए कानून लागू होने के बाद उन्होंने भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया था.भारतीय विदेश मंत्रालय, सीबीआई, भारतीय डाक विभाग, पासपोर्ट विभाग, बिहार सरकार व सीआईडी की जांच के बाद अब तक बांग्लादेशी नागरिक रहीं सुमित्रा रानी साहा को भारतीय नागरिक घोषित कर दिया गया है. सुमित्रा को भारतीय नागरिक बनने में 39 साल तक कठिन प्रयास करना पड़ा. उनकी शादी साल 1985 में हुई. इसके बाद में वह भोजपुर जिला आई थी. अभी इनकी उम्र 60 साल है. यहां उनका अपना परिवार है. इन्हें भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए कई बार अपनी बेटी के साथ कार्यालयों का चक्कर काटती रहीं. उनका पासपोर्ट बांग्लादेश का था. भारत में रहने के लिए उनको बार-बार वीजा रिन्यूअल कराना पड़ता था. अभी भी वीजा साल-2025 तक अपडेट है. लेकिन इससे वह स्थाई रूप से भारतीय नागरिक बनने के लिए इस झमेला से छुटकारा पाना चाहती थी. इस बीच देश में कानून लागू हुआ. इससे सुमित्रा के मन में आस जगी. परिवार के सहयोग से भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया. भारतीय नागरिकता देने के लिए महिला के कागजातों की कई स्तर से जांच की गई.

सीबीआई ने भी मामले पर काफी जांच की. इसके बाद सीबीआई की रिपोर्ट और अन्य कागजातों की जांच के बाद अंततः सुमित्रा रानी साहा को भारतीय नागरिकता प्रदान कर दी गई है.

पति के निधन के बाद सुमित्रा रानी साहा का जीवन काफी संघर्षमय रहा. परिवार के जीविकोपार्जन के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी. उनका यह मानना था कि एक बार ससुराल आ गई हूं दोबारा बांग्लादेश जाकर नहीं बसूंगी. यहां की नागरिकता के लिए जो भी संघर्ष होगा.

वह किया जाएगा. इस काम में उनकी बेटी ने काफी सहयोग किया. भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए बेटी लगातार सरकारी विभागों के पोर्टल पर नियमों का अध्ययन करती रही. बेटी को जैसे ही नागरिकता संशोधन अधिनियम-2019 (सीएए) की जानकारी हुई, तुरंत आवेदन कर दिया गया. परिवार ने सरकारी प्रक्रियाओं का अनुपालन किया. डाक अधीक्षक और समिति के सदस्य पवन कुमार ने बताया कि काफी गोपनीय तरीके से पूरी जांच की गई. सही पाए जाने पर कमेटी ने नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (सीएए) के आधार संख्या 3ए अनुभाग के अंतर्गत 5 (1) (सी) के तहत महिला को नागरिकता प्रदान कर दी है.

# फेयरवेल पार्टी में जमकर झूमे छात्र, चेहरे पर खुशी और आंखों में दिखा विदाई का दर्द

प्रातः किरण संवाददाता



भोजपुर,आरा के हर प्रसाद दास जैन महाविद्यालय में इतिहास विभाग के पी०जी० सत्र 22-24 और पी०जी० सत्र 23-25 के छात्रों ने जमकर मस्ती की। शनिवार को इस कॉलेज में पी०जी० सत्र 22- 24 के छात्रों को फेयरवेल पार्टी दी गई। इस दौरान दोनों सत्र के के छात्रों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी और खट्टी -मीठी यादों को शेयर किया। इस पूरे धमाल में सीनियर छात्रों के चेहरे पर खुशी तो दिखी लेकिन कॉलेज से विदाई का दर्द वो छुपा नहीं सके।

इस दौरान इतिहास विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ प्रीति रंजन , अंशु कुमारी, डॉ राजीव कुमार , रंजीत कुमार के साथ मुख्य अतिथि के रूप में हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ अखिलेश कुमार , राजनीति शास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ तबस्सुम बानो उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एम डी रिजवानुल्लाह भी मौजूद रहे। फेयरवेल पार्टी के दौरान रैम्प पर कैटवाक, डांस, स्पीच और अपनी अदाओं के जादू से छात्रों ने सबका खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में प्रशांत, ज्योति, अभिषेक, विक्की ,शैलेंद्र , सचिन , जय, बिजेंद्र, काजल ,नेहा ,अनुप्रिया, प्रियंका ,मनीषा, खुशबू ,गीतांजलि, विवेक , निक्की,अमरजीत , गौतम , अमर, राहुल ने अपनी प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया।

इस दौरान कई छात्रों ने मंच से अपने उस अनुभव को भी शेयर किया जो पढ़ने के दौरान इस कॉलेज से उन्होंने ग्रहण किया था। विभागाध्यक्षा डॉ प्रीति रंजन द्वारा कार्यक्रम में भाग लिए छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भारत भूषण अध्यक्षता में आरा जंक्शन पर किया गया कंबल वितरण



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, आरा, भोजपुर के तत्वधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भारत भूषण भसीन के अध्यक्षता में जिला प्रशासन के सहयोग से कंबल वितरण का कार्यक्रम आरा रेलवे स्टेशन परिसर पर गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्ति को कंबल वितरण किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार , रेलवे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉक्टर शैल, न्यायिक कर्मी धनंजय कुमार सिंह, उज्जवल नारायण के सहयोग से किया गया एवं जीआरपी एवं आरपीएफ सब इंस्पेक्टर चेतराम मीणा अपने दलबल के साथ इस कंबल वितरण में भरपूर सहयोग किए।

# द होली सेवियर चर्च रमना आरा में महिलाओं ने मनाया माहिला संडे

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। महिला संडे मनाया गया। द होली सेवियर चर्च रमना आरा मे महिलाओ ने महिला संडे बडे उत्साह से मनाया।चर्च मे वर्ष 2025के आगमन पर प्रथम रविवार महिलाओ को स्थान दिया जाता है आत्मिक और समाजिक रुप से महिलाऐ आगे बढ रही है पिता परमेश्वर की नजर मे उनका स्थान भी बराबरी का है इस अवसर पर महिलाओ ने मिलकर विशेष प्रार्थना मे सामूहिक भजन सारी सृष्टि के मालिक तुम्ही हो सारी सृष्टि के रझक तुम्ही हो करते हे सादर प्रणाम, प्रभु महान विचारु कार्य तेरे कितने अद्भुत जो तुने बनाये गाया बाइबल पाठ पुजा,कविता, चंचल, निर्मला, बविता,रीकी ने किया। अपने प्रवचन मे चंचल कुमारी ने बताया शोभा तो झूठी और सुन्दरता व्यर्थ है पर जो महिला ईश्वर का भय मानती है उसकी प्रतिष्ठा की जाती है। हमे अपने जीवन मे प्रेम, नम्रता ,सयम से सुशोभित करना होगा। वही रजनी मैडम ने बताया हम महिलाओ को हर तरिके से आगे आना है कभी धबराना नही चाहिए। अच्छी सोच परिवार, समाज और देश के विकास मे महिलाओ को भाग लेना चाहिए। चर्च के अगुवो के प्रति हम महिलाऐ धन्यवादित जो हमे पहला मौका मिला। हर रुप से महिलाऐ सझम है उन्हे मौका बस मिलना चाहिए। इस अवसर पर पादरी अनिल जीउत ने महिलाओ का बधाई दिया की वे आगे बढे अपने रसोई की स्वच्छता पर ध्यान रखे और अच्छी सोच के साथ आगे बढते रहे।इस अवसर पर चंचल और गायत्री को सम्मानित किया गया इस अवसर पर राजेश, सोनू ,रामजी,दिवाकर दास,कृष्णा ,पुजा,कविता, निर्मला ,रजनी ,सुनिता,रितु आदि सैकड़ो महिलाऐ उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### माता अरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राधाचरण शाह के अध्यक्षता में किया गया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। माता अरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राधाचरण शाह के अध्यक्षता में माता अरण्य देवी मंदिर के प्रांगण में एक बैठक आहूत की गई जिसमें सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखें अंत में माता आरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट के सदस्य बी डी सिंह के माता जी के निधन एवं ट्रस्ट के सदस्य जीतू चंद्रवंशी जी के पिताजी के मृत्यु होने पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया इसके बाद सभा की समाप्ति की घोषणा की गई।

### वाहन चेकिंग में पुलिस ने काटा चलान

नासरीगंज (रोहतास) कछवां पुलिस ने वरीय पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि स्टेट हाईवे 81 मुख्य पथ पर थाना मोड़ के समीप स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी पीएसआई शालू कुमारी एवं एएसआई प्रवेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग किया गया। पुलिस ने वाहन चेकिंग के क्रम में बाइक का डिक्की, हेलमेट,ड्राइविंग लाइसेंस,प्रदूषण जांच समेत अन्य बिंदुओं पर बारीकी से जांच की। थानाध्यक्ष ने कहा कि वाहन जांच के क्रम में पुलिस पदाधिकारी द्वारा वाहन चालकों से 16 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा गया। जो वाहन चेकिंग अभियान थाना क्षेत्र में लगातार चलाया जायेगा ।

### पिकअप व बाइक की जोरदार टक्कर में पति की मौत, पत्नी जख्मी

■ दुर्घटना में शामिल मासूम बच्ची मिली सकुशल,पिता का साया छीना

काराकाट (रोहतास) कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेट हाइवे 81 मुख्य मार्ग पर ग्राम घरवासडीह गांव के समीप नासरीगंज की ओर से आ रही बाइक एवं कछवां की ओर से जा रहे पिकअप में आमने- सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार थाना क्षेत्र के धनहरा गांव निवासी महेश डोम के 40 वर्षीय पुत्र भैयाराम व उनकी 35 वर्षीय पत्नी फुला देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

जिसे तुरंत पुलिस व स्थानीय ग्रामीणों की सहयोग से नासरीगंज रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां पर जख्मी भैयाराम को अस्पताल के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। साथ ही साथ जख्मी महिला को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया गया। उक्त बाइक पर सवार उनकी डेढ़ वर्षीय पुत्री नेहा जो पूरी तरह से सुरक्षित है । शव को अंत्यपरीक्षण कराने हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया।

# मो. जाबिर उर्फ पप्पू खान का किया गया अभिनंदन सह सम्मान समारोह



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर भोजपुर, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मोहब्बत जाबिर उर्फ पप्पू खान का काजी टोला में नागरिक अभिनंदन किया गया पप्पू खान को अंग वस्त्र माला एवं बुके से सम्मानित किया गया पप्पू खान गरीबों के बीच 200 कंबल अपने हाथों से वितरण किया और लोगों से कहा कि मेरे लिए 24 घंटा आपके लिए दरवाजा खुला है किसी भी व्यक्ति को जब भी जरूरत पड़ेगी हम हमेशा आपका सहयोग के लिए तैयार है और मैं आपके ही सेवा के लिए मैं आप लोगों के बीच३ आया हूं और मैं अपने मोहल्ले वासियों को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इतना मान सम्मान किया और मैं लोगों से अपील करता हूं कि मुझे गरीबों के सेवा करके बहुत खुशी मिलती है मंच संचालक मोहम्मद मंजूर आलमअध्यक्ष,भोजपुर जिला प्रभारी फिरोज अंसारी, अब्दुल हसीब अंसारी पीरो प्रखंड अध्यक्ष, अनवर अंसारी चारपोखरी प्रखंड, अध्यक्ष, पिरो,उपाध्यक्ष मोहम्मद आलम, प्रखंड अध्यक्ष बड़हरा मो,अरशद उपस्थित रहे।

# छात्र रालोमो ने संगठन मजबूती के लिए किया बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। छात्र राष्ट्रीय लोक मोर्चा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आरा के धोबीघटवा मोड़ स्थित द नोबेल रिसोर्ट में एक बैठक रखा गया जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय अध्यक्ष विकाश पासवान तथा संचालन छात्रा जिला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा ने किया इस बैठक को संबोधित करते हुए विकाश पासवान ने कहा कि छात्र रालोमो वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयो में अपना अध्यक्ष बनाएगी जिसकी नाम का घोषणा बहुत जल्द कर दिया जाएगा । साथ ही कहा कि हमारे पार्टी के एक-एक छात्र नेता छात्रों के समस्याओं में उन्हें मदद करने का काम करेंगे । आगे छात्र जिला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा ने कहा कि माननीय राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा जी के समाजवाद के विचारधारा के साथ हम लोग सभी महाविद्यालयो का दौरा कर छात्रों के समस्याओं से रूबरू होंगे। इस बैठक में भोजपुर जिला अध्यक्ष रोहित कुशवाहा, सुनील पाठक ,अंकित राय, अमरेंद्र पाठक ,सफी ऊल समी, रामखेलावन, पंकज कुमार, बृज कुमार ,सुमित गोस्वामी, कृष्ण कुमार, किन्शु ,रितेश कुशवाहा, प्रिंस कुशवाहा, सत्येन्द्र, ओमप्रकाश, अभिषेक, समेत दर्जनों छात्र नेता मौजूद रहे।

# हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भोजपुर कार्यकारिणी का किया गया बैठक



आरा। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर भोजपुर, बहिरो लख आरा स्थित,कार्यालय में अध्यक्षता महेश्वर मिश्रा उर्फ मुन्ना बाबा की अध्यक्षता में एक सम्मान समारोह संपूर्ण भोजपुर जिला के कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के गिरधारी सिंह प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी एवं अभिषेक नारायण पांडे प्रदेश सचिव सह बक्सर संगठन प्रभारी उपस्थित रहे, जिनके अंग वस्त्र एवं फूल माला से जिला अध्यक्ष के द्वारा सम्मानित किया गया तत्पश्चात पार्टी के विस्तार एवं मजबूती हेतु अन्य विषयों पर गहन चर्चा की गई,जिसमें पार्टी के प्रधान महासचिव प्रकाश ओझा,प्रवक्ता अभिषेक उपाध्याय जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार एवं अशोक कुमार अकेला प्रखंड अध्यक्ष शक्ति कुमार एवं समस्त कार्यकारिणी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया, एवं कार्यक्रम को सफल बनाया।

# इंडिया महागठबंधन के युवा-छात्र संगठनों का किया गया बैठक

आरा। इंडिया महागठबंधन के युवा-छात्र संगठनों की एक बैठक आरा में हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा राजद के भोजपुर जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने किया वहीं संचालन छात्र संगठन आइसा के जिला सचिव विकाश कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कल दिनांक 06.01.2025 को भोजपुर जिला मुख्यालय के आरा में छात्र और युवा संगठनों द्वारा बिहार में लगातार बढ़ रहे अपराधिक मामलों, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, लगातार हो रहे प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और हाल के दिनों में 70वीं इढरउ परीक्षा में अनियमितता को लेकर सरकार के खिलाफ आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा साथ ही सूबे के मुखिया नीतीश कुमार का पुतला दहन किया जाएगा। बैठक में इस बात पर निर्णय लिया गया कि आरा रेलवे परिसर में छात्र - युवाओं की गोलबंदी दोपहर एक बजे से होगी और वहां से मार्च करते हुए जिला समाहरणालय के समीप बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर जी के प्रतिमा के पास शाम तीन बजे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन होगा। बैठक में छात्र राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष सह राजद मेन विंग के जिला प्रवक्ता आलोक रंजन, युवा राजद के प्रधान महासचिव रजनीश यादव, छात्र राजद के जिला सह प्रभारी अमित ठाकुर, छात्र राजद के महासचिव राज रतन, मनोहर कुमार आदि शामिल थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर बागर के भैया बहने एवं आचार्य परिवार के साथ रवाना हुए मां मुंडेश्वरी एवं मां ताराचंडी के दर्शन के लिए

प्रातः किरण संवाददाता



उदवंतनगर । सरस्वती शिशु मंदिर बागर भोजपुर के भैया बहने एवं आचार्य परिवार देश दर्शन हेतु मां मुंडेश्वरी एवं मां ताराचंडी के लिए हुए रवाना। बागर पंचायत के मुखिया बलराम सिंह, पैक्स अध्यक्ष कुमार श्याम प्रकाश,श्री राम मंदिर बक्सर के महंत वेंकटेश शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि अमरेश जी एवं विद्यालय प्रधानाचार्य विकास कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर परिभ्रमण दल को किया गया रवाना।

परिभ्रमण दल दो बसो द्वारा मां ताराचंडी धाम सासाराम एवं मां मुंडेश्वरी धाम भभुआ के लिए प्रस्थान किया।

प्रधानाचार्य विकास कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सरस्वती शिशु मंदिर का परिभ्रमण दल देश दर्शन हेतु विभिन्न स्थलों का भ्रमण करता है इसे बेहतर तरीके से जानकारी ले पाते हैं ।

परिभ्रमण दल में प्रधानाचार्य विकास कुमार आचार्य उपेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, जितेंद्र कुमार सिन्हा, मनीष कुमार, अमित कुमार, सोनी कुमारी, कीर्ति कुमारी, रिया कुमारी, शिखा कुमारी, नेहा कुमारी, संध्या कुमारी,कर्मचारी सुशील कुमार सहित 100 भैया बहने मौजूद थे।

# सदर अंचल अधिकारी के द्वारा किया गया कंबल वितरण

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। कड़ाके की ठंड से पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है लगातार तापमान में हो रही गिरावट के कारण ठंड का असर काफी बढ़ गया है वही इस ठंड के मौसम में आरा सदर अंचल अधिकारी पल्लवी गुप्ता के द्वारा आज सैकड़ो गरीब असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गया वही बढ़ती ठंड को देखते हुए अंचलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व कर्मचारी अनिल कुमार पंत एवं उनकी टीम की देखरेख में आना सदर अस्पताल प्रखंड परिसर रेलवे स्टेशन नवादा चौक पकड़ी चौक पीर बाबा मोड जज कोठी मोड गोपाली चौक नागरि प्रचारिणी मोड़ चंदवा समेत अन्य कई स्थलों पर जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया वहीं आज से सदर प्रखंड के कई स्थानों पर बढ़ती ठंड से लोगों के बचाव को लेकर अलाव की भी व्यवस्था की जाएगी ताकि ठंड से लोगों को राहत मिल सके

# दुःखद : पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या रोहतास संघ ने दी श्रद्धांजलि, केंद्र सरकार से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग किया



डेहरी (रोहतास) छत्तीसगढ़ राज्य के बीजापुर के स्थानीय एवं चर्चित युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या भ्रष्टाचार के खिलाफ खबर दिखाने पर असामाजिक तत्वों के द्वारा कर दी गई थी । मुकेश चंद्राकर के द्वारा बीजापुर,बस्तर सहित अन्य क्षेत्रों में निष्पक्षता एवं निर्भीकता से जनता व आदिवासियों की आवाज बनकर खबर को चलाया जाता था । उनकी निर्मम हत्या से पूरे देश में पत्रकारों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है । इस बीच रोहतास जिला के डेहरी में पत्रकारों के द्वारा दिवंगत पत्रकार मुकेश चंद्राकर की तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा हाथों में कैंडल लेकर हत्या करने वाले को फांसी देने तथा दिवंगत पत्रकार के परिजन को मुआवजा सहित सरकारी नौकरी देने की मांग की गई। मौके पर मौजूद पत्रकार हिमांशु कुमार ने कहा कि देश में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर कोई विशेष कानून नहीं है,वही महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ में कानून है भी तो उसका अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के अंदर कोई भय नहीं, वहीं पूरे देश में पत्रकार निष्पक्षता से भ्रष्टाचार के खिलाफ खबर चलाता है। लोगों की आवाज बनता है किंतु पत्रकार की सुरक्षा की जिम्मेवारी कौन लेगा ।

# नगर पंचायत गड़हनी के बाजार पर कई स्थानों पर जलाया गया अलाव,मिली राहत वार्ड पार्षदों ने क्षेत्र में भरपूर मात्रा में अलाव जलाने का किया माँग

प्रातः किरण संवाददाता



गाड़हनी( भोजपुर )। स्थानीय नगर पंचायत गड़हनी के गोला बाजार समेत कई स्थानों पर ठंढ़ को देखते हुये अलाव की ब्यास्था चौक चौराहे पर कराया गया है। इस अलाव कि ब्यास्था से अब ठंढ़ से ठिठुर रहे राहगीरों व गरीबो को राहत मिलेगी। नगर के कार्यपालक पदाधिकारी मेघा ने सभी वार्डो में समीक्षा कर शनिवार के देर शाम अलाव के व्यवस्था कराई।वही काम करके लौटते गरीब मजदूरों को हाथ शेकने से राहत मिल रहा, नगर पंचायत के शहरी इलाकों में रविवार के सुबह कई स्थानों पर अलाव जलाया गया।अलाव जलने से गरीबों असहायों को बड़ी राहत मिली है।बता दे की पिछले सप्ताह से कड़ाके की ठंढ पड़ रहा हैं लेकिन नगर प्रशासन के द्वारा कही भी नगर पंचायत में अलाव की व्यस्था नही की गई थी।स्थानीय ग्रामीणों ने पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों से अलाव नही जलाने की शिकायत किया था। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी मेघा ने इसे गंभीरता से लेते हुए नाजिर को आदेश दिया और रविवार से बागर मोड़,गोला ,अगियाँव मोड़,बिचली पटी, देवढ़ी सहित कई स्थानों पर अलाव की व्यस्था कर दी गई। नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया तस्लीम आरिफ उर्फ गुड्डु ने बताया की अलाव जलाने का जिम्मा अलग-अलग वार्ड पार्षदों को दिया गया है।जो सभी जगहों पर जाकर अलाव जलवाएँगे।वही प्रखण्ड के तरफ से कही भी अलाव की व्यस्था नही की गई है।इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी मेघा ने बताई कि अलाव की व्यवस्था भरपूर किया जाएगा,इसके लिए राशि 15 वी या षष्टम वित्त या आंतरिक फण्ड से लिया जा सकता हैं क्योंकि कड़ाके की ठंड आपदा में आता हैं। वार्ड पार्षदों ने बताया कि सम्पूर्ण वार्ड में अलाव की व्यवस्था अभी तक नहीं कि गई है।ठंढ अचानक से तेजी से बढ़ा है।अलाव की व्यवस्था भरपूर हो इसकी मांग कार्यपालक पदाधिकारी से की गई है।



# इस जगह थामा के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग करेंगे आयुष्मान खुराना

2025 की शुरुआत के साथ ही अभिनेता और गायक आयुष्मान खुराना एक रोमांचक और एक्शन से भरपूर साल की तैयारी कर रहे हैं। अभिनेता ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म थामा का दूसरा शेड्यूल शुरू कर दिया है, जो मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी दुनिया का हिस्सा है। पिछले साल के अंत में मुंबई में एक शूटिंग शेड्यूल के बाद टीम अब दिल्ली में फिल्मांकन शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस शेड्यूल के जनवरी के मध्य तक चलने की उम्मीद है। इसमें कई रोमांचक दृश्य होंगे।

4 जनवरी, 2025 को आयुष्मान खुराना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक धूप सेंकते हुए सेल्फी शेयर की। वे सफेद टी-शर्ट और बेज पफर जैकेट पहने हुए नजर आए। उन्होंने सनग्लास और फेस मास्क भी पहना हुआ था। आयुष्मान ने कैप्शन में लिखा, चलो दिल्ली। इसके साथ ही उन्होंने दिल वाली इमोजी साझा कर अपना उत्साह जाहिर किया। थामा रोमांस और खून-खराबे की एक दिलचस्प कहानी है, जो एक खौफनाक बैकग्राउंड पर आधारित है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि अनुभवी अभिनेता परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी सहायक भूमिकाओं में हैं। हिट फिल्म मुंजा में अपने काम के लिए मशहूर आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित थामा की कहानी को नीरेन भट्ट, सुरेश मैथ्यू और अरुण फुलारा ने मिलकर लिखा है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजन और अमर कौशिक ने किया है।

## दिवाली पर रिलीज होगी फिल्म

अक्तूबर 2024 में थामा की आधिकारिक घोषणा की गई। घोषणा वीडियो में शीर्षक और कलाकारों का खुलासा किया गया और बैकग्राउंड में एक जोरदार गाना बज रहा था। कैप्शन में लिखा था, दिनेश विजन की हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स को एक प्रेम कहानी की जरूरत थी, दुर्भाग्य से यह एक खूनी कहानी है। थामा दिवाली 2025 के लिए खुद को तैयार रखें। यह फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगी।

मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की अन्य आगामी फिल्में शक्ति शालिनी, भेड़िया 2, चामुंडा, स्त्री 3, महा मुंजा, पहला महायुद्ध और दूसरा महायुद्ध हैं। थामा के अलावा आयुष्मान खुराना के पास धर्मा प्रोडक्शंस और सिख्या एंटरटेनमेंट के साथ एक अनटाइटल्ड स्पाई कॉमेडी है। आकाश कौशिक द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सारा अली खान मुख्य भूमिका में हैं।



# 2025 के लिए प्रियंका चोपड़ा ने तय किया लक्ष्य

ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनास ने खुलासा किया बेटी और पति के साथ 2025 का खुलकर स्वागत किया। फैंस संग अपने जीवन के अनमोल पल साझा किए। साथ ही बताया कि अब उनका लक्ष्य क्या है? प्रियंका ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने पति निक जोनास और बेटी मालती मैरी सहित कई तस्वीरें शेयर की। पहली तस्वीर में प्रियंका ऑरेंज रंग की बिकिनी पहन अपने आलीशान विला की छत पर खड़ी दिखाई दे रही हैं। वहीं, एक अन्य तस्वीर में वह बीच पर निक के साथ लाल बिकिनी पहने हुए दिखाई दे रही हैं, जबकि उनकी बेटी पानी के साथ खेल रही है। एक अन्य तस्वीर में अभिनेत्री जेट स्की पर बैठी नजर आ रही हैं। जबकि अन्य तस्वीरों में प्रियंका और बेटी मालती साथ में नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, जिंदगी को खुलकर जीना ही 2025 के लिए मेरा लक्ष्य है। खुशी, आनंद और शांति हो। हम सभी को इस नए साल में बहुत कुछ मिले। अपने परिवार के लिए बहुत आभारी हूं। 2025 की शुभकामनाएं। ऐसी शानदार यादों के लिए शुक्रिया। नए साल की पूर्व संध्या पर प्रियंका ने साझा किया कि कैसे वह उन लोगों को हैंडल करती हैं जिनसे बुरी वाइब्स आती हैं। उन्होंने एक पोस्ट फिर से शेयर किया, जिसमें नकारात्मक ऊर्जा वाले लोगों के साथ कैसे निपटना है, इसके बारे में बताया गया है। वीडियो में एक लड़की एक स्प्रे का इस्तेमाल करते हुए दिखाई दे रही। क्लिप में लिखा है, मैं उन लोगों को बधाई देती हूं, जो बुरी ऊर्जा से भरे हैं। एक्ट्रेस के करियर की बात करें तो उनके पास कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं, जिनमें हेड्स ऑफ स्टेट भी शामिल है। इसमें उनके साथ इदरीस एल्बा और जॉन सीना दिखाई देंगे। यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। वह द ब्लफ में 19वीं सदी के कैरेबियन समुद्री डाकू की भूमिका भी निभाएंगी। यह एक ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन भी फ्लॉवर कर रहे हैं। फिल्म में कार्ल अर्बन, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, सफिया ओकले-ग्रीन और वेदांतेन नायडू मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा, प्रियंका वेब सीरीज सिटाडेल के दूसरे सीजन में वापसी करने के लिए तैयार हैं।



# सोनू सूद ने खोली बॉलीवुड की पोल, बोले- यहां पार्टियों में अच्छी एक्टिंग की जाती है

**इन दिनों एक्टर सोनू सूद अपनी फिल्म 'फतेह' का प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में मैशबेल इंडिया को दिए इंटरव्यू में सोनू सूद ने बॉलीवुड पार्टियों के भी कुछ राज खोल दिए। क्या कहना है, इन पार्टियों के बारे में सोनू सूद का जानिए?**

## पार्टियों से नहीं मिलता काम


इंटरव्यू में सोनू सूद से पूछा गया कि वह बॉलीवुड पार्टियों के बारे में क्या सोचते हैं। इस पर एक्टर का कहना है, ' मैं कैमरे के आगे एफर्ट करता हूं, मैं किसी के घर या पार्टी में जाकर क्यों कोई एफर्ट करूंगा। पार्टी करने से करियर नहीं बनता है। हो सकता है कि बॉलीवुड पार्टी में जाने से किसी का करियर बना होगा। फिर मैं तो ड्रिंक नहीं करता, स्मोकिंग नहीं करता हूं, तो पार्टियों में नहीं जाता हूं। मैं इन पार्टियों में खुद को गुम सा महसूस करता हूं।'

## दिखावा नहीं कर पाते हैं

सोनू आगे इंटरव्यू में कहते हैं, 'मैं जो हूं ही नहीं, उसका दिखावा नहीं कर पाता हूं। मुझे कई बॉलीवुड पार्टियां फेक यानी दिखावे वाली लगती हैं। इन्हीं पार्टियों में कई लोग कैमरे से ज्यादा अच्छी एक्टिंग कर लेते हैं। हो सकता है कि ऐसा करने पर उनको किसी तरह का रिवॉर्ड मिलता हो।

## फतेह के बाद साउथ में एक्टिव होंगे

बॉलीवुड के अलावा सोनू सूद ने साउथ की फिल्मों में भी अभिनय किया है, वह वहां एक बड़ा नाम हैं। सोनू सूद ने इंटरव्यू में बताया कि साउथ में कुछ फैंस ने उनका मंदिर ही बनवा दिया है। साउथ के दर्शक सोनू सूद को अपने घर का सदस्य जैसा ही मानते हैं। आगे भी सोनू सूद की इच्छा साउथ की फिल्मों में काम करने की है। अभी वह अपना पूरा फोकस फिल्म 'फतेह' पर रखना चाहते हैं। फिल्म में उनके साथ हीरोइन के तौर पर जैकलिन फर्नांडिस हैं। फिल्म 'फतेह' में जैकलिन के सिंपल लुक की खूब तारीफ हो रही है।




# ब्लैक वॉरंट से ओटीटी पर कदम रखने जा रहे हैं जहान कपूर

शशि कपूर के पोते जहान कपूर अब ओटीटी पर कदम रखने जा रहे हैं। 2022 में बॉलीवुड में डेब्यू कर चुके जहान की ब्लैक वॉरंट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। ये ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। शशि कपूर के पोते जहान कपूर ने साल 2022 में फराज फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा था। अब वो ब्लैक वॉरंट से ओटीटी की दुनिया में एंट्री करने जा रहे हैं। इसका जबरदस्त ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और साथ में रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि जहान कपूर, संजय गुप्ता के किरदार में हैं, जो तिहाड़ जेल में जेलर है। इस पद पर काम करना आसान नहीं है। कई चुनौतियां हैं, राजनीति है और साजिश भी। क्या जहान इस साजिशों से भरे दल-दल से खुद को निकाल पाएगा!

## तिहाड़ की भयानक जेल, कौन डरेगा, कौन लड़ेगा?

ट्रेलर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा गया है, तिहाड़ की भयानक जेल में, कौन डर जाएगा और कौन लड़ जाएगा? ये फिल्म कुछ सच्ची घटनाओं पर बेस्ड हैं। कब और कहां रिलीज हो रही है ब्लैक वॉरंट? आप इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। ये 10 जनवरी 2025 को रिलीज हो रही है। ब्लैक वॉरंट की कास्ट में जहान कपूर के अलावा राहुल भट, परमवीर सिंह चीमा, अनुराग ठाकुर और सिद्धांत गुप्ता के साथ-साथ राजश्री देशपांडे, तोता रॉय चौधरी और राजेंद्र गुप्ता भी हैं।

## किताब पर बेस्ड है कहानी

इस हिट वेब सीरीज सेक्रेट गेम्स और जुबली के मेकर्स विक्रमादित्य मोटवानी और सत्यांशु सिंह ने बनाया है। प्रोड्यूसर्स समीर नायर और दीपक सेगल हैं। इसका डायरेक्शन विक्रमादित्य मोटवानी, सत्यांशु सिंह, रोहिन रविंद्रन नायर, अंबिका पंडित और अरकेश अजय ने किया है। कहानी सत्येंशु सिंह और अरकेश अजय ने लिखा है। ये सुनील गुप्ता और सुनेत्रा चौधरी की किताब पर बेस्ड है।

# ईशा सिंह ने अविनाश मिश्रा पर कसा तीखा तंज, कहा- तुम अपनी ट्रॉफी का ध्यान रखो

'बिग बॉस 18' का कारवां अब धीरे-धीरे अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहा है। हाल ही में बिग बॉस के घर में प्रतिभागियों के घर वाले आए। इस दौरान सभी भावुक हो उठे। साथ ही घरवालों के आने से शो ने खूब सुर्खियां भी बटोरी। प्रतिभागियों के घरवालों ने खासकर चाहत पांडे की मां ने अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह पर निशाना साधा। वहीं, ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा अक्सर अपनी दोस्ती और प्यारी नोकझोंक की वजह से सुर्खियों में रहते हैं। हालांकि, वह कहते हैं कि वे अच्छे दोस्त हैं।

यह सब 'बिग बॉस 18' के घर के अंदर चुम दरंग की मां के प्रवेश के साथ शुरू हुआ। जैसे ही वह घर के अंदर पहुंची अविनाश मिश्रा, रजत दलाल, शिल्पा शिरोडकर और श्रुतिका अर्जुन ने करण वीर मेहरा को चिढ़ाना शुरू कर दिया। शिल्पा शिरोडकर दोपहर का खाना बना रही थीं, जब अविनाश मिश्रा ने मजाक में कहा, खाना बनाओ या ना बनाओ, आज मैं कुंडली बनाऊंगा। फिर अविनाश ने शिरोडकर को बताया कि वह लड़के वाले हैं और करण और दोस्त को एक साथ लाने में मदद कर रहे हैं। अभिनेता ने कहा, बिग बॉस में एक बड़ी ट्रॉफी मैं उनको दिलाकर रहूंगा, एक दोस्त के तौर पर, मैं उनकी मदद कर रहा हूं। इस पर, ईशा सिंह ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, तुम अपनी ट्रॉफी का ध्यान रखो, आओ। अविनाश ने कहा कि वह कुछ और बात कर रहे थे और ईशा के पीछे खड़े हो गए।

## बिग बॉस ने भी करण को चिढ़ाया

इस अवसर का लाभ उठाते हुए, बिग बॉस भी अविनाश के साथ मिलकर करण को चिढ़ाते हैं। वह कहते हैं कि करण आज अलग तरह से व्यवहार कर रहे हैं और मासूमियत से पेश आ रहे हैं। शिल्पा शिरोडकर कहती हैं कि वह पैरेंट-टीचर मीटिंग के लिए बैठे स्कूली लड़के की तरह है। बाद में, करण वीर मेहरा की बहन ने भी 'बिग बॉस 18' के घर में प्रवेश किया। उन्होंने करण को सलाह दी कि वह अच्छा खेल रहे हैं।





# जान्हवी के साथ काम नहीं करना चाहते राम गोपाल वर्मा

श्रीदेवी के प्रति निर्देशक राम गोपाल वर्मा की दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। एक वक्त ऐसा था, जब वह श्रीदेवी की एक झलक पाने के लिए तरसते थे। वह अभिनेत्री के साथ फिल्म भी करना चाहते थे। इस बात का जिक्र खुद एक साक्षात्कार में राम गोपाल वर्मा कर चुके हैं। अब एक बार फिर हालिया साक्षात्कार में निर्देशक ने श्रीदेवी और उनकी बेटी जान्हवी कपूर के बारे में टिप्पणी करके सुर्खियों में आ गए हैं।

## जान्हवी को लेकर कही ये बात

राम गोपाल वर्मा ने अपने हालिया साक्षात्कार में एक बार फिर श्रीदेवी के बारे में बात की, लेकिन इस बार उन्होंने उनकी बेटी, अभिनेत्री जान्हवी कपूर के बारे में भी अपने विचार साझा किए। राम गोपाल वर्मा ने कहा, मुझे अभी भी जान्हवी में श्रीदेवी नहीं दिखती है। हालांकि, इससे पहले साउथ अभिनेता और जान्हवी के 'देवरा' को-स्टार जूनियर एनटीआर ने कहा था कि फिल्म के लिए एक फोटोशूट के दौरान, एक पल ऐसा आया जब जान्हवी अपनी मां की तरह हूबहू लगीं।

## श्रीदेवी की तारीफ की

हालांकि, राम गोपाल ने श्रीदेवी और जान्हवी कपूर की तुलना को नकार दिया। उन्होंने श्रीदेवी की तारीफ की और कहा, चाहे 'पड़ाहरेल्ला वयासु' हो या 'वसंत कोकिला', उन्होंने कई तरह के प्रदर्शन किए। वास्तव में, उन्हें अभिनय करते हुए देखकर मैं भूल गया कि मैं एक फिल्म निर्माता हूं और उन्हें एक दर्शक के रूप में देखने लगा।

जान्हवी कपूर के साथ फिल्म करने के बारे में पूछे जाने पर राम गोपाल वर्मा ने अपना रुख साफ करते हुए कहा, मुझे मां पसंद थी, बेटी नहीं। उन्होंने आगे कहा, ईमानदारी से, मेरे पूरे करियर में, ऐसे कई अभिनेता और बड़े सितारे रहे हैं जिनके साथ मेरा कोई संबंध नहीं रहा। तो हां, मेरा जान्हवी के साथ कोई फिल्म करने का कोई इरादा नहीं है।

## राम गोपाल वर्मा का वर्क फ्रंट

राम गोपाल वर्मा के वर्क फ्रंट की बात करें तो मुख्य अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ एक नई परियोजना के साथ वापसी के लिए कमर कस रहे हैं। इस बीच, जान्हवी कपूर, जो हाल ही में 'देवरा' में दिखाई दीं, अब उनके पास 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' और 'परम सुंदरी' सहित कई प्रोजेक्ट हैं।



# तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा... में दिख सकती हैं श्रीलीला

श्री लीला को हाल ही में फिल्म पुष्पा 2 में देखा गया था। इस फिल्म के आइटम नंबर किसिक में उन्होंने डांस किया है। अब श्रीलीला को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक... श्रीलीला को धर्मा प्रोडक्शंस की नई फिल्म का प्रस्ताव आया है। फिल्म का नाम है तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी। यह वही फिल्म है, जिसके हीरो कार्तिक आर्यन हैं। खबर है कि इस फिल्म के लिए करण जौहर ने श्रीलीला से संपर्क किया है। बातचीत का सिलसिला जारी है। श्रीलीला ने फिल्म में दिलचस्पी दिखाई है और जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है। कार्तिक ने इसी साल दिसंबर के अंत में अपनी इस फिल्म का एलान किया था। क्रिसमस के मौके पर उन्होंने इस फिल्म का टीजर रिलीज किया था। साल 2026 में उनकी यह फिल्म रिलीज होगी। समीर विद्वंस इसके निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं, जिन्होंने सत्यप्रेम की कथा का निर्देशन किया था। बता दें कि किसिक में अल्लू के साथ श्रीलीला की जोड़ी ने दर्शकों के बीच अपना खूब जादू चलाया। श्रीलीला का करियर सिर्फ 5 साल पुराना है।






### ओयो नहीं देगा अनमैरिड कपल्स को अब रूम

**नईदिल्ली।** ओयो के जरिए होटल्स रूम बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव देखने को मिलने जा रहा है। कंपनी अपने पार्टनर होटल्स के लिए नई चेक-इन पॉलिसी लॉन्च की है। नई पॉलिसी के अनुसार अनमैरिड कपल्स (अविवाहित जोड़े) को कमरा नहीं दिया जाएगा। फिलहाल यह नया नियम उत्तर प्रदेश के मेरठ में लागू किया गया है। लेकिन आने वाले समय में इसे अन्य शहरों में भी लागू किया जा सकता है।

### एफडी में करना है इन्वेस्ट तो बेस्ट ऑप्शन

**नईदिल्ली।** भारतीय ग्राहकों के बीच अभी भी अपनी जमा पूंजी के सुरक्षित निवेश के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट एक शानदार ऑप्शन बना हुआ है। बता दें कि देश के कई बड़े प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर लैंडर अपने ग्राहकों को एफडी करने पर अधिकतम 8.75 पर्सेंट तक ब्याज दे रहे हैं। अगर आप भी अपनी जमा पूंजी को एफडी में निवेश करने की प्लानिंग कर रहे हैं तो यह खबर आपके काम की है।

# दिल्ली में 25 प्रतिशत डिस्काउंट पर मिल रहा मकान

## डीडीए की सस्ता घर स्कीम में लगेंगे स्पेशल कैंप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी (डीडीए) के सस्ता घर हाउसिंग स्कीम के लाभार्थियों के लिए स्पेशल कैंप लगाने की तैयारी हो रही है। डीडीए की पिछली बोर्ड मीटिंग में एलजी वी. के. सक्सेना ने इस स्कीम को मंजूरी दी थी। अब एलजी ऑफिस की तरफ से चीफ सेक्रेटरी को लेटर लिखा गया है कि लाभार्थियों की सुविधा के लिए स्पेशल कैंप लगाएं। इस स्कीम के तहत लोग 25 प्रतिशत डिस्काउंट पर घर ले सकेंगे।

स्कीम के तहत कंस्ट्रक्शन वर्कर, ऑटो-टैक्सी ड्राइवर, महिलाएं, वीर नारी, एक्स सर्विसमैन, दिव्यांग, गैलेंट्री और अर्जुन अवॉर्डी और एससी-एसटी को लाभ मिलेगा। यह स्पेशल कैंप दिल्ली बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वेल्फेयर बोर्ड के साथ लगाए जाएंगे। यह कैंप डीएमआरसी, एनसीआरटीसी, सीपीडब्ल्यूडी, एनएचएआई और अन्य लोकेशन पर लगेंगे, जिससे यहां काम करने वाले श्रमिक इस स्कीम का लाभ ले सकें। साथ ही बोर्ड की अन्य स्कीमों का लाभ भी ले सकें। स्कीम के तहत वर्कर, लेबर, झुग्गी में रहने वाले और किराये पर रहने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### लोन की सुविधा भी मिलेगी

राज्य सैनिक बोर्ड भी स्पेशल आउटरीच प्रोग्राम चलाएगा। इससे वीर नारी, एक्स सर्विसमैन और गैलेंट्री और अर्जुन अवॉर्डी के लिए स्कीम का लाभ लेना आसान हो जाएगा। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट इस तरह के स्पेशल कैंप ऑटो-टैक्सी ड्राइवरों के लिए बुराड़ी ट्रांसपोर्ट कार्यालय में लगाएगा। वहीं, दिल्ली शेड्यूल कास्ट फाइनेंस एंड डिवेलपमेंट कॉर्पोरेशन एससी-एसटी श्रेणी के आवेदकों को लोन सुविधा दिलाने में मदद करेगा।

### हर 15 दिन में देनी होगी रिपोर्ट

डब्ल्यूसीडी, सोशल वेल्फेयर डिपार्टमेंट और एससी-एसटी डिपार्टमेंट कैंप लगाएगा। हर कैंप साइट में डीडीए के संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे। इन अधिकारियों के पास स्कीम की पूरी जानकारी होगी। हर कैंप में संबंधित विभागों के एक नोडल अधिकारी भी मौजूद होंगे। डिपार्टमेंट्स को हर 15 दिनों में इन कैंप्स की रिपोर्ट चीफ सेक्रेटरी को देने को कहा गया है।

### स्पेशल कैंप से क्या फायदा

सस्ता घर स्कीम के तहत लाभार्थियों के लिए स्पेशल कैंप लगाना इसलिए जरूरी है, क्योंकि इससे उनके लिए आवेदन करना आसान हो जाएगा। जिस तबके के लिए ये स्कीम है, उनके पास अपनी रोजी-रोटी कमाने के अलावा इतना वक्त नहीं होता कि वे सरकारी दपतरों में जाकर फॉर्म भरें।

इसके अलावा ये भी आशंका होती है कि ऐसी स्थिति का कुछ दलालनुमा लोग भी फायदा उठाने लगते हैं। इससे इन लोगों को वित्तीय नुकसान भी हो सकता है। ऐसे में अगर कैंप लगाए जाते हैं तो ये लोग घर के समीप ही जाकर अपना आवेदन भी कर सकेंगे और उन्हें आवेदन के वक्त दिए जाने वाले दस्तावेजों के बारे में भी जानकारी मिल सकेगी।



## संक्षिप्त समाचार



### स्वामीनॉमिक्स : एक्सपोर्ट मतलब सिर्फ सामान भेजना नहीं, सर्विस ने तो कमाल ही कर दिया!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आपको लगता है कि निर्यात का मतलब जहाजों पर लदे सामान को भेजना है तो इस धारणा को भूल जाइए। नवंबर में पहली बार कॉमर्स मिनिस्ट्री ने सेवाओं के निर्यात का अनुमान 35.7 अरब डॉलर लगाया। यह व्यापारिक निर्यात 32.1 अरब डॉलर से अधिक है। कुल निर्यात में सबसे बड़ा योगदान सॉफ्टवेयर सेवाओं का रहा, जिसका हिस्सा 47 प्रतिशत रहा। लेकिन वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) का योगदान लगातार बढ़ रहा है। यह भारत की आर्थिक संरचना को बदल रहा है। सरकार मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने की बेताबी से कोशिश कर रही है। नई मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां 15 प्रतिशत कॉर्पोरेट टैक्स का भुगतान करती हैं। जबकि अन्य के लिए यह 22 प्रतिशत है। 14 मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना टैरिफ प्रोटेक्शन, उत्पादन से जुड़ी नकद सब्सिडी और प्रोत्साहन के अन्य रूपों की पेशकश करती है। इसका उद्देश्य नए अमेरिकी-चीन शीत युद्ध के बाद चीन से बाहर निकलने की इच्छुक वैश्विक कंपनियों के बड़े पैमाने पर प्रवेश को प्रेरित करना था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। ऐपल ही एकमात्र ऐसी कंपनी रही। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम का कहना है कि हम चीनी निवेश के बिना ग्लोबल वैल्यू चेन में प्रवेश नहीं कर सकते हैं, जिस पर अब तक सख्ती से अंकुश लगाया गया है।

**बिना प्रोत्साहन आई तेजी:** सेवा निर्यात के लिए ऐसा कोई प्रोत्साहन नहीं दिया जा रहा है। साल 1991 में यह लगभग शून्य था। इसके बाद आए आर्थिक सुधारों से इसमें तेजी आई। इस सेवा निर्यात ने व्यापारिक निर्यात को पीछे छोड़ना शुरू कर दिया है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल को उम्मीद है कि निकट भविष्य में सेवा निर्यात प्रति वर्ष एक ट्रिलियन डॉलर को छू लेगा।

**जीसीसी ने लिखी नई कहानी:** मैंने इन स्तंभों में तर्क दिया है कि एनडीए के दस वर्षों की सबसे बड़ी सफलता जीसीसी का उदय रहा है। हालांकि, यह वैश्वीकरण की सफलता है न कि किसी सरकारी नीति की (जो सेवाओं के बजाय विनिर्माण पर केंद्रित है)। बहुराष्ट्रीय कंपनियां मैन्युफैक्चरिंग के लिए भारत में नहीं आ रही हैं। लेकिन वे जीसीसी की ओर से प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए झुंड में आ रही हैं।

**121 अरब डॉलर का रेवेन्यू:** जीसीसी के लिए कोई अलग बैलेंस शीट नहीं है, जो एमएनसी का हिस्सा हैं। लेकिन पुणे के कंसल्टेंट विजमैटिक का अनुमान है कि 1500 से ज्यादा जीसीसी 32 लाख भारतीयों को रोजगार देते हैं। इनमें ज्यादातर इंजीनियर और वैज्ञानिक हैं। इनसे 121 अरब डॉलर का रेवेन्यू आता है और 102 अरब डॉलर का निर्यात करते हैं।

### इस साल क्रिप्टोकरेंसी बनाएगी रेकॉर्ड, 20000000 पहुंच सकती है एक बिटकॉइन की कीमत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप इस साल बेहतर रिटर्न के लिए निवेश के विकल्प तलाश रहे हैं तो क्रिप्टोकरेंसी उनमें से एक हो सकती है। जानकारों के मुताबिक साल 2025 में क्रिप्टोकरेंसी बेहतर रिटर्न दे सकती है। बात अगर सबसे महंगी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की करें तो यह रिटर्न का नया रेकॉर्ड बना सकती है। जानकारों के मुताबिक इस साल इसकी कीमत दो लाख डॉलर पार कर सकती है।

अमेरिका के प्रमुख इन्वेस्टमेंट बैंक ने बिटकॉइन को लेकर भविष्यवाणी की है। वेनराइट ने कहा है कि बिटकॉइन इस साल 225000 डॉलर (करीब दो करोड़ रुपये) पर पहुंच सकती है। साल 2024 में यह एक लाख डॉलर का आंकड़ा पार कर चुकी है। हालांकि अभी इसकी कीमत 98 हजार डॉलर से कुछ ज्यादा (करीब 84.24 लाख रुपये) है। एचसी वेनराइट के मुताबिक इस साल इसमें दोगुने से ज्यादा रिटर्न मिल सकता है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस महीने अपना पद संभालने जा रहे हैं। ट्रंप क्रिप्टोकरेंसी के काफी बड़े समर्थक माने जाते हैं। उन्होंने अपनी टीम में एलन मस्क समेत ऐसे कई लोगों को शामिल किया है जो क्रिप्टोकरेंसी के इस्तेमाल पर जोर देते रहे हैं। वेनराइट का कहना है कि ट्रंप क्रिप्टोकरेंसी के चलन के लिए अनुकूल माहौल पैदा कर सकते हैं। माना जा रहा है ट्रंप प्रशासन कुछ मामलों में बिटकॉइन और दूसरी कुछ क्रिप्टोकरेंसी में ट्रांजेक्शन की अनुमति दे सकता है। यही वजह है कि बिटकॉइन समेत दूसरी क्रिप्टोकरेंसी भी इस साल रॉकेट बन सकती हैं।

## दाल-अनाज की खपत पांच फीसदी घटी, भारतीयों की प्राथमिकता पोषण के बजाय साफ-सफाई और खूबसूरत दिखना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले 12 वर्षों में भारतीय परिवारों की खर्च प्राथमिकता में काफी बदलाव आया है। नतीजतन, ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में दालों और अनाज की खपत पांच फीसदी से अधिक घटी है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट बताती है कि लोग खाद्य के बजाय गैर-खाद्य पदार्थों पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। रिपोर्ट में सामने आए रुझान दर्शाते हैं कि भारतीय परिवारों को पोषक खानपान के बजाय साफ-सफाई और खूबसूरत दिखने के सौंदर्य प्रसाधनों पर खर्च करना ज्यादा पसंद आ रहा है। कपड़ों, जूतों जैसी चीजों पर खर्च करने में भी कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह रुझान आर्थिक विकास और जीवनशैली में बदलाव के कारण प्राथमिकताओं में आए बदलाव को दर्शाता है। शहरों के मुकाबले गांव ज्यादा तेजी से बदले शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों पर व्यय ज्यादा तेजी से घटा है। पिछले 12 वर्षों के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 5.86 फीसदी अंकों की गिरावट दर्ज की गई, जबकि शहरी क्षेत्र में यह आंकड़ा 2.94 फीसदी रहा। वहीं, गैर-खाद्य पदार्थों की बात करें तो ग्रामीण क्षेत्र में इस पर खर्च 5.86 फीसदी बढ़ा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह वृद्धि 2.94 फीसदी रही।

### खाद्य पदार्थों पर व्यय

ग्रामीण क्षेत्र = 52.9 फीसदी था 2011-12 में, जो 47.04 फीसदी रह गया 2023-24 में।

शहरी क्षेत्र = 42.62 फीसद था 2011-12 में और 2023-24 में 39.68 फीसदी रह गया।

### गैर-खाद्य पदार्थों पर व्यय

ग्रामीण क्षेत्र = 47.1 फीसदी (2011-12) की तुलना में 2023-24 में 52.96 पर पहुंच गया।

शहरी क्षेत्र = 57.38 फीसदी (2011-12) की तुलना में 2023-24 में 60.32 फीसदी हो गया।

## टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिले, राज्य के विकास पर हुई चर्चा

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने शनिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। दोनों लोगों ने राज्य के आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए टाटा ट्रस्ट और सरकार के बीच सहयोग पर चर्चा की।

सीएम फडणवीस ने दक्षिण मुंबई स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर हुई बैठक के बारे में ट्वीट कर जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, हमने विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की, ये वो क्षेत्र हैं जहां टाटा ट्रस्ट और महाराष्ट्र सरकार, राज्य के विकास को गति देने के लिए सहयोग कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने टाटा ट्रस्ट और राज्य सरकार के बीच मजबूत और स्थायी साझेदारी को बढ़ावा देने पर विश्वास व्यक्त करने के लिए टाटा को धन्यवाद दिया। नोएल टाटा ने पिछले वर्ष टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष का पद संभाला था। उन्होंने 9 अक्टूबर, 2024 को रतन टाटा के निधन के बाद उनका स्थान लिया था। टाटा ट्रस्ट के पास नमक से लेकर सॉफ्टवेयर बनाने वाले टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है।



## एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की यूनिट के हाथ लगा 1000 मेगावाट का सोलर प्रोजेक्ट




**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की सब्सिडियरी कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड को बड़ा सोलर प्रोजेक्ट मिला है। कंपनी उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की तरफ से मंगाई गई बोलियों सफल कंपनी बनकर उभरी है। 3 जनवरी 2025 को यूपीपीसीएल की तरफ से टैरिफ आधारित 2000 मेगावाट आइएसटीएस कनेक्टेड सोलर पीवी पावर प्रोजेक्ट्स के लिए बोलियां आयोजित की गई थी। एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी को 1000 मेगावाट की क्षमता का काम मिला है। जो कि 2.56 रुपये प्रति किलोवाट के हिसाब से तय हुआ है। अभी यूपीपीसीएल की तरफ से लेटर ऑफ अवार्ड का इंतजार किया जा रहा है।पिछले हफ्ते 27 दिसंबर को एनटीपीसी लिमिटेड ने बताया था कि 200 मेगावाट के सोलर प्रोजेक्ट के पहले पार्ट का संचालन शुरू कर दिया गया है। बता दें, यह प्रोजेक्ट भी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के पास ही है। एनटीपीसी ग्रुप ने अबतक 76,598.18 मेगावाट की क्षमता की है।

### शेयर बाजार में कंपनी की स्थिति अच्छी नहीं

शुक्रवार को एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयर बीएसई में 0.35 प्रतिशत की तेजी के साथ 128.35 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले एक महीने के दौरान एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयरों का भाव करीब 10 प्रतिशत टूटा है। कंपनी का 52 वीक हाई 155.30 रुपये और 52 वीक लो लेवल 111.60 रुपये है।

## सोमवार को फोकस में रहेंगे सुजलॉन एनर्जी के शेयर, मिला है नोटिस




**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयर फोकस में रहेंगे। इसके पीछे की वजह कंपनी को मिला इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से नोटिस है। कंपनी ने को अहमदाबाद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 1.01 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा है।

कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है कि यह डिमांड वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान पीएफ/ईएसआई में कर्मचारी कॉन्ट्रीब्यूशन में देरी से भुगतान से जुड़ा मामला है। सुजलॉन एनर्जी से नोटिस के खिलाफ अपील करने की तैयारी में है। कंपनी को उम्मीद है कि फैसला उनके पक्ष में आएगा।

### कंपनी को हुआ है 260 करोड़ रुपये का फायदा

इससे पहले सुजलॉन एनर्जी ने बताया था कि वित्त वर्ष 2015-16 और 2016-17 के लिए लगाए गए 260.35 करोड़ रुपये को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने माफ कर दिया। बता दें, यह पेनाल्टी कंपनी के सितंबर तिमाही के प्रॉफिट से भी अधिक था।

### पिछला एक महीना कंपनी के निवेशकों के लिए कैसा रहा

सुजलॉन एनर्जी के शेयरों की कीमतों में पिछले एक महीने के दौरान 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। शुक्रवार को कंपनी के शेयर बीएसई में बाजार के बंद होने के बाद 1.54 प्रतिशत की गिरावट के बाद 61.96 रुपये के लेवल पर था। पिछले एक साल में सुजलॉन एनर्जी के शेयरों की कीमतों में 63 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी का 52 वीक हाई 86.04 रुपये और 52 वीक लो लेवल 35.49 रुपये है। बता दें, सुजलॉन एनर्जी के शेयरों की कीमतों में 2 साल में 450 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है।

## मुकेश अंबानी की रिलायंस ने 3 बिलियन डॉलर का किया इंतजाम, 11 बैंकों ने दिया है लोन




**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने 11 बैंकों के एक कंसोर्टियम से 3 बिलियन डॉलर जुटाए हैं। यह पिछले दो वर्षों में रिलायंस का सबसे बड़ा बॉरोइंग डील है। द इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले महीने इस 5 वर्षीय लोन को लेने की डील फाइनल हुई थी। यह तीन महीने की सिक्योर ओवरनाइट फाइनेंसिंग रेट से 120 बेसिस प्वाइंट अधिक पर ब्याज पर लिया गया है। इसमें 450 मिलियन डॉलर जापानी येन में लिया गया था। बता दें कि दिसंबर में तीन महीने की एसओएफआर रेट लगभग 4.80 प्रतिशत थी। इसके अलावा 120 बेसिस प्वाइंट के साथ लोन पर ब्याज लगभग 6 प्रतिशत है। 3 बिलियन डॉलर का लोन मुख्य रूप से 2025 में मैच्योर होने वाले मौजूदा डेट को री-फाइनेंस करने के लिए है।

रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि कंपनी ने पहले ही लोन में से 700 मिलियन डॉलर का उपयोग कर लिया है और आवश्यकतानुसार चालू तिमाही में और अधिक फंड जुटाने की योजना बना रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस तिमाही के अंत में और अधिक बैंकों के सिंडिकेशन में शामिल होने की उम्मीद है।

### किस बैंक से कितना लोन

जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ अमेरिका के पास लोन का सबसे बड़ा हिस्सा 343 मिलियन डॉलर है। इसके अलावा डीबीएस बैंक और एचएसबीसी (प्रत्येक 300 मिलियन डॉलर), जापान का एमयूएफजी (280 मिलियन डॉलर) और भारत का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (275 मिलियन डॉलर) शामिल हैं। जापानी ऋणदाताओं स्टैंडर्ड चार्टर्ड, मिजुहो बैंक और एसएमबीसी में से प्रत्येक का 250 मिलियन डॉलर का लोन है।

### लगातार विस्तार कर रही रिलायंस

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने पिछले पांच वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा, दूरसंचार, खुदरा और मीडिया कारोबार में किए गए अधिग्रहणों पर करीब 13 अरब डॉलर खर्च किए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर किया कब्जा, शानदार 3-1 से जीत



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की रोमांचक सीरीज 3-1 से जीतकर एक दशक बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। इस ऐतिहासिक जीत ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड को यादगार बना दिया, जहां आखिरी टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत ने यह भी सुनिश्चित किया कि ऑस्ट्रेलिया जून में लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब की रक्षा करेगा।

**रोमांचक सीरीज में हर पल था दिलचस्प** –इस सीरीज का हर दिन क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक नई कहानी लेकर आया। हर सत्र में मुकाबला पल-पल बदलता रहा। जब भारत के तेज गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को परेशान किया, तो ऑस्ट्रेलिया ने अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी की रणनीतियों से जवाब दिया। इस मैच में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड गुलाबी रंग में रंगा हुआ था, क्योंकि यह ग्लेन मैकग्राथ की कैंसर चैरिटी का हिस्सा था।

**बुमराह की कमी और हेड-वेबस्टर की जोड़ी** – भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण सीरीज के अंत में मैदान पर नहीं उतर सके। उनका स्थान भरना मुश्किल था, लेकिन ट्रैविस हेड और डेब्यू करने वाले ब्यू वेबस्टर ने 58 रनों की नाबाद साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 162 रनों का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। वेबस्टर ने अपने डेब्यू मैच में विजयी चौका जड़कर शानदार शुरुआत की। हेड ने नाबाद 34 रन बनाए, जबकि वेबस्टर ने नाबाद 39 रन बनाए।

**भारत के संघर्षपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद** – भारत ने इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन कुछ चोटों और खराब फॉर्म के कारण अंत में सीरीज अपने नाम नहीं कर सका। कप्तान रोहित शर्मा खराब फॉर्म के कारण पांचवें टेस्ट से बाहर हुए और टीम की तरफ से रविचंद्रन अश्विन ने बीच सीरीज में संन्यास ले लिया। विराट कोहली भी इस सीरीज में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे।

### स्कॉट बोलैंड ने दिलाई यादगार जीत

ऑस्ट्रेलिया के 19 वर्षीय तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को सिडनी टेस्ट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने मैच में 45 रन देकर 6 विकेट चटकाए, जिसमें भारत के प्रमुख बल्लेबाजों को आउट करना शामिल था। उनका यह प्रदर्शन टीम के लिए निर्णायक साबित हुआ और ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### सैम कोंस्टास और स्मिथ की शानदार बल्लेबाजी

सिडनी में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास ने शानदार शॉट्स और बोल्ड बल्लेबाजी से अगले साल की एशेज सीरीज के लिए अपनी जगह पक्की कर ली। दूसरी ओर, स्टीव स्मिथ ने मेलबर्न में 140 रनों की शानदार पारी खेली, जिससे ऑस्ट्रेलिया की 184 रन की जीत सुनिश्चित हुई।

### एक ऐतिहासिक सीरीज

यह सीरीज भारत के लिए एक युग के अंत जैसी रही। हालांकि, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार उन्होंने 2018-19 के बाद ऑस्ट्रेलिया में जीत की राह नहीं पकड़ी। इस सीरीज में खिलाड़ियों की गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों का ही उत्कृष्ट प्रदर्शन देखा गया।

## बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी हारते ही, भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर



**सिडनी (एजेंसी)।** शीर्ष खिलाड़ियों की खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट में छह विकेट से हार के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल से बाहर हो गई जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ 10 साल बाद बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 3–1 से जीतकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई। बदलाव के कठिन दौर से गुजर रही भारतीय टीम को अब स्वदेश लौटने के बाद काफी आत्ममंथन करना होगा। वहीं गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अब 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया की नजरें जहां अब लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी मेस (गदा) जीते पर टिकी होंगी तो वहीं इस चैंपियनशिप की शुरुआत के बाद से यह पहला मौका होगा जब भारत फाइनल नहीं खेलेगा। भारतीय टीम पिछली दो बार की उप विजेता है। कप्तान जसप्रीत बुमराह पीठ में जकड़न के बावजूद अगर गेंदबाजी करने की स्थिति में होते तो 162 रन का लक्ष्य मुश्किल हो सकता था लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर इस स्कोर का बचाव करना लगभग असंभव था। बुमराह को पांच मैच में 32 विकेट चटकाने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया लेकिन भारत के लचर प्रदर्शन के लिए यह कोई सांत्वना की स्थिति नहीं थी।

### सीनियर खिलाड़ियों से बोले गावस्कर

## रणजी ट्रॉफी ना खेलने का कोई बहाना नहीं होना चाहिए

**सिडनी (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रविवार को भारतीय बल्लेबाजों से बिना किसी बहाने के रणजी ट्रॉफी में खेलने का आग्रह किया जिससे कि तकनीकी कमियों को दूर किया जा सके जिसके कारण न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम को लगातार दो श्रृंखला में हार झेलनी पड़ी।

गावस्कर ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई श्रृंखला में भारतीय बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन चिंताजनक है। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ स्वदेश में 0-3 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा था जबकि ऑस्ट्रेलिया में टीम को 1-3 से हार झेलनी पड़ी। गावस्कर ने कहा, '23 जनवरी को रणजी ट्रॉफी का अगला दौर है। देखते हैं कि इस टीम के कितने खिलाड़ी खेलते हैं। नहीं खेल पाने का कोई बहाना नहीं होना चाहिए।



उन्होंने कहा, 'अगर आप उन मुकाबलों में नहीं खेलते हैं तो गौतम गंभीर को उन खिलाड़ियों के खिलाफ कुछ कड़े फैसले लेने होंगे जो रणजी ट्रॉफी के लिए उपलब्ध नहीं हैं। गावस्कर ने कहा, 'गंभीर को कहना चाहिए कि तुम्हारे पास वह प्रतिबद्धता नहीं है। हमें प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। तुम खेल नहीं रहे हो। तुम जो करना चाहते हो, करो। लेकिन भारतीय क्रिकेट के लिए तुम टेस्ट टीम में वापस नहीं आ सकते।

गावस्कर ने कहा कि उपलब्ध अवसरों पर घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण भारतीय बल्लेबाजों के रवैये में खामियां आ गई हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने जो देखा वह तकनीकी कमियां थीं। यदि आप समान गलतियां कर रहे हैं और मैं केवल इस श्रृंखला के बारे में बात नहीं कर रहा हूं - मैं न्यूजीलैंड श्रृंखला के बारे में भी बात कर रहा हूं - आपने भारत में न्यूजीलैंड के खिलाफ क्या किया?

गावस्कर ने कहा कि आगामी 2025-2027 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र को देखते हुए घरेलू क्रिकेट महत्वपूर्ण हो जाता है और भारत को अब यशस्वी जायसवाल और नितीश कुमार रेड्डी जैसे युवा क्रिकेटरों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, 'वे भारत और खुद के लिए नाम कमाने के लिए भूखे हैं। ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है। आपको ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है जो अपने विकेट की रक्षा अपनी जान की तरह करें।

गावस्कर ने कहा, 'इसलिए मुझे दिलचस्पी है कि 23 जनवरी को रणजी ट्रॉफी मैचों में कौन खेलेगा? मैं यह देखना चाहता हूं। क्योंकि उस समय इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच होंगे। लेकिन जो लोग टी20 नहीं खेल रहे हैं वे रणजी ट्रॉफी मैच खेलेंगे या नहीं?

## सहवाग के छोटे बेटे ने भी दिखाया दमखम

### पांच मैचों में झटके 24 विकेट, अन्य प्लेयर्स आस-पास भी नहीं

**पटना (एजेंसी)।** भारत के पूर्व धमाकेदार ओपनर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यावीर सहवाग के दिल्ली अंडर-19 टीम के लिए मेघालय के खिलाफ कूच बिहार ट्रॉफी में 297 रन की विस्फोटक पारी खेलने के बाद सबका ध्यान अपनी खींचा था। अब सहवाग के छोटे बेटे वेदांत सहवाग भी सुर्खियों में हैं जिन्होंने विजय मर्चेंट ट्रॉफी के पांच मैचों में 24 विकेट लेकर अपनी शानदार ऑफ स्पिन का नमूना दिखाया है। सहवाग ने अपनी बेटे वेदांत का हौसला बढ़ाया है और सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए अपने बेटे की गेंदबाजी की तारीफ की। सहवाग ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'वेदांत सहवाग अच्छा खेले, 5 मैच 24 विकेट, बढ़िया काम।' वेदांत सहवाग की ओर से विजय मर्चेंट ट्रॉफी 2024-25 में कई शानदार स्पेल देखने को मिले और वह टूर्नामेंट में दिल्ली के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।



### अगर टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्धता है तो...

## बीजीटी सीरीज हार के बाद गंभीर का खिलाड़ियों को मैसेज

**सिडनी(एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने रविवार को कहा कि खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली में उत्कृष्ट प्रदर्शन की ललक है लेकिन उन्होंने इन दोनों के समेत सभी सीनियर खिलाड़ियों से घरेलू क्रिकेट खेलकर टेस्ट क्रिकेट के लिए अपनी प्रतिबद्धता साबित करने का आग्रह किया। दो बार विश्व कप विजेता रह चुके स्पष्टवादी गंभीर ने इसे लेकर भी कोई आश्वासन नहीं दिया कि रोहित या कोहली आगे टेस्ट टीम का हिस्सा होंगे या नहीं।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 1-3 से मिली हार के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल खेलने का मौका भी गंवा दिया। गंभीर ने कहा, 'अभी इस पर बात करने का समय नहीं है कि पांच महीने बाद हम कहां होंगे। खेल में बहुत कुछ बदलता है। फॉर्म बदलता है, लोग बदलते हैं, तेवर बदलते हैं, सब कुछ बदल जाता है। हमें पता है कि पांच महीने लंबा समय है।

उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला (जुलाई) के समय देखेंगे कि क्या होता है। लेकिन जो भी होगा, वह भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ हित में होगा। रोहित ने खराब फॉर्म के कारण आखिरी टेस्ट से खुद को बाहर रखने से पहले पांच पारियों में 31 रन बनाये जबकि कोहली नौ पारियों में 190 रन ही बना सके। कोहली आठ बार स्लिप में कैच देकर आउट हुए।

यह पूछने पर कि क्या वह चाहते हैं कि सीनियर खिलाड़ी 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी में कम से कम एक दौर खेलें, उन्होंने साफ तौर पर कहा, 'मैं हमेशा चाहता हूं कि सभी घरेलू क्रिकेट खेलें। घरेलू क्रिकेट को इतनी तवज्जो मिलनी चाहिए। सिर्फ एक मैच नहीं, अगर वे उपलब्ध हैं और टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्ध हैं तो हर किसी को घरेलू क्रिकेट खेलनी चाहिए। अगर आप घरेलू क्रिकेट को महत्व नहीं देते तो टेस्ट क्रिकेट के लिये वैसे खिलाड़ी कभी नहीं निकलेंगे जैसे चाहिए।



कोहली ने आखिरी बार 2012 में और रोहित ने 2015-16 में रणजी ट्रॉफी खेला था। रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर अटकलबाजी का हिस्सा बनने से इनकार करते हुए उन्होंने कहा कि वे दोनों ही तय करेंगे कि भारतीय क्रिकेट के लिये क्या सर्वश्रेष्ठ है। मैं किसी खिलाड़ी के भविष्य के बारे में बात नहीं कर सकता। यह उन्हें तय करना है लेकिन मैं इतना कह सकता हूं कि उनमें अभी भी भूख है, जुनून है। वे दृढ इंसान हैं और उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाते रहेंगे। वे जो भी तय करेंगे, भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ हित में तय करेंगे।


उन्होंने कहा, 'हर खिलाड़ी को पता होता है कि उसका खेल और अच्छे प्रदर्शन की भूख कितनी है। यह किसी भी खेल या पेशे में सबसे महत्वपूर्ण है। आप कितना उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहते हैं या आपके भीतर कितना जुनून है और आपके योगदान से टीम आगे जा रही है या नहीं। गंभीर ने कहा कि यह उनकी जिम्मेदारी है कि खिलाड़ियों के कद और अनुभव के बावजूद सभी के प्रति समान व्यवहार करे। उन्होंने कहा, 'अगर मैं दो या तीन के प्रति सही रहूं और दूसरों के प्रति नहीं तो मैं अपने काम के प्रति ईमानदार नहीं हूं।

उन्होंने कहा, 'तो अगर किसी खिलाड़ी ने पदार्पण नहीं किया है या कोई 100 टेस्ट खेल चुका है, मेरा काम सभी के प्रति समान बर्ताव करना है। अगर आप अपना काम ईमानदारी से कर रहे हैं तो सब ठीक होगा। ड्रेसिंग रूम को प्रसन्न रखने के लिए मुझे ईमानदार और सभी के प्रति निष्पक्ष होना होगा।

भारतीय कप्तान रोहित ने खराब फॉर्म के कारण खुद को पांचवें टेस्ट से बाहर रखा था जिसकी गंभीर ने तारीफ की। उनहोंने कहा, 'अगर कप्तान ने कोई फैसला लिया है तो किसी को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हमने जवाबदेही की बात की और इसकी शुरूआत शीर्ष से होती है। रोहित शर्मा ने पिछले मैच में इसकी शुरूआत की। यह पूछने पर कि इस दौरे पर हुई गलतियों को वह स्वीकार करते हैं, गंभीर ने कहा, 'सबसे पहली बात कि यहां बैठा यह व्यक्ति सबसे पहले गलतियों को स्वीकार करेगा। इसलिए इसकी चिंता मत कीजिये कि यहां गलतियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## अगर विराट कोहली का ऑस्ट्रेलिया में आखिरी टेस्ट था तो यह दुखद :पैट कमिंस

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने विराट कोहली को महान प्रतिस्पर्धी बताया जो खेल में नाटकीयता लाकर उसे जीवंत बनाता है और यह भी कहा कि अगर यह आस्ट्रेलिया का उनका आखिरी दौरा था तो उन्हें इसका दुख है। श्रृंखला के पहले मैच में शतक जमाने के बाद कोहली



पांच टेस्ट में आठ बार आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद से छेड़खानी करके स्लिप में कैच देकर आउट हुए हैं। भारतीय टीम का मौजूदा दौरा कोहली का आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा माना जा रहा है। कमिंस ने पांचवां टेस्ट छह विकेट से जीतने के बाद कहा, 'यह हमेशा शानदार मुकाबला रहता है। उसके रनों के अलावा वह खेल में नाटकीयता लेकर आता है जो कई बार अच्छा होता है और कई बार विरोधी को भड़का भी देता है जो उसकी रणनीति रहती है। उसके साथ खेलने का मजा आया। वह पिछले एक दशक से स्टार बल्लेबाज रहा है। अगर आप उसका विकेट लेते हैं तो जीतने में काफी मदद मिलती है। अगर यह उसकी आखिरी श्रृंखला है तो यह दुखद है।

कमिंस ने स्वीकार किया कि श्रृंखला के आखिरी दिन जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी से उन्हें फायदा मिला। उन्होंने कहा, 'हर बार जब भी उसने गेंदबाजी की, अपना प्रभाव छोड़कर महत्वपूर्ण विकेट लिए। इसमें कोई शक नहीं कि उसके नहीं खेलने से हमें फायदा मिला।% उन्होंने इसे भारतीय टीम का आंतरिक मसला बताया लेकिन इस पर हैरानी जताई कि रोहित शर्मा ने खराब फॉर्म के कारण खुद को आखिरी टेस्ट से बाहर रखा। उन्होंने कहा, 'जब कप्तान नहीं खेलता है तो हैरानी होती है। अश्विन के संन्यास के समय भी हमें हैरानी हुई लेकिन हमें उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। कमिंस ने कहा, 'आप बस यह देखते हैं कि आपको किस अंतिम एकादश का सामना करना है। उन्होंने भारत के खिलाफ मिली जीत को बहुत बड़ा बताया चूंकि पिछली दो बार वे भारत से घरेलू श्रृंखला हार चुके हैं। उन्होंने कहा, 'यह बहुत बड़ी जीत है। ऑस्ट्रेलिया में यह बहुत बड़ी श्रृंखला है।



## पीएम मोदी ने शतरंज खिलाड़ी हम्पी से मुलाकात के बाद उन्हें खेल जगत की महान हस्ती बताया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी से मुलाकात की और उन्हें 'खेल जगत की महान हस्ती' करार दिया जिन्होंने न्यूयॉर्क में फिडे महिला विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप अपने नाम की थी। हम्पी ने अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और इसे जिंदगी में एक बार मिलने वाला सौभाग्य बताया। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात के बाद ट्वीट किया, ''कोनेरू हम्पी और उनके परिवार से मिलकर खुशी हुई। वह एक खेल जगत की महान हस्ती हैं और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी तीक्ष्ण बुद्धि और अटूट दृढ़ स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने न सिर्फ भारत को गौरवान्वित किया है बल्कि उत्कृष्टता को भी नए सिरे से परिभाषित किया है। हम्पी ने रविवार को न्यूयॉर्क में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर भारतीय शतरंज के लिए एक शानदार वर्ष का समापन किया। हम्पी ने ट्वीट किया, ''अपने परिवार के साथ हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना बेहद सम्मान की बात है और यह जीवन में एक बार मिलने वाला सौभाग्य था।

## बीजीटी ट्रॉफी देने के लिए बॉर्डर के साथ गावस्कर को नहीं बुलाया, दिग्गज क्रिकेटर नाराज

**सिडनी(एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अपने और एलेन बॉर्डर के नाम पर दी जाने वाली ट्रॉफी ऑस्ट्रेलियाई टीम को प्रदान करने के लिए बुलाए नहीं जाने पर नाराजगी जताई है। ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में भारत को छह विकेट से हराकर 10 साल में पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती।

बॉर्डर ने आस्ट्रेलियाई टीम को ट्रॉफी प्रदान की जबकि उस समय मैदान पर मौजूद होने के बावजूद गावस्कर को बुलाया नहीं गया। गावस्कर ने बाद में कोड स्पोटर्स से कहा, 'मुझे पुरस्कार वितरण समारोह में जाकर खुशी होती। आखिरकार यह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी है और ऑस्ट्रेलिया तथा भारत से जुड़ी है। उन्होंने कहा, 'मैं मैदान पर ही था। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया को दी जा रही थी। उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और जीते। ठीक है। उन्होंने कहा, 'सिर्फ इसलिए कि मैं एक भारतीय हूं। अपने अच्छे दोस्त एलेन बॉर्डर के साथ ट्रॉफी प्रदान करके मुझे खुशी होती।



भारत और ऑस्ट्रेलिया 1996-97 से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेल रहे हैं। इस बार पांच मैचों की श्रृंखला में पिछले सप्ताह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अब तक का दर्शक संख्या का रिकॉर्ड टूटा है। भारत के लिए यह सीरीज हारने के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना भी खत्म हो गया।

## मैगनस कार्लसन और एला विक्टोरिया मालोन शादी के बंधन में बंधने को तैयार

**नॉर्वे (एजेंसी)।** शातरंज जगत से एक बड़ी खबर सामने आ रही है हालांकि यह शतरंज के बोर्ड की खबर नहीं है !दुनिया के महान शतरंज खिलाड़ी , पाँच बार के क्लासिकल विश्व चैम्पियन और हाल ही में ब्लिट्ज शतरंज विश्व चैंपियन बने मैग्नस कार्लसन इस सप्ताहांत एला विक्टोरिया मालोन से शादी करने जा रहे हैं। कार्लसन और मालोन पिछले एक साल में कई टूर्नामेंट्स में साथ नजर आए हैं। पहली बार ये जोड़ी फरवरी में जर्मनी में एक टूर्नामेंट के दौरान सार्वजनिक रूप से साथ दिखी। तब से, मालोन ने कई बार कार्लसन का साथ दिया है। अब, यह जोड़ी अपने रिश्ते को शादी में बदलने जा रही है।

**शादी की गोपनीयता** – यह शादी इस सप्ताहांत में होगी, लेकिन स्थान और समय को गुप्त रखा गया है ताकि वे शांति से अपने इस खास दिन का जश्न मना सकें। शादी की पुष्टि



कार्लसन और मालोन ने अपने दोस्त मैग्नस बारस्टाड के माध्यम से की है। हाल ही में, मैग्नस कार्लसन ने ब्लिट्ज शतरंज विश्व चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता, जिसे उन्होंने रूसी शतरंज खिलाड़ी यान नेपोमनियाची के साथ साझा किया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद कार्लसन ने कुल 18 विश्व खिताब अपने नाम कर लिए हैं।

**भविष्य में सिंगापुर या स्पेन में बस सकते है कर्सलन** – कार्लसन ने अक्टूबर में एक इंटरव्यू में कहा था कि वह भविष्य में नॉर्वे में पूर्णकालिक नहीं रहना चाहते। इसके पीछे उन्होंने अपनी और अपने परिवार की स्वतंत्रता को मुख्य कारण बतायाथा और स्पेन को अपनी पसंद की जगह । मालोन, जो सिंगापुर में पली-बढ़ी हैं, ने चेसबेस इंडिया के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि वह सिंगापुर को अपना घर मानती हैं और कार्लसन को भी वहां बसने के लिए मना रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मंगलुरु में डॉप्लर मौसम रडार का उद्घाटन जनवरी अंत तक होने की संभावना: आईएमडी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बेंगलुरु केंद्र के प्रमुख एन पुवियारासन ने कहा कि मंगलुरु में कर्नाटक के पहले सी बैंड डॉप्लर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) का काम 15 जनवरी तक पूरा होना था लेकिन कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण इसमें देरी होगी. आईएमडी के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चार जनवरी को आईएमडी बेंगलुरु द्वारा आयोजित कार्यशाला से इतर पुवियारासन ने पीटीआई-भाषा से कहा कि हमें उम्मीद है कि इस माह के अंत तक यह काम करना प्रारंभ कर देगा. कर्नाटक राज्य प्राकृतिक आपदा प्रबंधन केंद्र (केएसएनडीएमसी) के परिसर में हुई इस कार्यशाला में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, बेंगलुरु और कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बेंगलुरु के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के तकनीकी सत्र सहित दिन भर कई सत्र आयोजित किए गए. पुवियारासन ने यह भी कहा कि जरूरत अनुसार भूमि नहीं मिलने के कारण आईएमडी को यहां एस-बैंड डीडब्ल्यूआर स्थापित करने में मुश्किलें आई. एस-बैंड रडार 400 किलोमीटर के दायरे की कवरेज प्रदान करता है, जबकि सी-बैंड और एक्स-बैंड की क्षमता क्रमशः 250 किलोमीटर और 100 किलोमीटर है. पुवियारासन ने कहा कि हमें एक टावर और उसके साजो सामान के लिए कक्ष तैयार करने के लिए उचित स्थान की आवश्यकता है. उनके अनुसार शुरुआत में आईएमडी ने नंदी हिल्स में रडार लगाने की योजना बनाई थी, लेकिन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे के अनुरोध पर बेंगलुरु में उपयुक्त स्थान की तलाश शुरू कर दी गई है.

### प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी को जन्मदिन की बधाई दी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी को उनके 90वें जन्मदिन पर रविवार को बधाई दी और उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भाजपा के यशस्वी नेता आदरणीय डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी को उनके जन्मदिन पर बहुत-बहुत बधाई। वे पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, उनकी विद्वता, दीर्घकालिक अनुभव एवं राष्ट्रवादी विचार देश के लिए बेहद मूल्यवान हैं। मैं उनके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं। जोशी भाजपा के पूर्व अध्यक्ष हैं और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री भी रहे चुके हैं। वर्तमान में वह भाजपा के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनके जन्मदिन पर रविवार को बधाई दी और उनके लंबे व स्वस्थ जीवन की कामना की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी को जन्मदिन की बधाई। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।'' बनर्जी साल 2011 से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री हैं, उनकी गिनती देश में विपक्ष के प्रमुख नेताओं में होती है।

### अरुणाचल: 2024 में नाहरलागुन में 500 ग्राम से अधिक हेरोइन और सात किलोग्राम गांजा जब्त

**नाहरलागुन, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश के नाहरलागुन में पुलिस ने 2024 में 500 ग्राम से अधिक हेरोइन, सात किलोग्राम गांजा तथा अन्य मादक पदार्थ जब्त किए हैं और 91 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। नाहरलागुन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मिहिन गाम्बो ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह सफलता नाहरलागुन पुलिस द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन डॉन के तहत हासिल की गई। नाहरलागुन राज्य की राजधानी ईटानगर के निकट स्थित है। गाम्बो ने बताया, पुलिस ने विभिन्न तस्करों से 588.42 ग्राम हेरोइन, 7,042.5 ग्राम गांजा, 48 ग्राम लोराजेपाम और 233.81 ग्राम मॉर्फिन जब्त किया।

## सावरकर का संघर्ष-बलिदान कुछ लोगों को रास नहीं आया

# भाजपा महासचिव बोले- आजादी को लेकर गढ़ी गई कहानी



**चेन्नई, एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश में एक ऐसी कहानी गढ़ी गई है कि भारत को कुछ खास लोगों और आंदोलन की वजह से आजादी मिली। उन्होंने लोगों से भावी पीढ़ियों को दूरदर्शी वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और विरासत को सौंपने की अपील की।

उन्होंने दावा किया कि एक राजनीतिक पारिस्थितिकी तंत्र ने तीन या चार पीढ़ियों के लोगों को यह विश्वास दिला दिया है कि सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल और स्वामी विवेकानंद जैसे नेता मौजूद ही नहीं थे।

तमिलनाडु भाजपा सचिव एसजी सूर्या द्वारा यहां एक समारोह में सावरकर के जीवन पर लिखी गई एक किताब का विमोचन करने के बाद संतोष ने कहा, यह एक विडंबना है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को चित्रित करने के लिए वीर सावरकर पर एक किताब लिखनी पड़ी।

संतोष ने आरोप लगाया कि सावरकर का संघर्ष, समर्पण और बलिदान कुछ लोगों को रास नहीं आया जो स्वतंत्रता संग्राम के मुद्दे पर गोलमेज सम्मेलनों और अंग्रेजों के साथ बातचीत को तरजीह दे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि लोगों को यह विश्वास दिलाने के लिए एक तरह की कहानी गढ़ी गई कि हमें अपनी स्वतंत्रता कुछ खास लोगों और एक आंदोलन की वजह से मिली है।

भाजपा नेता ने कहा कि सावरकर को 27 साल तक जेल में रहना पड़ा। वह एक दूरदर्शी नेता और लेखक थे। उन्होंने लोगों को प्रेरित किया और उन्हें भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके इस कदम का विरोध इस दावे के साथ किया गया कि भारतीयों का इस्तेमाल दूसरे विश्व युद्ध में किया जाएगा। लेकिन संतोष ने कहा कि उनके रणनीतिक कदम ने भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना को मजबूत बना दिया और जब भारत ने अपनी स्वतंत्रता हासिल की, तो सशस्त्र बलों में भारतीयों की अच्छी खासी उपस्थिति थी।

## इंस्टाग्राम वाली दो दोस्तों को हुआ प्यार, शादी पर अड़ीं

**नोएडा, एजेंसी।** इंस्टाग्राम पर दोस्ती होने के बाद दो युवतियां शादी करने की जिद पर अड़ी हुई हैं। परिजनों से जान का खतरा बताते हुए दोनों शनिवार को नोएडा के फेज-3 थाने पहुंचीं। पुलिस की टीम ने काफी देर तक दोनों की काउंसलिंग की। इसके बाद भी युवतियां नहीं मानी और फिर से आने की बात कहकर थाने से चली गईं।

पुलिस के मुताबिक, नोएडा के मामूरा गांव में मध्य प्रदेश के जबलपुर और सहारनपुर की दो युवतियां साथ में रहती हैं। दोनों निजी कंपनी में काम करती हैं। करीब डेढ़ साल पहले दोनों की इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई। दोस्ती जल्द ही प्यार में बदल गई और दोनों के बीच मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान हो गया। करीब तीन महीने तक दोनों मोबाइल पर बात करती रहीं। इसके बाद दोनों ने साथ रहने का फैसला कर लिया और अपना शहर छोड़कर मामूरा में आकर रहने लगीं। दोनों ने शादी करने की कसम खा ली। कुछ दिन पहले जब युवतियों के परिजनों का पता चला कि दोनों समलैंगिक विवाह करना चाहती है तो इसका विरोध शुरू हो गया। घरवालों ने दोनों युवतियों को नौकरी छोड़कर घर आने को कहा। जबलपुर निवासी युवती का भाई नोएडा आने वाला है। इसके बाद दोनों युवती परेशान हो गईं और पुलिस को फोन कर दिया।

मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस कर्मियों ने काफी देर तक युवतियों को समझाया, लेकिन वो टस से मस नहीं हुईं। युवतियां जब अपना फैसला बदलने को तैयार नहीं हुईं तो पुलिस कर्मियों ने उनके परिजनों से संपर्क कर बातचीत करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने दोनों को सुरक्षा का भी आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों एक दूसरे को पति और पत्नी मान चुकी हैं।

दोनों युवतियों को जब परिजनों के साथ जाने को कहा गया तो एक सुर में उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया। युवतियों का कहना है कि अगर वे घर चली गईं तो उन्हें यहां आने नहीं दिया जाएगा। दोनों को एक दूसरे से अलग कर दिया जाएगा। दो युवतियों के बीच की अनोखी प्रेम कहानी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। पूर्व में भी अलग-अलग जनपदों में ऐसे मामले सामने आ चुके हैं।

## समाज के पुनर्निर्माण में कल्याण सिंह का अविस्मरणीय योगदान : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रविवार को कहा कि उनका समाज के पुनर्निर्माण में अविस्मरणीय योगदान है। योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' परपोस्ट कर कहा, ''उत्तर प्रदेश में सुशासन के संस्थापक, श्री राम मंदिर आंदोलन के अग्रदूत, राजस्थान के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय कल्याण सिंह 'बाबूजी' का समाज के पुनर्निर्माण में अविस्मरणीय योगदान है।'' उन्होंने कहा, ''उन्होंने (कल्याण सिंह) अपने जीवन का एक-एक क्षण समाज व राष्ट्र की सेवा में समर्पित किया था। सेवा, सुशासन और सामाजिक न्याय हेतु सदैव समर्पित रहे पद्म विभूषण श्रद्धेय 'बाबूजी' की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!'' प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पद्म विभूषण से सम्मानित आदरणीय कल्याण सिंह जी को जयंती पर श्रद्धापूर्ण नमन !'' मौर्य ने कहा, ''बाबूजी का जीवन उनके सिद्धांतों, निडरता एवं लोक सेवा के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक रहा। उनका न कोई पछतावा, न कोई पश्चाताप, न कोई दुःख, न ही कोई शोक का मूलमंत्र उनकी गंभीरता तथा आत्मिक सत्यता का प्रतीक रहने के साथ-साथ हम सभी का राष्ट्रोत्थान व सांस्कृतिक पुनः जागरण के प्रति मार्गदर्शन करता रहेगा।'' उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री और राजस्थान के राज्यपाल रहे कल्याण सिंह का जन्म पांच जनवरी 1932 को अलीगढ़ जिले में हुआ था और 21 अगस्त 2021 को उन्होंने अंतिम सांस ली।

## मुस्लिम समाज की पहल से बनेगा भारत सांप्रदायिक सौहार्द का वैश्विक प्रतीक: इंद्रेश कुमार



**लखनऊ, एजेंसी।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उत्तर प्रदेश की एक ऐतिहासिक बैठक गांधी स्मृति हाल, कैसरबाग में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम ने सांप्रदायिक सौहार्द और धार्मिक संवाद की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाते हुए विवादित धार्मिक स्थलों पर समाधान खोजने का आह्वान किया गया। इस मौके पर संघ के वरिष्ठ नेता और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि देश के मुसलमानों को राष्ट्रहित में आगे आना होगा। काशी, मथुरा और सम्भल के विवाद पर इंद्रेश कुमार ने कहा कि मुस्लिम समाज को पहल दिखानी होगी और कुरान और हदीस की रोशनी में बड़े फैसले करने होंगे। मुस्लिम समाज अपनी जिम्मेदारी समझे और संवाद से काशी, मथुरा और सम्भल जैसे स्थलों पर विवाद खत्म करे। इस्लाम में जबरन कब्जे की इजाजत नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि धर्म के नाम पर कब्जा और हिंसा इस्लामिक उसूलों के खिलाफ हैं। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से इन स्थलों को हिंदू समाज को सौंपने की अपील की, ताकि भारत सांप्रदायिक सौहार्द का वैश्विक उदाहरण बने। साथ ही साथ इंद्रेश कुमार ने कहा कि मुसलमानों को वैसी पार्टियों और संगठनों को पहचान कर दूरी बनानी होगी जो उन्हें वोट बैंक समझ कर बेचने, बहकाने, बरगलाने और लड़ाने का काम करते हैं। डॉ. कुमार ने धार्मिक विवादों को हल करने के लिए मुस्लिम समाज से आत्ममंथन और संवाद की पहल करने को कहा। उन्होंने कुरआन और हदीस का हवाला देते हुए कहा कि जबरन कब्जे की जमीन पर बनी मस्जिदें नाजायज हैं। इस्लाम अमन और इंसाफ का मजहब है। विवादों का हल संवाद और सहमति से निकाला जाना चाहिए। बैठक में वक्फ संपत्तियों पर हो रहे कब्जों और उनके सही उपयोग पर चर्चा हुई। डॉ. कुमार ने वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि यह कानून मुस्लिम समाज की भलाई और पारदर्शिता के लिए है। वक्फ संपत्तियों को समाज सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए उपयोग में लाना चाहिए। बैठक में मंच के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजाल, सैयद रजा हुसैन रिजवी, डॉ. शालिनी अली, इस्लाम अब्बास, ठाकुर राजा रईस, डॉ. ताहिर शाह, तुषारकांत, आलोक चतुर्वेदी, डॉ. अली जफर, फरीद साबरी, डॉ. अनिल सिंह, डॉ. रिजवाना, कोमल नेहा, रुखसाना नकवी, गौसिया खानम, शेर खान, कौसर जहां, डॉ. तौकीर खान, और फिरोज अब्बासी समेत 700 से अधिक लोगों ने भाग लिया। मंच का संचालन राजा हुसैन रिजवी ने करते हुए कई महत्वपूर्ण बातें रखीं जो मुस्लिम समाज के लिए काफी अहम हैं। उनके अलावा शिक्षाविदों, मुफ्तियों, मौलानाओं और बुद्धिजीवियों ने भी विचार साझा करते हुए सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ाने के लिए सुझाव दिए। डॉ. कुमार ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम समाज को भारत की एकता और अखंडता के लिए नेतृत्व करना होगा। उन्होंने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का यह उद्देश्य है कि भारत सांप्रदायिक सौहार्द, विकास और अमन का वैश्विक आदर्श बने। यह तभी संभव है जब हम पुरानी गलतियों से सबक लेकर समाधान के रास्ते पर बढ़ें।

यह बैठक एक स्पष्ट संदेश लेकर आई कि अब मुस्लिम समाज को विवादों को सुलझाने में पहल करनी होगी और भारत को सांप्रदायिक सद्भाव का विश्व आदर्श बनाना होगा।

## जॉर्ज सोरोस को अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान देंगे बाइडेन

### व्हाइट हाउस बोला- उन्होंने दुनियाभर में लोकतंत्र को मजबूत किया; कुल 19 लोग होंगे सम्मानित



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन आज शनिवार को व्हाइट हाउस में 19 लोगों को प्रतिष्ठित प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित करेंगे। यह अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। इनमें विवादों में रहने वाले बिजनेसमैन जॉर्ज सोरोस का नाम भी शामिल है। सोरोस के अलावा इस लिस्ट में पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन, फुटबॉल सुपरस्टार लियोनल मेस्सी, फैशन डिजाइनर राल्फ लॉरेन, एक्टर डेंजेल वॉशिंगटन जैसे दिग्गजों का भी नाम है। जिन लोगों को पुरस्कार मिला है वे राजनीति, खेल, एंटरटेनमेंट, ह्यूमन राइट्स, विज्ञान जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं। इस लिस्ट में सोरोस का नाम जोड़ने को लेकर व्हाइट हाउस ने बयान भी दिया है।


जॉर्ज सोरोस को इसलिए सम्मानित किया जा रहा है क्योंकि उन्होंने दुनियाभर में ऐसे संगठन का समर्थन किया है जो लोकतंत्र, मानवाधिकार, शिक्षा और सामाजिक न्याय को मजबूत करते हैं। जॉर्ज सोरोस अमेरिकी अरबपति और वामपंथी विचारक हैं। उन पर भारत सरकार को अस्थिर करने के लिए विपक्ष के साथ साजिश रचने का आरोप लग चुका है। जॉर्ज सोरोस का जन्म 12 अगस्त, 1930 को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुआ था। जॉर्ज पर दुनिया के कई देशों की राजनीति और समाज को प्रभावित करने का एजेंडा चलाने का आरोप है। सोरोस की संस्था 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' ने 1999 में पहली बार भारत में एंट्री की।

## इंग्लैंड के अस्पतालों में तेजी से बढ़ रहे फ्लू के मामले, एनएचएस ने जारी की चेतावनी

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के अस्पतालों में फ्लू के मामलों में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। सरकारी स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि फ्लू से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या एक महीने पहले के मुकाबले चार गुना अधिक हो गई है। इसे देखते हुए नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) ने फ्लू का टीका लगवाने की चेतावनी जारी की है।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले सप्ताह के अंत में अस्पतालों में फ्लू से पीड़ित 5,000 मरीजों का इलाज चल रहा था, जो कि 2023 में इसी समय की तुलना में लगभग 3.5 गुना ज्यादा है। हालांकि, यह 2022 के मुकाबले उतना ज्यादा नहीं है। रॉयल कॉलेज ऑफ इमरजेंसी मेडिसिन के प्रमुख ने बताया कि अस्पतालों पर दबाव अस्वीकार्य रूप से भयानक है, और फ्लू उन्हें टूटने के कगार पर पहुंचा रहा है। यह चेतावनी इस सप्ताह के अंत में होने वाले ठंडे मौसम के कारण कमजोर रोगियों और स्वास्थ्य प्रणाली पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर दी गई है। एनएचएस के राष्ट्रीय नैदानिक निदेशक (तत्काल एवं आपातकालीन देखभाल) प्रोफेसर जूलियन रेडहेड ने कहा कि आंकड़े दर्शाते हैं कि नए साल के शुरू होने से पहले फ्लू का दबाव कम होने के करीब भी नहीं है। पिछले सप्ताहांत में, अस्पतालों में प्रतिदिन 5,000 से अधिक मामले सामने आ रहे थे, और यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सप्ताह के अंत से पहले पूरे इंग्लैंड में अधिक ठंड पड़ने की संभावना है। कम तापमान कमजोर लोगों या श्वसन संबंधी समस्याओं वाले लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है। नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) यूके के अनुसार, फ्लू अक्सर अपने आप ठीक हो जाता है।

## यूनुस सरकार का बड़ा फैसला, अवामी लीग के शासनकाल में हुए आम चुनावों की जांच करेगा चुनाव आयोग



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने पिछले सभी चुनावों में कथित अनियमितताओं और गड़बड़ियों की जांच कराने का फैसला किया है। इसमें 2014, 2018 और 2024 में अवामी लीग के शासन के दौरान विवादास्पद रहे तीन पिछले चुनाव भी शामिल हैं। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने अपनी खबर में बताया कि एक बैठक के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ए.एम.एम. नसीरूद्दीन ने सभी दस क्षेत्रीय चुनाव अधिकारियों को चुनाव प्रणाली में गिरावट की जांच करने और विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। सीईसी ने लिखित निर्देश जारी कर क्षेत्रीय अधिकारियों से पिछली अनुमितताओं और गड़बड़ियों की पहचान करने और उनके परिणामों की रिपोर्ट चुनाव आयोग के सचिवालय को सौंपने को कहा।

2014, 2018 और 2024 के आम चुनावों इतिहास में सबसे विवादास्पद माना जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसके सहयोगी दलों ने 2014 के चुनाव का बहिष्कार किया था, जिसके कारण एकतरफा मतदान हुआ और 153 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए थे, जो देश के चुनावी इतिहास एक अभूतपूर्व घटना थी। इसी तरह 2018 चुनाव में धांधली के आरोप लगे, जिसमें बीएनपी और उसके सहयोगियों ने केवल सात सीटें जीतीं। इसके बाद 2024 के आम चुनाव में भी बीएनपी और समान विचारधारा वाले दलों ने भाग लेने परहेजा।

## मालदीव ने वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट को झूठा बताया

### इसमें दावा- मोदी सरकार ने मुइज्जू का तख्तापलट करने की कोशिश की



**माले, एजेंसी।** मालदीव ने वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट को झूठा करार दिया है। भारत के दौरे पर आए मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने शनिवार को एक न्यूज चैनल से इंटरव्यू में कहा कि कुछ लोग दोनों देशों के रिश्तों में दरार डालना चाहते हैं। हमने वो खबर देखी है। हमें नहीं पता कि उन्हें ये जानकारी कहां से मिली।

खलील ने कहा- ये रिपोर्ट फर्जी, झूठी और बेबुनियाद है। इस रिपोर्ट में कोई सच्चाई नहीं है। मालदीव और भारत सरकार दोनों समझते हैं कि हम आपस में अच्छे और मजबूत रिश्ते रखने के लिए काम कर रहे हैं। अब्दुल्ला खलील भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की थी। इस दौरान भारत-मालदीव के बीच द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने की बात हुई। जयशंकर ने कहा कि भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा रहा है।

भारत ने शुक्रवार को इस रिपोर्ट को झूठा बताया था और वॉशिंगटन पोस्ट की साख पर सवाल उठाए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था- आप उनकी एक्टिविटी में एक पैटर्न देख सकते हैं। मैं उन पर यकीन करने या फिर न करने का काम आप पर छोड़ता हूं। जहां तक हमारा सवाल है, हम मानते हैं कि उनकी साख नहीं है। रिपोर्ट में दावा- भारत ने चुनाव प्रभावित करने की कोशिश की 30 दिसंबर को छपी वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत ने मालदीव में हुए चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की थी। मोदी सरकार, भारत समर्थक इब्राहिम सोलिह को चुनाव जिताना जाहती थी। जब मुइज्जू ने चुनाव जीत लिया तो मोदी सरकार ने भारत समर्थक नेता को मालदीव का राष्ट्रपति बनाने की कोशिश की थी।

इसमें यह भी दावा किया गया था कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ ने मालदीव के विपक्षी पार्टी के नेताओं से राष्ट्रपति मुइज्जू को हटाने पर चर्चा भी की थी। वॉशिंगटन पोस्ट ने दावा किया था कि उसके पास डेमोक्रेटिक रिन्यूअल इनिशिएटिव नाम के कुछ दस्तावेज मौजूद हैं। इनमें मुइज्जू को सत्ता से हटाने की प्लानिंग है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129